11 अप्रैल, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 171

खिलाड़ियों के प्रशिक्षण एवं विकास से संबंधित कार्य शीघ्र पूरा करें : सुदिव्य

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing
Post Basic B. Sc. Nursing
B.Sc. Nursing
GNM (General Nursing And Midwifery)
ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT
DMLT
OT ASSISTANT
ECG
OPHTHALMIC ASST.
CRITICAL CARE (ICU)
RADIO-IMAGING
ANESTHESIA TECH.
DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM
B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

राज्य में खेलों के लिए बेहतर वातावरण बनाया जायेगा: हेमंत

- मुख्यमंत्री से युवा इंडिया ट्रस्ट की टीम ने की मुलाकात
- राज्य में फुटबॉल की भी बड़ी प्रतियोगिता आयोजित करने की है योजना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन से गुरुवार को आवासीय कार्यालय में युवा इंडिया ट्रस्ट की टीम ने मुलाकात की। उन्होंने रांची जिला के ओरमांझी में गरीब बच्चियों की शिक्षा, लाइफ स्किल प्रोग्राम और फुटबॉल प्रशिक्षण को लेकर चलाये जा रहे कार्यक्रमों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बच्चियों के बेहतर भविष्य के लिए कई योजनाएं चला रही है। यहां की बच्चियां आगे बढ़ें, एक मुकाम हासिल करें, इसके लिए सरकार हर कदम पर सहयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने ओरमांझी जैसे छोटे इलाके में रहने वाली बच्चियों की खेल प्रतिभा की पहचान कर उन्हें तराशने के लिए ट्रस्ट द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की ।

खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दे रही है सरकार : मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की ताकत खेल है। यहां के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा और प्रदर्शन से राज्य को गौरवान्वित किया है। हमारी सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार कदम उठा रही है। आज हर पंचायत में खेल मैदान बनाये जा रहे हैं। खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है। खिलाड़ियों को नौकरी देने के साथ सम्मानित करने की परंपरा शुरू की गयी है। राज्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कई खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, ताकि यहां खेलों के प्रति एक बेहतर वातावरण बनने के साथ खिलाड़ियों को आगे आने का मौका मिले।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का हो रहा आयोजन : मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कई खेल प्रतियोगिताओं का सफल और शानदार आयोजन करता आ रहा है। हॉकी में हमने अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई टूर्नामेंट आयोजित कर मिसाल पेश की है, जिसकी सराहना देश और दुनिया ने की है। अब फुटबॉल के भी बड़े आयोजन करने की योजना है, ताकि यहां के फुटबॉल खिलाड़ियों को एक बेहतर माहौल दिया जा सके।

ऊंची उड़ान के लिए सपने जरूर देखें

हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड के बच्चे-बच्चियों में खेलों से आत्मीय लगाव देखने को मिलता है। उनके पास संसाधनों की कमी होती है, लेकिन खेलों के प्रति दीवानगी देखते ही बनती है। मुख्यमंत्री ने बच्चियों से कहा कि अगर आपको ऊंची उड़ान भरनी है, तो सपने जरूर देखना चाहिए। जब आप सपना देखेंगी, तभी आगे बढ़ने का रास्ता मिलेगा। काम कोई भी छोटा या बड़ा नहीं होता है। आप किसी भी क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकती हैं। लेकिन जिस भी क्षेत्र में जायें, वहां ईमानदारी से मेहनत करें। आपके कार्यों से आपको निश्चित तौर पर अलग पहचान मिलेगी। उन्होंने बच्चियों से कहा कि हर किसी के लिए जिंदगी चुनौतीपूर्ण होती है। इन्हीं चुनौतियों के बीच हमें अपने को स्थापित भी करना होता है। किसी भी परिस्थिति में घबरायें नहीं। अपने मनोबल को हमेशा बनाये रखें, आपको सफलता जरूर मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने बच्चियों से की बातचीत

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर पढ़ाई के साथ फुटबॉल का प्रशिक्षण ले रही बच्चियों से सीधा संवाद कर उनके अनुभवों को जाना। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जतायी कि आप जैसी बच्चियां फुटबॉल में झारखंड का नाम रोशन करेंगी। इस दौरान बच्चियों ने भी मुख्यमंत्री से सवाल पूछ कर अपनी जिज्ञासाओं को शांत किया। मुख्यमंत्री को युवा इंडिया ट्रस्ट के निदेशक फ्रांज गैसलर ने बताया कि रांची के ओरमांझी में ट्रस्ट की ओर से तीन तरह के कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं । इन कार्यक्रमों को सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के द्वारा भी मदद की जा रही है। इसके तहत यहां गरीब बच्चियों के लिए स्कूल संचालित किया जा रहा है, जहां कक्षा दो से 12वीं तक की पढ़ाई होती है। वहीं, 600 बच्चियों को फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अलावा लाइफ स्किल्स वर्कशॉप के जरिये बच्चियों के लिए स्वास्थ्य, करियर, कैंपस प्लेसमेंट आदि को लेकर इवेंट होते हैं। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट द्वारा खूंटी जिले में नया कैंपस बनाया जाना है। मुख्यमंत्री ने ट्रस्ट को भरोसा दिलाया कि सरकार की ओर से इसमें हरसंभव सहयोग किया जायेगा। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में युवा इंडिया ट्रस्ट के निदेशक फ्रांज गैसलर, चाइल्ड डेवलपमेंट ऑफिसर निहारिका, युवा स्कूल की प्रिंसिपल श्रुति, लाइफ स्किल प्रोग्राम की को-ऑर्डिनेटर अंकिता के साथ कई बच्चियां शामिल थीं।

न्यूज रील्स

दिल्ली में लैंडिंग के बाद पायलट की मौत

नयी दिल्ली। एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट की दिल्ली में कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गयी। यह घटना इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गुरुवार को उस समय हुई, जब पायलट श्रीनगर-दिल्ली फ्लाइट की लैंडिंग के बाद एयरपोर्ट में अन्य औपचारिकताएं कर रहा था। एयरलाइन के मुताबिक, लैंडिंग के बाद पायलट को परेशानी होनी शुरू हो गयी थी। थोड़ी देर बाद वह बेहोश होकर गिर गया। पायलट को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बंगाल में नये वक्फ कानून पर हिंसा मामले में 22 गिरफ्तार

कोलकाता। वक्फ संशोधन कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में आठ अप्रैल को हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने 22 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से आठ आरोपियों को आगे की जांच के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। जंगीपुर के पुलिस अधीक्षक आनंद रॉय ने बताया कि हिंसा को लेकर पुलिस ने अपने आप संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। उन्होंने बुधवार को इलाके का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया।

भारत लाया गया मुंबई हमले का आरोपी आतंकी तहव्वुर राणा

अमेरिका से लाने में झारखंड कैडर के दो आइपीएस की अहम भूमिका

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/नयी दिल्ली। मुंबई हमले की साजिश रचने वाले आतंकी तहव्वुर राणा को गुरुवार को अमेरिका से भारत लाया गया। तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत लाने वाला विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर उतरा। यहां से तहव्वुर को सीधे एनआइए हेडक्वार्टर ले जाया गया। एनआइए हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। दिल्ली में हाइ अलर्ट घोषित किया गया है। राणा को कोर्ट में पेश करने के बाद मेडिकल टेस्ट कराया गया। बताते चलें कि जांच एजेंसी एनआइए और खुफिया एजेंसी रॉ की एक संयुक्त टीम तहव्वुर को लेकर आयी है। इसमें झारखंड कैडर के दो आइपीएस अधिकारी आइजी आशीष बत्रा और डीआइजी जया राय की अहम भूमिका रही है।

तिहाड़ जेल में हाइ सिक्योरिटी वार्ड में रखा जायेगा तहव्वुर : प्राप्त जानकारी के अनुसार राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाइ सिक्योरिटी वार्ड में रखा जायेगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिये हैं। उसे कब और किस वार्ड में रखा जायेगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जायेगा। उधर, एनआइए ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को सजा दिलाने के लिए कई सालों तक लगातार कोशिशें करने के बाद गुरुवार को सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित कर लिया गया। भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण समझौते के तहत शुरू की गयी कार्यवाही के तहत राणा को अमेरिका में न्यायिक हिरासत में रखा गया था। राणा ने प्रत्यर्पण रोकने के लिए सभी कानूनी रास्ते आजमाये, लेकिन आखिरकार उसका प्रत्यर्पण हो गया।

एनआइए में तैनात हैं दोनों अधिकारी

आइजी आशीष बत्रा और डीआइजी जया राय, दोनों केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं और एनआइए में पदस्थापित हैं। तहव्वुर राणा को भारत लाने की जो प्रक्रिया थी, उसे पूरा करने में इन्होंने अहम भूमिका निभायी। आशीष बत्रा 1997 बैच के आइपीएस हैं और जया राय 2011 बैच की। आशीष बत्रा पिछले पांच सालों से एनआइए में पदस्थापित हैं। झारखंड में वह रांची, जमशेदपुर और हजारीबाग एसपी के अलावा आइजी अभियान के पद पर काम कर चुके हैं। आइपीएस जया राय झारखंड के जामताड़ा की रहने वाली है। वह झारखंड में कई जिलों में एसपी के पद पर काम कर चुकी है। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने के बाद वह एनआइए में डीआइजी के पद पर पदस्थापित हैं। झारखंड में पदस्थापन के दौरान जया राय ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की थी।

गुमला में नाबालिग लापता, लव जिहाद की आशंका

थाना में शिकायत दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग लड़की को मुस्लिम युवक द्वारा बहला-फुसला कर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग लड़की के पिता ने गुरुवार दिन के 11 बजे गुमला थाना को आवेदन देते हुए बेटी को बरामद करने की गुहार लगायी है।

आवेदन में पिता ने बताया है कि बेटी गुमला के एक प्लस टू कॉलेज में इंटर की छात्रा है। बुधवार को कॉलेज गयी थी। छुट्टी के बाद 1:30 बजे फोन कर उसने बताया कि वापस आने में देरी होगी, क्योंकि ऑटो नहीं मिल रहा है। इसके बाद वह घर ही नहीं आयी। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ है। पिता ने संदेह जताया है कि बेटी को एक मुस्लिम लड़का बहला-फुसला कर भगा ले गया है।

20 तीर्थंकर की निर्वाण भूमि पर महावीर जयंती की धूम

गाजे-बाजे के साथ निकली शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती गुरुवार को पूरे देश में धूमधाम से मनायी गयी। जैन धर्म के विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल सम्मेद शिखर मधुबन (यहां 24 में से 20 तीर्थंकर ने मोक्ष की प्राप्ति की थी) में भी इसकी धूम रही। यहां गुरुवार की सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में देश-विदेश से पहुंचे श्रद्धालु भगवान महावीर की आराधना में जुटे रहे। यहां की 20 पंथी कोठी, 13 पंथी कोठी, जैन श्वेतांबर सोसायटी, अनिंदा पार्श्वनाथ समेत विभिन्न संस्थाओं में सुबह से आराधना शुरू हुई। सुबह में शांति धारा के बाद शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा के साथ कई झांकियां भी निकाली गयीं। इसके बाद अनिंदा पार्श्वनाथ में भगवान का अभिषेक किया गया। यहां विभिन्न संस्थाओं के द्वारा भंडारा का भी आयोजन किया गया, जबकि देर शाम से कई स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

गिरिडीह शहर में भी शोभायात्रा

गिरिडीह शहर और सरिया में भी शोभायात्रा निकाली गयी। शहर के बड़ा चौक स्थित दिगंबर जैन मंदिर से गुरुवार को प्रभात फेरी निकाली गयी। जिसमें काफी संख्या में महिला, पुरुष एवं बच्चे शामिल हुए। प्रभात फेरी टुंडी रोड, गद्दी मोहल्ला होते हुए वापस जैन मंदिर में समाप्त हुई। शोभायात्रा के दौरान भगवान महावीर को पालकी पर बैठाया गया था, जबकि भक्त पूरे भाव के साथ भगवान को याद कर झूम रहे थे। जैन मंदिर में शोभायात्रा पहुंचने के बाद भगवान का अभिषेक भी किया गया।

नये वक्फ कानून पर 16 को सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता में उच्चतम न्यायालय के तीन न्यायाधीशों की पीठ वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर 16 अप्रैल को सुनवाई करेगी। सर्वोच्च अदालत की वेबसाइट पर इस संबंध में जानकारी दी गयी है। इसमें उपलब्ध जानकारी के अनुसार जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन भी याचिकाओं पर सुनवाई करने वाली इस पीठ में शामिल होंगे।

वक्फ संशोधन कानून के फायदे गिनायेगी भाजपा

राज्य स्तर के नेताओं की वर्कशॉप

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। वक्फ संशोधन कानून को लेकर जहां कई राज्यों में विरोध हो रहा है, वहीं भाजपा ने इसके फायदे गिनाने का अभियान शुरू किया है। इसे नाम दिया गया है, 'वक्फ जागरण अभियान।' इसके तहत भाजपा पहले अपने कार्यकताओं को वर्कशॉप के जरिए वक्फ संशोधन कानून की बारीकियां बतायेगी और प्रशिक्षित कार्यकर्ता मुस्लिम समुदाय के बीच जाकर उनके सवालों का जवाब देंगे। अगर उनके मन में कोई भ्रम है तो उसे दूर करने की कोशिश करेंगे।

हर राज्य में बनाये गये संयोजक और सह संयोजक

भाजपा ने इसके लिए देश भर में हर प्रदेश के संयोजक और सह संयोजक बनाये हैं। गुरुवार को इन सभी संयोजक और सह संयोजक की वर्कशॉप आयोजित की गयी। जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजीजू ने सहित कई सीनियर भाजपा नेताओं ने अपनी बात रखी और अलग-अलग प्रदेशों से आये पार्टीज़ नेताओं के बताया कि कैसे उन्हें लोगों तक अपनी बात पहुंचानी है। अब ये प्रदेश संयोजक और सहसंयोजक जिला स्तर पर प्रशिक्षण देंगे।

पलामू के युवक ने ड्रीम 11 में जीते तीन करोड़

आइपीएल में गुजरात और राजस्थान रॉयल में टीम पर लगाया था 49 रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। ड्रीम11 में टीम बनाकर लोग करोड़ों रुपये जीत रहे हैं। इसी बीच पलामू जिले के रवि मेहता ने भी तीन करोड़ जीत लिया है। रवि ने ड्रीम 11 में मात्र 49 रुपये लगाकर तीन करोड़ जीते हैं। रवि मेहता गांव में ही एक छोटी सी किराना दुकान चलाते हैं। वह आठ सालों से ड्रीम 11 में टीम बनाकर किस्मत आजमा रहे थे। आखिरकार इस बार किस्मत ने उनका साथ दिया। रवि मेहता मेदिनीनगर के सदर प्रखंड के कौड़िया के तेलियाबांध के रहने वाले हैं। उन्होंने गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स में टीम बना कर तीन करोड़ रुपये जीताकर सबको चौंका दिया। उनकी इस बड़ी जीत की खबर सामने आते ही पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गयी और उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया।

अब तक पांच लाख रुपये हारा था

रवि कुमार ने बताया कि वह 2018 से ड्रीम 11 में टीम बनाते थे। अब तक ड्रीम 11 में पांच लाख से अधिक रुपये हार चुके हैं। बुधवार को गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स में टीम बनायी और तीन करोड़ रुपये जीते। जीतने के बाद उन्होंने एक करोड़ रुपये ड्रीम 11 से अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया है। बाकी पैसे 24 घंटे के बाद खाते में ट्रांसफर होगा। रवि के माता-पिता ने कहा कि रवि को किराना दुकान का सामान लाने के लिए पैसा देते थे, लेकिन वह प्रति दिन ड्रीम 11 में टीम बना कर कुछ पैसा हार जाता था। कई बार हम लोग रवि को मना भी करते थे, लेकिन रवि नहीं माना। धीरे-धीरे वह दुकान में बैठ कर टीम बनाता रहा और आज मेरा बेटा तीन करोड जीत गया। उनके माता-पिता ने कहा कि वे इस पैसे से कुछ जमीन खरीदेंगे और व्यापार को बढ़ायेंगे।

मणिपुर में विवादित जगह पर सामुदायिक झंडा फहराने से तनाव

इम्फाल। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में दो जनजातियों के बीच हुए विवाद की वजह से बुधवार को 17 अप्रैल तक कर्फ्यू लगाया गया। जोमी और हमार जनजाति के बीच मंगलवार को विवादित जगह पर अपने-अपने समुदाय के झंडे फहराने को लेकर तनाव पैदा हो गया था। यह विवादित जगह वी मुनहोइह और रेंगकाई गांवों के बीच है। वी मुनहोइह और रेंगकाई के साथ ही कांगवाई, समुलामलान और संगाइकोट में भी कर्फ्यू लगाया गया है। हालांकि, इन इलाकों में सुबह 6 बजे से 5 बजे शाम तक कर्फ्यू में छूट दी गयी है। बुधवार को कलेक्टर ने दोनों गांवों के लोगों की बैठक ली। इस दौरान दोनों समुदायों ने कहा कि यह विवाद जातीय नहीं जमीन का है। बैठक में लोगों से शांति बनाये रखने और अफवाहें न फैलाने की अपील की गयी। इससे पहले दोनों जनजातियों के बीच 18 मार्च को झंडा हटाने को लेकर हिंसा हुई थी। इस हिंसा में हमार जनजाति के रोपुई पाकुमटे नामक व्यक्ति की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गये थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 11 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in

भारत की ताकत का प्रतीक है तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण

■ कूटनीतिक जीत है मुंबई आतंकी हमले के आरोपी को भारत लाया जाना

■ आसान नहीं है अमेरिका समेत पश्चिमी देशों से आतंकवादियों का प्रत्यर्पण

आजाद सिपाही विशेष

26/11 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को भारत लाया जा चुका है। भारत के इस पहले नंबर के दुश्मन का समय अब तिहाड़ जेल में बीतेगा, जहां उसकी सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किये गये हैं। तहव्वुर राणा का भारत लाया जाना या यूं कहें कि अमेरिका सरकार द्वारा इसे भारत को सौंपना कोई मामूली घटना नहीं है। यह आतंकी अमेरिका में छुपा हुआ था, लेकिन भारत के दबाव में अमेरिका को इस आतंकी को भारत को सौंपना पड़ा। यह नया भारत है, जो झुकता नहीं, झुकाता है। यह भारत की कूटनीतिक जीत और दुनिया भर में उसके बढ़ते दबदबे का प्रतीक है। तहव्वुर राणा को लेकर भारत ने इंतजार किया, लेकिन हार नहीं मानी। उसका प्रत्यर्पण भले देर से हुआ हो, पर यह संदेश साफ है कि भारत की कूटनीति ने फिर साबित किया कि हम अन्याय के सामने न तो झुकते हैं, न ही रुकते हैं, हम डटकर सामना करते हैं। भारत के दबदबे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तहव्वुर राणा को लेकर जैसे ही विशेष विमान दिल्ली पहुंचा, पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर तहव्वुर हुसैन राणा से पल्ला झाड़ लिया। उसने तहव्वुर राणा से खुद को अलग करते हुए कहा कि उसने बीते दो दशक से पाकिस्तान के अपने दस्तावेजों को रिन्यू नहीं करवाया है। अब वह पूरी तरह से कनाडाई नागरिक है। राणा का प्रत्यर्पण इसलिए भी महत्वरपूर्ण है, क्योंकि किसी भारत विरोधी आतंकी को अमेरिका ने पहली बार भारत को सौंपा है। इसके साथ ही अब इस बात की उम्मीद बंधने लगी है कि दुनिया भर में छिपे भारत के दुश्मनों और दूसरे भगोड़ों को भी भारत लाया जा सकेगा। क्या है तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के मायने और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

मुंबई हमलों के मुख्य आरोपी तहव्वुर राणा अब भारत के शिकंजे में है। उसे अमेरिका से भारत ले आया जा चुका है और अब उसके गुनाहों का हिसाब भारत की अदालत में भारतीय कानूनों के अनुसार होगा। इस दौरान इस पाकिस्तानी आतंकी का दिन तिहाड़ जेल में बीतेगा। तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण देश की कूटनीति की बड़ी जीत है। तहव्वुर राणा को भारत लाना काफी मुश्किल था, लेकिन दो तथ्यों ने आतंकी के भारत प्रत्यर्पण को आसान बना दिया।

गृह मंत्री अमित शाह के कार्यालय ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अमित शाह की ओर से पोस्ट करके लिखा, जिन लोगों ने भी भारत की जमीन और भारत के लोगों के साथ दुर्व्यवहार किया है, उन सभी को देश के कानून के अधीन भारत लाना भारत सरकार का दायित्व है। तहव्वुर राणा की वापसी मोदी सरकार की कूटनीति की बहुत बड़ी सफलता है, क्योंकि जिन सरकारों के शासन में बम धमाके हुए, वे उसे वापस नहीं ला पाये।

दोहरे खतरे के सिद्धांत का बखूबी किया सामना

राणा के प्रत्यर्पण का पहला फैक्टर है कानूनी दांव-पेच। दरअसल तहव्वुर राणा ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दोहरे खतरे सिद्धांत का हवाला दिया था। इसके तहत किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए एक से अधिक बार सजा नहीं दी जा सकती। तहव्वुर राणा ने तर्क दिया कि मुंबई आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में वह अमेरिका में सजा काट चुका है। ऐसे में उसे अब भारत प्रत्यर्पित करना दोहरे खतरे के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। हालांकि भारत का प्रतिनिधित्व एक मजबूत कानूनी टीम कर रही थी, जिसने अपने तर्कों से तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण से बचने की हर कोशिश को नाकाम कर दिया।

प्रत्यर्पण का यह घटनाक्रम राणा के लिए एक बड़े कानूनी झटके के बाद हुआ है। पिछले सप्ताह प्रक्रिया को रोकने का उसका अंतिम प्रयास विफल हो गया, जब अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने उसके आपातकालीन आवेदन को अस्वीकार कर दिया, जिससे उसे भारतीय हिरासत में स्थानांतरित करने का रास्ता साफ हो गया। 64 वर्षीय राणा लॉस एंजिल्स के मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में बंद था।

27 फरवरी को उसने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की एसोसिएट जस्टिस एलेना कगन के समक्ष बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के लंबित मुकदमे के लिए स्थगन के लिए आपातकालीन आवेदन दायर किया था, जिन्होंने बाद में पिछले महीने अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था।



भारत की बढ़ती कूटनीतिक ताकत का सबूत

राणा के प्रत्यर्पण का दूसरा फैक्टर है भारत का बढ़ता हुआ कूटनीतिक प्रभाव। वास्तव में तहव्वुर राणा का भारत प्रत्यर्पण भारत की बढ़ती हुई कूटनीतिक पहुंच, इसके अमेरिका के साथ मजबूत संबंधों का सबूत है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पूर्व की बाइडन सरकार या मौजूदा ट्रंप सरकार दोनों ने ही तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण को मंजूरी दी। ट्रंप ने तो अपने एक बयान में साफ कर दिया था कि तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जायेगा। तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण में कई बार मुश्किलें भी आयीं, लेकिन भारत ने अमेरिका के साथ अपने कूटनीतिक संबंधों का फायदा उठाते हुए उन मुश्किलों को समाप्त कर दिया।

कौन है तहव्वुर हुसैन राणा

तहव्वुर राणा एक पाकिस्तानी-कनाडाई नागरिक है, जो पाकिस्तानी सेना में भी काम कर चुका है। तहव्वुर राणा को आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के लिए काम करने के लिए दोषी पाया गया था। वह साल 2009 से अमेरिका की जेल में बंद था। अब भारत लाकर उसे 2008 के मुंबई हमले के मामले में न्याय के कटघरे में लाया जायेगा। तहव्वुर राणा पेशे से डॉक्टर रह चुका है। इसे भारत के प्रति गहरी दुश्मनी रखने वाला एक कट्टरपंथी बताया जाता है। वह पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आइएसआइ) के मेजर इकबाल के साथ निकट संपर्क में था, जब वह हमले की योजना बनाने में मदद कर रहा था। राणा ने हमले को योजना के अनुसार अंजाम देने के लिए दुबई के रास्ते मुंबई की यात्रा की। उसने हमले को सफल बनाने की योजना में हेडली का भरपूर साथ दिया।

तहव्वुर राणा पर क्या है आरोप?

राणा पर 26/11 के मुंबई हमले में भूमिका का आरोप है। तहव्वुर राणा को पाकिस्तानी-अमेरिकी लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जुड़ा हुआ माना जाता है, जो 2008 में मुंबई पर हुए आतंकवादी हमले के मुख्य साजिशकताओं में से एक है। साल 2008 में मुंबई आतंकवादी हमलों में छह अमेरिकियों सहित कुल 166 लोग मारे गये थे। इस हमले में 10 पाकिस्तानी आतंकवादियों ने 60 घंटे से अधिक समय तक मुंबई में अलग-अलग जगहों पर हमला और धमाका किया था और लोगों की हत्या की थी।

ऐसे हुआ तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण

भारत ने पहली बार दिसंबर 2019 में राणा के प्रत्यर्पण का अनुरोध किया। उसके बाद जून 2020 में भी औपचारिक अनुरोध किया। भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत बाइडेन प्रशासन ने इसे मंजूरी दे दी। राणा ने अमेरिकी अदालतों में प्रत्यर्पण के खिलाफ लड़ाई लड़ी, लेकिन उसकी अपीलें खारिज कर दी गयीं। 21 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने भी उनकी याचिका खारिज कर दी, जिससे उसके प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया था।

भाजपा नेता अनिल टाइगर हत्याकांड के खुलासे का पुलिस का दावा

देवव्रत शाहदेव ने 10 एकड़ जमीन को लेकर करायी थी हत्या

चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची पुलिस ने भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या का खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस का दावा है कि अनिल टाइगर की हत्या 10 एकड़ जमीन को लेकर हुई। उनकी हत्या पहले जमीन पर कब्जे का विरोध करने और फिर कब्जा करने वालों से प्रति डिसमिल 50 हजार रुपये की मांग करने के कारण हुई। इस मामले में देवव्रत नाथ शाहदेव नामक एक व्यक्ति का नाम सामने आया है, जिसने अनिल टाइगर की हत्या करायी। पुलिस ने इस कांड में संलिप्त चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है।

बताते चलें कि भाजपा नेता अनिल टाइगर की 26 मार्च को कांके चौक पर अपराधियों ने गोली मारकर कर हत्या दी थी। इस घटना के विरोध में भाजपा और आजसू ने 27 मार्च को रांची बंद का आह्वान किया था। डीआइजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में इस हत्याकांड के खुलासे की बात कही। उन्होंने बताया कि घटना में देवव्रत नाथ शाहदेव, अभिषेक सिन्हा, रोहित वर्मा, अमन सिंह, जिशान अख्तर, मनीष, चौरसिया और अजय कुमार रजक की भूमिका पायी गयी है। इनमें से चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में अमन सिंह, मनीष चौरसिया, जिशान अख्तर और अजय कुमार शामिल है। घटना में शामिल बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकाने पर छापेमारी कर रही है।

देवव्रत ने तान दिया पिस्टल: दिसंबर 2023 में देवव्रत के पक्ष में हरमू निवासी विनोद पासवान नाम के व्यक्ति ने अनिल टाइगर से विवाद को खत्म करने के लिए अपने घर पर बैठक करायी। जहां अनिल ने प्रति डिसमिल 50 हजार की दर से 4.5 करोड़ रुपये की मांग की। साथ ही कहा कि पैसे नहीं मिलने पर जमीन कब्जा और बिक्री का विरोध करते रहेंगे। बैठक के दौरान ही देवव्रत और अनिल के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद देवव्रत ने अनिल को धमकी देते हुए उन पर पिस्टल तान दिया था।

जमीन पर कब्जे का विरोध कर रहे थे अनिल टाइगर

एसएसपी ने बताया कि पुलिस की जांच में पता चला है कि 10 एकड़ जमीन पर देवव्रत नाथ शाहदेव के द्वारा कब्जा किया जा रहा था। ग्रामीण इसका विरोध कर रहे थे और भाजपा नेता अनिल टाइगर ग्रामीणों का सहयोग से कर रहे थे। इस दौरान देवव्रत नाथ शाहदेव और अनिल टाइगर के बीच कई बार वार्ता हुई, जो विफल रही। वार्ता के दौरान ही वर्ष 2023 के अगस्त माह में देवव्रत नाथ शाहदेव द्वारा उक्त भूमि पर चहारदीवारी का निर्माण कर जबरन दखल-कब्जा किया जा रहा था। अनिल टाइगर ने ग्रामीणों के सहयोग से देवव्रत नाथ शाहदेव को जमीन कब्जा करने से रोक दिया था।

अनिल के खिलाफ दर्ज करायी गयी थी प्राथमिकी

देवव्रत नाथ शाहदेव ने उक्त भूमि के केयर टेकर दिलीप कुमार मुंडा से कांके थाना में अनिल टाइगर सहित आठ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी (कांड संख्या-215/2023) दर्ज करायी थी। प्राथमिकी में 40-50 अज्ञात लोगों को भी अभियुक्त बनाया गया था। सभी पर मारपीट, तोड़फोड़ करने और रंगदारी मांगने का आरोप लगाया गया था। साथ ही देवव्रत का अपने सहयोगियों के माध्यम से उस जमीन पर दखल-कब्जा करने एवं बिक्री करने का प्रयास जारी रहा। उधर, अनिल टाइगर का विरोध भी चलता रहा। इसके परिमाणस्वरूप देवव्रत न ही भूमि पर कब्जा कर पा रहा था और न ही बेच पा रहा था।

मामला नहीं सुलझा, तो हत्या की योजना बनायी

एसएसपी ने बताया कि जमीन पर दखल-कब्जा नहीं होने और उसकी बिक्री नहीं हो पाने के कारण देवव्रत शाहदेव को आर्थिक नुकसान हो रहा था। इसी वजह से देवव्रत ने अनिल टाइगर को रास्ते से हटाने के लिए उनकी हत्या करने की योजना बनायी।

लाठीचार्ज में मृत प्रेम महतो के परिजनों से मुलाकात की

दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को बोकारो के नावाडीह प्रखंड अंतर्गत धावाटांड़ गांव का दौरा किया। यहां उन्होंने हाल ही में हुए लाठीचार्ज में मारे गये प्रेम कुमार महतो के परिजनों से मुलाकात की और अपनी संवेदना व्यक्त की। गौरतलब है कि बीते दिनों बोकारो में विस्थापित अप्रेंटिस संघ के सदस्यों द्वारा प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा किये गये लाठीचार्ज में प्रेम कुमार महतो की मृत्यु हो गयी थी। इस घटना को लेकर राज्यभर में आक्रोश का माहौल है। बाबूलाल मरांडी ने मौके पर जाकर न सिर्फ परिजनों को ढांढस बंधाया, बल्कि घटना की जानकारी ली। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए सरकार से सवाल पूछा कि आखिर शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर इस तरह की बर्बर कार्रवाई क्यों की गयी। उन्होंने मांग की कि दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो और पीड़ित परिवार को समुचित मुआवजा मिले। मरांडी ने कहा कि भाजपा मृतक के परिवार के साथ है और न्याय के लिए हरसंभव लड़ाई लड़ी जायेगी।

डॉ एसपी सिंह को आजसू ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में गुरुवार को अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के कार्यकारी अध्यक्ष रह चुके पूर्व कुलपति डॉ एसपी सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

इस अवसर पर पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने डॉ सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किया और कहा कि बुद्धिजीवी मंच के पदाधिकारी के रूप में डॉ एसपी सिंह का लंबे समय तक पार्टी से जुड़े रहे। शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। हिमालयन यूनिवर्सिटी, ईटानगर और वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के कुलपति के साथ उन्होंने सीआइटी, टाटीसिलवे के निदेशक और जेएन कॉलेज के प्राचार्य के रूप में अपनी सेवाएं दी। पार्टी के बुद्धिजीवी मंच के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में उन्होंने उल्लेखनीय योगदान किया। उनकी ख्याति देश-विदेश में थी। श्रद्धांजलि समारोह सभा में पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, राजेंद्र शाही मुंडा, सोहेल शाह, बनमाली मंडल, कौशिक चांद, डॉ मुकुंद मेहता सहित पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	35.2 °c	21.5 °c
सूर्यास्त (आज) :		18.09 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.33 बजे

सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप की तैयारियां शुरू, मंत्री ने किया निरीक्षण

खिलाड़ियों के प्रशिक्षण एवं विकास से संबंधित कार्य शीघ्र पूरा करें : सुदिव्य

खिलाड़ियों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 का आयोजन होना है। इसके मद्देनजर राज्य के खेलकूद, युवा कार्य, कला-संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने गुरुवार को रांची स्थित खेल इंफ्रास्ट्रक्चर और खिलाड़ियों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी लेने हेतु विभिन्न खेल परिसरों का दौरा किया। मंत्री सुदिव्य कुमार ने मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम का निरीक्षण कर आगामी सैफ एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 की तैयारियों की समीक्षा की और निर्देश दिया कि आयोजन से पूर्व स्टेडियम की सभी आधारभूत संरचनाओं एवं सुविधाओं को सुदृढ़ किया जाये। उन्होंने खेल विभाग को रांची जिला प्रशासन से फुटबॉल ग्राउंड का हैंडओवर शीघ्र प्राप्त कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली अबुआ सरकार झारखंड में खेलों को नयी ऊंचाई देने और खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध है। हमारा प्रयास है कि राज्य के प्रतिभावान खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गौरवशाली प्रदर्शन करें और झारखंड और देश का नाम रोशन करें। उन्होंने मोरहाबादी इंडोर बैडमिंटन स्टेडियम का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा पूर्व में दिये गये निर्देशों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाये।

उन्होंने खेल विभाग द्वारा संचालित हाई परफॉर्मेंस सेंटर का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने फिटनेस उपकरणों एवं अन्य तकनीकी संसाधनों का अवलोकन किया तथा खिलाड़ियों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। इसके अतिरिक्त मंत्री ने खेलगांव परिसर में स्थित एथलेटिक्स स्टेडियम, इंडोर स्टेडियम और बैडमिंटन स्टेडियम का निरीक्षण किया और Jharkhand State Sports Promotion Society (जेएसएसपीएस) के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने जेएसएसपीएस द्वारा प्रस्तुत प्रेजेंटेशन के माध्यम से संस्था की कार्ययोजना की समीक्षा की।

मंत्री सुदिव्य कुमार ने निर्देश दिया कि खेलगांव परिसरों के जीर्णोद्धार और खिलाड़ियों के प्रशिक्षण एवं विकास से संबंधित सभी कार्यों को तेजी से पूरा किया जाये। उन्होंने कहा कि खेलगांव को इस रूप में विकसित किया जाये कि यह भविष्य में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के आयोजन हेतु पूरी तरह सक्षम हो। इस दौरान संबंधित विभाग के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

श्री राम जानकी तपोवन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष और सदस्य सीएम से मिले

शिला पूजन कार्यक्रम में शामिल होने का दिया निमंत्रण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में श्री राम जानकी तपोवन मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत ओम प्रकाश शरण एवं सदस्य प्रणय कुमार, प्रीति वर्मा, अयोध्या दास तथा मिथिलेश कुमार ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को 14 अप्रैल को श्री राम जानकी तपोवन मंदिर के नवनिर्माण हेतु आयोजित होनेवाले शिला पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई ने बाबा मंदिर में की पूजा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई गुरुवार को देवघर में सपरिवार बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ उन्हें संकल्प कराया। इसके बाद उन्होंने द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर पूजा की। देवघर एयरपोर्ट पर झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस सुजीत नारायण मिश्र और जस्टिस आनंद सेन के साथ देवघर के डीसी विशाल सागर ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। डीसी विशाल सागर ने उन्हें स्मृति चिह्न और बाबा बैद्यनाथ का प्रसाद भेंट किया।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** – आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** – समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** – आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी।
- **कर्क** – काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** – कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** – बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** – कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** – चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** – आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** – नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** – रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** – किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव 13 को

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव 13 अप्रैल को सुबह नौ बजे से होगा। इसमें प्रांतीय अध्यक्ष के चयन हेतु दिववार्षिक चुनाव सत्र 2025-27 संपूर्ण झारखंड के विभिन्न 23 ज़िलों एवं पांच अनुमंडल में संपन्न होगा। यह जानकारी प्रांतीय महामंत्री रवि शंकर शर्मा ने दी। प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल ने बताया कि चुनाव के सफल संचालन मुख्य चुनाव पदाधिकारी विनय सरावगी एवं सहचुनाव पदाधिकारी राजकुमार मारू, प्रदीप बाकलीवाल, अशोक पुरोहित को मनोनीत किया गया है। चुनाव समिति की देखरेख में चुनाव का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। बता दें कि प्रांतीय अध्यक्ष के चुनाव सत्र 2025-27 हेतु प्रांतीय अध्यक्ष के निर्वाचन में कुल 5106 मतदाता, जो विशिष्ट संरक्षक सदस्य, संरक्षक सदस्य एवं आजीवन सदस्य हैं, वह मतदान करेंगे। सत्र 2022-24 के प्रांतीय महामंत्री रवि शंकर शर्मा ने कहा कि 11 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे से वार्षिक आमसभा हरमू रोड स्थित झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन, प्रांतीय कार्यालय, सिटी मॉल, तृतीय तल, रांची में आयोजित होगी। उन्होंने सम्मेलन के समस्त सम्मानित सदस्यों से आग्रह किया कि वे आमसभा में शामिल हों।

सिसई के दो युवकों का शव टाटीसिलवे में मिला

मौके से बाइक और हथियार भी बरामद

हादसा या हत्या जांच में जुटी है रांची पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/गुमला। रांची जिले के टाटीसिलवे थाना क्षेत्र में एक गड्ढे से दो युवकों संदीप साहू और गोपाल साहू का शव बरामद किया गया है। सड़क निर्माण के लिए बनाये गये गड्ढे से दोनों युवकों का शव बरामद किया गया है। मामला हत्या का है या हादसे का, फिलहाल अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। दोनों ही बिंदुओं पर जांच की जा रही है। मामला संदेहास्पद मौत का इसलिए भी है, क्योंकि मौके से एक हथियार भी बरामद किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली कि सड़क निर्माण के लिए बनाये गये एक गड्ढे में बाइक सहित दो युवक मृत पड़े हुए हैं। इसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दोनों मृतकों को गड्ढे से बाहर निकाला गया। इसी दौरान एक मृतक के पास से एक रिवॉल्वर बरामद किया गया।

पुलिस के द्वारा दोनों मृतकों की पहचान कर ली गयी है। एक की पहचान संदीप साहू, जबकि दूसरे की पहचान गोपाल साहू के रूप में हुई है। दोनों मृतक गुमला के सिसई थाना क्षेत्र के डरहा गांव के रहने वाले हैं। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि दोनों युवक हथियार लेकर गुमला से रांची किस उद्देश्य से आया हुआ था या फिर उनकी हत्या कर मामले को हादसा दिखाने की कोशिश की गयी है।

डीएसपी (हेडक्वाटर) अमर कुमार पांडेय ने बताया कि घटना की जांच में जुटी पुलिस ने दोनों युवकों के परिजनों को मामले की जानकारी दे दी है। गुमला पुलिस से भी दोनों युवकों का डिटेल मंगवाया गया है। जांच की कार्रवाई फिलहाल जारी है।

उधर युवक के परिजनों ने बताया कि बुधवार की रात 10 बजे दोनों कहीं जाने की बात कह कर घर से निकले थे। सुबह दोनों का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई।

झारखंड सचिवालय में चार दिन की छुट्टी बैंक भी बंद रहेंगे

रांची (आजाद सिपाही)। शुक्रवार 11 अप्रैल को एक दिन के लिए सचिवालय खुला रहेगा। इसके बाद शनिवार और रविवार को सामान्य छुट्टी के कारण सचिवालय बंद रहेगा। इसके बाद 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के कारण सचिवालय में छुट्टी रहेगी। सचिवालय के कई कर्मियों ने तो पहले ही शुक्रवार के लिए भी लीव ले ली है। इससे कर्मियों को एक साथ लगातार 5 दिनों की छुट्टी मिल जायेगी। महावीर जयंती के कारण झारखंड समेत विभिन्न राज्यों में बैंक भी बंद हैं। कल (11 अप्रैल) बैंक खुला रहेगा। इसके बाद लगातार तीन दिनों तक बैंक भी बंद रहेंगे। बैंक से संबंधित आवश्यक कार्यों को कल याद से निपटा लें, अन्यथा तीन दिनों के बाद ही आपका काम पूरा हो पायेगा।

घुसपैठियों और वक्फ के समर्थन में प्रस्ताव पारित करे झामुमो : भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के आगामी महाधिवेशन को लेकर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने गुरुवार को झामुमो पर आदिवासियों के नाम पर केवल राजनीतिक दिखावा करने का आरोप लगाया और मांग की कि पार्टी अधिवेशन के मंच से स्पष्ट रूप से बतायें कि वह आदिवासियों की जमीन की रक्षा करना चाहती है या तुष्टिकरण की राजनीति को आगे बढ़ाना चाहती है। उन्होंने कहा कि झामुमो बार-बार आदिवासी हितों की बात करती है, लेकिन जब जमीन पर उनकी सुरक्षा की बात आती है, तो पार्टी चुप्पी साध लेती है। केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में पारित वक्फ संशोधन कानून ने शेड्यूल पांच में आनेवाली आदिवासी जमीनों को वक्फ एक्ट के दायरे से पूरी तरह बाहर रखा है। यह कानून उन आदिवासियों के लिए एक क्रांतिकारी सुरक्षा कवच है, जिनकी जमीन पर अवैध कब्जे लगातार हो रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कानून आने के बाद अब उन घटनाओं पर रोक लगेगी, जिनमें मुस्लिम वक़्फ बोर्ड के नाम पर बांग्लादेशी घुपैठियों द्वारा आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही थी। बांग्लादेशी घुसपैठ से राज्य की डेमोग्राफी में बड़ा बदलाव आया है, जिसके कई भयावह परिणाम सामने आ रहे। उन्होंने संशोधित वक्फ कानून को एक ऐसा ऐतिहासिक और दूरगामी कदम बताया जो आदिवासियों की भूमि सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

अजय ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या झामुमो इन दोनों मुद्दों पर प्रस्ताव लाकर आदिवासी समाज को आश्वस्त करेगी या फिर वह राजनीतिक तुष्टिकरण के चलते मुस्लिम वोट बैंक की चिंता में डूबी रहेगी।

उन्होंने कहा कि महाधिवेशन में अगर झामुमो वक्फ संशोधन कानून का समर्थन नहीं करती, तो यह साफ हो जायेगा कि उनका आदिवासी प्रेम केवल एक राजनीतिक मुखौटा है। अजय साह ने आशंका जतायी कि झामुमो कर्नाटक मॉडल को अपनाने की तैयारी में है, जहां आदिवासियों और दलितों के अधिकारों को मुस्लिम समुदाय की ओर डायवर्ट किया गया है।

अजय साह ने कहा कि भाजपा हर मोर्चे पर आदिवासी समाज की जमीन, अधिकार और अस्मिता की रक्षा के लिए लड़ती रही है और आगे भी डट कर लड़ेगी। झामुमो को अपनी पार्टी बड़ी करने के ख़्वाब पालने से पहले, बड़े विचारों को अपनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि झामुमो अधिवेशन में बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ एवं आदिवासी जमीन का सुरक्षा कवच वक्फ संशोधन कानून के समर्थन में प्रस्ताव लाये, तो राज्य का भला होगा।

आपराधिक मामलों में दोषियों को सजा दिलाना हमारी प्राथमिकता : उपायुक्त

फॉरेंसिक सुविधाओं का बेहतर उपयोग करें

आजाद सिपाही संवाददाता

आपराधिक मामलों में दोषसिद्धि दर बढ़ाने के लिए साक्ष्यों को मजबूत करने और अदालतों में प्रभावी पैरवी पर ध्यान केंद्रित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही, फॉरेंसिक सुविधाओं का बेहतर उपयोग और गवाह संरक्षण कार्यक्रम को सशक्त करने पर बल दिया गया। पुराने लंबित मामलों को तेजी से निपटाने के लिए एक कार्ययोजना तैयार करने का भी निर्देश दिया गया।

उपायुक्त ने अभियोजन कार्यालयों के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के लिए नये संसाधनों के आवंटन पर चर्चा की। इसमें डिजिटल अभिलेख प्रणाली, आधुनिक कार्यालय उपकरण और अभियोजकों के लिए बेहतर कार्यस्थल शामिल हैं। इसके अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्रों में अभियोजन कार्यालयों की स्थापना को प्राथमिकता देने का प्रस्ताव रखा गया ताकि न्याय तक पहुंच आसान हो सके।

रांची। आपराधिक मामलों में दोषियों को सजा दिलाना हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य एक ऐसी अभियोजन प्रणाली विकसित करना है, जो न केवल कुशल हो बल्कि समाज में विश्वास भी पैदा करे। यह बातें 10 अप्रैल 2025 को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री ने कहीं। वह अभियोजन कार्य की गुणवत्ता में सुधार एवं आपराधिक न्याय प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने को लेकर पब्लिक प्रॉसिक्यूटर (पीपी) और असिस्टेंट प्रॉसिक्यूटर संग अपने कार्यालय कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा यह बैठक राज्य में आपराधिक न्याय प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इस बैठक में जिला के अभियोजन तंत्र को मजबूत करने और आपराधिक मामलों में दोषसिद्धि दर बढ़ाने समेत कई ठोस रणनीतियों पर चर्चा की गयी। विशेष रूप से अभियोजन कार्य को और अधिक पेशेवर और समयबद्ध बनाये जाने, अभियोजकों को आधुनिक प्रशिक्षण देने, तकनीकी संसाधनों के उपयोग और जांच एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय आदि पर बल दिया गया।

इसके लिए अभियोजन अधिकारियों को आधुनिक तकनीकों से लैस करने के लिए एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने पर भी सहमति बनी। बैठक में मुख्य रूप से पब्लिक प्रॉसिक्यूटर (पीपी) अनिल कुमार सिंह, असिस्टेंट प्रॉसिक्यूटर सिद्धार्थ सिंह, संगम कुमार, निखार वर्णवाल, विधि विशेषज्ञ और जिला के वरीय पदाधिकारी शामिल हुए।

बाबा साहब की जयंती पर मानव शृंखला बनायेगी प्रदेश कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश कांग्रेस 14 अप्रैल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मानव शृंखला बनायेगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देश पर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मानव शृंखला अंबेडकर चौक से स्वामी विवेकानंद चौक, देवेंद्र मांझी चौक होते हुए डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद चौक तक संविधान की प्रति लेकर बनायी जायेगी।

इस संबंध में पार्टी की प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने गुरुवार को बताया कि कार्यक्रम को लेकर 11 अप्रैल को रांची महानगर, रांची ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रदेश और जिला मोर्चा संगठन के अध्यक्ष, खिजरी और मांडर, कांके के विधायक समेत पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी सहित अन्य नेता शामिल होंगे। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा अपने आंतरिक एजेंडों के अनुसार धीरे-धीरे भारत के संविधान पर हमला कर रही है। अपने इसी एजेंडे के तहत संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों में संशोधन कर रही है। इससे देश की जनता को संविधान से मिले अधिकारों में कटौती हो रही है। संविधान को समाप्त कर लोकतांत्रिक व्यवस्था की जगह राजशाही सत्ता स्थापित करने की मंशा भाजपा पूरी करना चाहती है। भाजपा की इस मंशा का विरोध कांग्रेस देशव्यापी स्तर पर कर रही है।

शिक्षकों की आवश्यकता

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संस्कृत शिक्षण की केन्द्रीय योजना के अंतर्गत यदुनाथ - संस्कृत - महाविद्यालय, अनुगोल में शिक्षक की आवश्यकता है।

संख्या :-
विषय :- संस्कृत - (व्याकरण-१, साहित्य-१, दर्शन-१) शिक्षकों की आवश्यकता है।
शैक्षिक योग्यता: राज्य सरकार / यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित परंपरागत उपाधि धारक एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थी को वरीयता
मानदेय: - रु. २०,०००/- प्रतिमाह
नोट:- अभ्यर्थी अपने जीवनवृत्त के साथ सादे कागज पर आवेदन कर सकते है। आवेदन के साथ समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं पहचान-पत्र पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निम्नलिखित पते पर महाविद्यालय कार्य दिवसों में दिनांक २१.०४.२०२५ सायं ५:०० बजे तक प्रेषित / प्रस्तुत कर सकते है। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार की सूचना महाविद्यालय द्वारा अभ्यर्थी को पृथक से दी जायेगी।

प्राचार्य
यदुनाथ-संस्कृत-महाविद्यालय,
अनुगोल, ओडिशा,
पिन- ७५९१२२,
दूरभाष - ९४३७८३१५००

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

महावीर जयंती पर शहर में निकली भव्य शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। महावीर जयंती के उपलक्ष्य में गुरुवार को राजधानी रांची के डोरंडा स्थित श्वेतांबर जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा डोरंडा के तुलसी चौक, झंडा चौक, श्री राम भरत मिलाप कार्यालय, नीलम कांप्लेक्स, हाई कोर्ट होते हुए वापस मंदिर परिषद पहुंचा। शोभायात्रा से पूर्व भगवान महावीर को स्नात्र कराया गया और पूजा की गयी। शोभायात्रा का रास्ते में विभिन्न संस्थाओं ने स्वागत किया गया। मंदिर पहुंचने के पश्चात भगवान महावीर को स्थान ग्रहण कराया गया। इसके बाद बच्चों और महिलाओं ने भजन और नाटक की प्रस्तुति दी। इसमें भगवान महावीर के रोल में विनय नाहटा उनके साथ निखिल बोथरा, प्रियंका जैन, अनसुला सेठिया, निर्वाण जैन, चिराग जैन सहित अन्य ने किरदार निभाया। अक्षय जैन ने महावीर के शरण में सब कुछ है मिलता सर को झुका कर देखो नामक भजन की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर डोरंडा के सामाजिक व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इसमें प्रदेश कांग्रेस के नेता आलोक दुबे और भाजपा के नेता रोहित शारदा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद भक्तों में प्रसाद बांटा गया। मौके पर श्वेतांबर जैन समाज के संरक्षक संपत लाल रामपुरिया, अध्यक्ष सुभाष चंद्र बोथरा, सचिव विनय नाहटा, बालवीर जैन, लाल सेठिया, अनिल कोठारी, अजय कोठारी सहित अन्य, मौजूद थे।

लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल और भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर ने किया निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। लायंस क्लब ऑफ रांची ग्लोबल और भगवान महावीर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन अर्ल्बट एक्का चौक में किया गया। इस शिविर में लगभग दो सौ लोगों ने नेत्र विशेषज्ञों द्वारा अपनी आंखों की जांच करवायी। जांच के दौरान डॉक्टरों ने पाया कि 20 मरीज मोतियाबिंद से ग्रसित हैं। इन्हें शीघ्र ही निःशुल्क ऑपरेशन के लिये चिन्हित किया गया। इन मरीजों का ऑपरेशन मेडिका मे किया जायेगा। शिविर में नेत्र जांच के साथ मरीजों को दवाइयां दी गयी। डॉक्टरों ने नेत्र रोगों से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम संयोजक मोनिका गोयंका की देखरेख में सफलतापूर्वक कार्यक्रम संपन्न हुआ। क्लब के सदस्यों ने चिकित्सकीय टीम के कार्यो की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

क्लब के अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। विशेष कर उन लोगों के लिए जो आर्थिक या भौगोलिक कारणों से नियमित इलाज नहीं करवा पाते। हमारा क्लब भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता रहेगा, ताकि जनसामान्य को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायी जा सके। कैंप को सफल बनाने में अस्पताल स्टाफ, डॉक्टरों और अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा। उपरोक्त जानकारी क्लब के प्रवक्ता अल्तमश आलम ने दी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे लायंस क्लब के पूर्व जिलापाल कमल जैन, संस्थापक अध्यक्ष शैलेश अग्रवाल, सचिव मनोज मिश्रा, क्लब एडमिनिस्टर प्रमोद श्रीवास्तव, पीयूष कुमार, चिंटू चौधरी, तलविंदर कौर, बिमल कुमार जैन एवं अन्य सदस्य मौजूद थे।

श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के सदस्यों ने उपायुक्त का अभिनंदन और स्वागत किया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति रांची के सानिध्य में रांची जिला के कई अन्य मंडल व अखाड़ा धारियों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में केंद्रीय समिति के अध्यक्ष जय सिंह यादव के नेतृत्व में श्री रामनवमी महोत्सव के सफल आयोजन पर उपायुक्त के आवासीय कार्यालय में उपायुक्त का अभिनंदन और स्वागत किया।

इस अवसर पर केंद्रीय समिति के अध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा कि लगातार एक महीने से उपायुक्त के सानिध्य में बैठ कर, सूचना का आदान-प्रदान सहित रामनवमी में विभिन्न अखाड़ा धारियों के यहां जाकर भ्रमण और उनके साथ बैठक कर उनकी समस्या का निदान किया गया, जिसमें जिला के सभी अखाड़ा धारियों मंडल और धार्मिक संस्थाओं में प्रशासन के प्रति सकारात्मक सहयोग बनाये रखने पर पूर्ण उत्साह और उमंग के साथ लोगों ने यह पर्व मनाया। प्रशासन, नगर निगम ने अपने कर्तव्यों का पालन कर सभी कठिनाइयों एवं परेशानियों को दूर कर झंडाधारी, अखाड़ा धारियों सहित क्षेत्र के समितियों को बैठक बुला कर उनकी सभी समस्याओं को दूर कर उनका पूर्ण सहयोग किया। आयोजकों और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य किया। उन्होंने धन्यवाद प्रेषित करते कहा कि इस बार पूरे भाईचारे, प्रेम एवं पूरे उत्साह और उमंग के संग श्री राम भक्तों ने पूरे जोर-शोर से यह पर्व मनाया समय पर शोभायात्रा का निकलना, तपोवन मंदिर में लाखों लोगों के द्वारा पूजन, दर्शन, प्रशासन द्वारा जगह-जगह सुरक्षा व्यवस्था, महिला पुलिस व पुरुष पुलिस बल की भारी संख्या में सुरक्षा की दृष्टि से तैनाती, प्रशासन का सकारात्मक सहयोगात्मक भूमिका रही।

इस मौके पर मंडल के मंत्री सुभाष साहू, सागर वर्मा, आलोक दुबे, बिंदुल वर्मा, प्रमोद सारस्वत, उदय रविदास, राहुल चंकी सहित कई सदस्यों ने उपायुक्त के साथ पूरे जिला प्रशासन को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने इस अवसर पर उपस्थित श्री महावीर मंडल, केंद्रीय समिति सहित सभी मंडल के पदाधिकारी अखाड़ा धारियों व धार्मिक समिति के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए श्री रामनवमी पर्व सहित अन्य त्योहारों के सफल संचालन में सामाजिक भूमिका अदा करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि आयोजन की सफलता का श्रेय सभी आयोजकों को, नेतृत्व कर्ता को और सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों सहित उनके कार्यकताओं को जाता है। उन्होंने कहा इसी तरह हम आने वाले सभी त्योहारों में बेहतर और सकारात्मक कार्य करते रहें जिससे प्रशासन और आयोजन का आपसी सहयोग निरंतर इसी तरह बना रहे हैं और आयोजन सफल होते रहे। इस अवसर पर केंद्रीय समिति के बलराम प्रसाद, प्रचार मंत्री सुनील वर्मा, अंकेक्षक प्रेम सिंह, प्रमोद श्रीवास्तव, राजू यादव, कमलेश यादव, अशोक यादव, पवन सिंह, मणिकांत राव मोनू, श्याम चौधरी मंतोष सिंह, पवन सेन, अभिषेक सिंह, कमल बरियार सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

झारखंड में बदला मौसम बारिश के साथ ओले भी पड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

मौसम की खराबी के कारण 40 हजार फीट पर लड़खड़ाया इंडिगो का विमान

इंडिगो का विमान गुरुवार को दिन के 1:20 बजे दिल्ली से रांची के लिए उड़ान भरा था। मौसम की खराबी के कारण विमान 40 हजार फीट पर लडखडाना लगा। मगर बहुत सावधानी के साथ पायलट ने विमान को संभाला और विमान ने सुरक्षित रांची एयरपोर्ट पर लैंडिंग की। विमान में 180 पैसेंजर सवार थे।

रांची। झारखंड की राजधानी रांची समेत कई शहरों में गुरुवार को मौसम ने अचानक पलटी मारी। दिनभर से छाये बादलों ने शाम होने से पहले अपना रूप बदला और कई जगह तेज बारिश के साथ ओले भी पड़े। राजधानी रांची में शाम करीब चार बजे हुई बूंदाबांदी ने जोर पकड़ा और देखते-देखते बारिश तेज हो गयी। मौसम में आये बदलाव से गर्मी से राहत मिली है। रांची के शहरी इलाके में बिजली चमकने का सिलसिला जारी है। रांची के अलावा हजारीबाग, पलामू, गढ़वा समेत कई इलाकों में मौसम के इस बदलाव से लोग खुश हैं। इस बारिश ने कई जगह फसलों को नुकसान भी पहुंचाया है। झारखंड में मौसम की इस कर-वट ने कई शहरों में आंधी के साथ तेज बारिश और ओले भी गिरे हैं। रांची और इसके आसपास के इलाकों में मौसम में आये बदलाव से गर्मी से राहत मिली है। रांची जिले नगड़ी में बारिश के कारण सड़कों पर जलजमाव की स्थिति बन गयी। रांची के शहरी इलाके में बिजली चमकने का सिलसिला जारी है। रांची के अलावा लोहरदगा जिले में लगातार दूसरे दिन भी बारिश का सिलसिला जारी है। यहां गरज के साथ बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। ओले और बारिश के चलते गेहूं की तैयार फसल को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। हजारीबाग जिले में जोरदार बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई है।

बर्फीली वादियों में दौड़ेगी वंदे भारत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अप्रैल की हल्की ठंडक और वसंत की खिलती बहार... हिमालय की बर्फीली चोटियां, सेब के पेड़ों पर गुलाबी फूलों की चादर, और मैदानों की हरी घास – यह सब अब सिर्फ कल्पना नहीं रहेगा। क्योंकि अब जल्द ही, यह सब आप अपनी आंखों के सामने, जम्मू कश्मीर के लिए स्पेशल डिजाइंड वंदे भारत ट्रेन में बैठकर देख सकेंगे। जैसे ही ट्रेन पहलगाम की घाटियों से गुजरेगी, हरियाली से सजी वादियां, दूर तक फैले चीड़ के जंगल और चरवाहों की झलक आपको एक लम्हे में रोक देंगे। देवदार की खामोशी को चीरती वंदे भारत की रफ्तार – तकनीक और प्रकृति का अद्भुत संगम जल्द ही आपको देखने को मिलेगा।

इस वंदे भारत ट्रेन के सुचारू संचालन और यात्रियों के आराम के लिए तकनीकी सुविधाएं सुनिश्चित की गयी हैं

- एयर ड्रायर सिस्टम हीटिंग: अत्याधिक ठंड में एयर ब्रेक सिस्टम की दक्षता बनाये रखेगा। साथ ही, हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) डक्ट्स द्वारा यात्रियों की आरामदायक यात्रा सुनिश्चित की गयी है।
- 5 केवीए ट्रांसफॉर्मर: ट्रेन के महत्वपूर्ण घटकों के सुचारू संचालन और ठंडे मौसम में उनकी दक्षता बनाये रखने के लिए इसे अंडरफ्रेम में विशेष रूप से स्थापित किया गया है।
- पूर्ण वातानुकूलित कोच: सेमी-हाई-स्पीड क्षमताओं (160 किमी प्रति घंटे) से लैस होंगे, जिससे तीव्र और समयबद्ध यात्रा संभव होगी।
- आधुनिक सुविधाएं: चौड़े गैंगवे, स्वचालित प्लग डोर, मोबाइल चार्जिंग सॉकेट, इंफोटेनमेंट सिस्टम और सीसीटीवी जैसी सुविधाएं यात्रियों के अनुभव को सुगम बनाएंगी।

इंजीनियरिंग का कमाल

मेक इन इंडिया के तहत इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आइसीएफ) में बनी यह ट्रेन आधुनिक तकनीक और सुविधाओं से लैस है, जो बिजली सी चलती है। मगर सुरक्षित और आरामदायक सफर की मिसाल है। इसका सफर हर भारतीय को गर्व से भर देगा।

जीरो से नीचे तापमान, फिर भी कनेक्टिविटी बरकरार

जम्मू-कश्मीर जैसे सर्द मौसम वाले क्षेत्र में सुचारू रेल संचालन सुनिश्चित करने के लिए इस वंदे भारत ट्रेन में विशेष तकनीकी सुविधाएं प्रदान की गयी हैं:-

सिलिकॉन हीटिंग पैड: यह वॉटर और बायो-टॉयलेट टैंकों में पानी को जमने से रोकेंगे। साथ ही, इनमें ओवरहीट प्रोटेक्शन सेंसर लगे हैं, जो यह सुनिश्चित करता है कि शून्य या माइनस तापमान में भी रेल संचालन सुचारू रूप से हो।

हीटेड प्लंबिंग पाइपलाइन: जीरो डिग्री से भी कम तापमान में सेल्फ-रेगुलेटेड हीटिंग केबल्स पानी को जमने से रोकेंगे।

ऑटो-ड्रेनिंग मैकेनिज्म: प्लंबिंग लाइनों में पानी के जमने की समस्या को रोकेगा, जिससे संचालन में कोई बाधा नहीं आयेगी।

इसलिए खास है यह वंदे भारत

यह वंदे भारत एक्सप्रेस विश्वसनीयता, सुरक्षा और यात्रियों के आराम को सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक एवं उन्नत सुविधाओं से युक्त है। इस वंदे भारत ट्रेन को कश्मीर घाटी की कठिन जलवायु परिस्थितियों में सुगम यात्रा प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिससे अब हर मौसम में कश्मीर घाटी तक पहुंचना आसान होगा और वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत, क्षेत्र में यात्री सेवाएं एवं पर्यटन अनुभव बेहतर बनायेगी।

यात्रा होगी सुगम और सुरक्षित

कश्मीर की कठिन परिस्थितियों में ड्राइवर की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए इस वंदे भारत ट्रेन में अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है, जिससे सुगम यात्रा संभव होगी:

एंबेडेड हीटिंग एलिमेंट: फ्रंट लुकआउट ग्लास में लगाए गए यह एलीमेंट सर्द मौसम मंभ विंडशील्ड को डी-फ्रॉस्ट कर ड्राइवर को क्लियर विजन प्रदान करेंगे, जिससे सुरक्षित व सुगम ट्रेन संचालन हो सकेगा।

एंटी-स्पॉल लेयर: बर्फबारी या आंधी जैसे कठिन मौसम के दौरान यह लेयर ड्राइवर को सुरक्षित ट्रेन के संचालन में सहायता करेगा।

सुरक्षित और आरामदायक वर्क एनवायरनमेंट: ट्रेन को कठिन मौसम परिस्थितियों से निपटने के लिए स्पेशल रूप से डिजाइन किया गया है।

यात्रा में विकास का अनुभव

कश्मीर घाटी में वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत रेल यात्रा में एक ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक है। यह सेवा सभी मौसमों में निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेगी, जो बर्फबारी, कठोर ठंड और कठिन पर्वतीय चुनौतियों को पार कर सुगम यात्रा का भरोसा दिलाती है। आधुनिक सुविधाओं और जलवायु-विशिष्ट अनुकूलन के साथ, यह ट्रेन यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करेगी। कश्मीर घाटी को सम्पूर्ण देश से अभूतपूर्व रूप से जोड़ने के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस भौगोलिक और आर्थिक अंतर को भी समाप्त करेगी।

कांके चौक पर लगेगी अनिल टाइगर की प्रतिमा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता स्वर्गीय अनिल टाइगर की जयंती गुरुवार को लालपुर के होटल सिटी पैलेस में मनायी गयी। मौके पर अनिल टाइगर की पत्नी समेत कई लोगों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। कुरमी विकास मार्चा के अध्यक्ष शीतल ओहदार ने कहा कि पुलिस अनिल टाइगर की हत्या में शामिल मुख्य साजिशकर्ता को जल्द गिरफ्तार करे। संजय महतो ने कहा कि अनिल महतो गरीबों की मदद करते थे। उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत उनकी हत्या की गयी है। उन्होंने कहा कि अनिल टाइगर की कांके चौक पर जल्द प्रतिमा लगेगी। मौके पर पत्नी लता देवी, पुत्र सुरज महतो, संजय लाल महतो, जिला परिषद सदस्य सुषमा देवी, भाजपा नेता युवराज पासवान, गोपेश्वर सिंह, राजकुमार महतो, पंकज महतो सहित अन्य लोगों ने भी श्रद्धांजलि दी।

मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की बैठक गुरुवार को महाराजा अग्रसेन भवन में जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 13 अप्रैल को झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष पद के लिए सुरेश चंद्र अग्रवाल को पूर्ण समर्थन दिया जायेगा। सुरेश अग्रवाल ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वे पिछले 40 वर्षों से सामाजिक सेवा में सक्रिय हैं और अध्यक्ष बनने के बाद समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। इस बैठक में कई प्रमुख पदाधिकारियों ने भी उनके समर्थन में आवाज उठायी और उनके नेतृत्व में जनसेवा कार्यों में वृद्धि की उम्मीद जतायी। इस दौरान विभिन्न नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। इस बैठक का संचालन महामंत्री विनोद कुमार जैन और धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष पवन पोद्दार ने किया।

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के कांके रोड स्थित कृषी भवन के सामने बुडिंग पेटलस क्लिनिक में गुरुवार को एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में बच्चों, नवजात शिशुओं, त्वचा एवं सौंदर्य संबंधी रोगों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं प्रारंभिक इलाज की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की गयी। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम जनता को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना एवं जरूरतमंदों को विशेषज्ञ परामर्श सुलभ कराना था।

शिशु एवं नवजात रोगों के लिए विशेष पहल : शिविर की प्रमुख चिकित्सक डॉ स्नेहा गुप्ता ने नवजात शिशुओं और बच्चों में पाए जाने वाले रोगों की जांच की और आवश्यक परामर्श दिया। उन्होंने माता-पिता को बच्चों के समय पर टीकाकरण, संतुलित आहार और साफ-सफाई की आदतों के प्रति जागरूक किया।

उन्होंने विशेष रूप से अच्छे और स्वच्छ पोषण की आवश्यकता पर जोर दिया तथा बच्चों और किशोरियों में बढ़ते एनीमिया के मामलों को गंभीर मानते हुए आयरन युक्त आहार, समय-समय पर जांच और जागरूकता को जरूरी बताया। उन्होंने टीकाकरण के महत्व पर जोर देते हुए सभी अभिभावकों से अपील की कि समय पर टीकाकरण बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है।

शिविर में उपस्थित डॉ अमित कुमार ने त्वचा, गुप्त रोग एवं सौंदर्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच की और जरूरी परामर्श दिया।

डॉ अमित ने बताया कि त्वचा रोगों में बढ़ती समस्याएं चिंता का विषय हैं और समय रहते उपचार जरूरी है।

कुल 56 मरीजों ने लिया लाभ : इस शिविर में कुल 56 मरीजों ने भाग लिया और दोनों विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए नियमित अंतराल पर ऐसे आयोजनों की मांग की।

समय और सहभागिता

यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्रीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विशेषज्ञों से सलाह ली।

संस्थान की पहल सराहनीय

बुडिंग पेटलस क्लिनिक द्वारा आयोजित यह शिविर समाज सेवा की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम रहा। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोग स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित हो सकें।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 11 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in

झामुमो का 13वां केंद्रीय महाधिवेशन 14-15 को, तैयारियां अंतिम चरण में

बाबा साहब बीआर अंबेडकर को समर्पित होगा प्रांगण

- पूर्व शिक्षा मंत्री के नाम पर होगा स्मृति द्वार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में 14 और 15 अप्रैल को होने वाले झामुमो के 13वें केंद्रीय महाधिवेशन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। केंद्रीय महाधिवेशन की तैयारियों को लेकर पार्टी के केंद्रीय कैंप कार्यालय में हर दिन किसी न किसी समिति की बैठक हो रही है। गुरुवार को आयोजन तैयारी समिति और स्वागत समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा का 13वां महाधिवेशन 14 अप्रैल से शुरू होगा।

14 अप्रैल का दिन भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती है, इसलिए इस वर्ष का केंद्रीय महाधिवेशन स्थल बाबा साहब को समर्पित होगा और खेलगांव में अधिवेशन स्थल को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर प्रांगण के नाम से जाना जायेगा।

झामुमो के 13वें केंद्रीय महाधिवेशन को सफल बनाने के लिए गुरुवार को रांची के हरमू स्थित केंद्रीय कैंप कार्यालय में केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, विधायक विकास सिंह मुंडा, अभिषेक प्रसाद पिंटू, केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में बैठक हुई। इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि केंद्रीय महाधिवेशन के दौरान स्मृति द्वार का नामकरण पूर्व शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगरन्नाथ महतो के नाम पर किया जायेगा, जिससे उन्हें श्रद्धांजलि दी जा सके।

झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि 13वें केंद्रीय महाधिवेशन में झारखंड के अलावा देश के कई राज्यों से प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उनका स्वागत करने के साथ-साथ पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं आयोजन के लिए गठित विभिन्न समितियों की लगातार बैठकें हो रही हैं, ताकि बाहर से आने वाले अतिथियों को किसी तरह की परेशानी न हो। केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने बताया कि अधिवेशन में राजनीतिक प्रस्ताव के साथ ही आगे के कार्यक्रम भी तय किये जायेंगे।

दिल्ली ने आरसीबी को हराकर लगाया जीत का चौका

- आइपीएल 2025 में दिल्ली के लिए केएल राहुल ने खेली 93 रनों की पारी
- केएल राहुल ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ मिलकर आरसीबी के मुंह से जीत को छीन लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

बेंगलुरु। केएल राहुल की दमदार अर्द्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में जीत का चौका लगा दिया है। आइपीएल के 18वें सीजन के 24वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। मैच में टॉस हारने के बाद आरसीबी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर के खेल में जैसे-तैसे 7 विकेट के नुकसान पर 163 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में खराब शुरूआत के बाद भी दिल्ली कैपिटल्स ने 13 गेंद रहते ही मैच को अपने नाम कर लिया।

दिल्ली कैपिटल्स की इस सीजन में यह लगातार चौथी जीत है। आरसीबी के खिलाफ इस मैच में लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत कुछ खास नहीं रही थी। आरसीबी ने दिल्ली के तीन बल्लेबाजों को सिर्फ 30 रन के स्कोर पर खिलाड़ियों को आउट कर दिया था। टीम ने चौथा विकेट सिर्फ 58 रन के स्कोर पर गंवा दिया, लेकिन इसके बाद केएल राहुल ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ मिलकर आरसीबी के मुंह से जीत को छीन लिया।

दिल्ली के लिए राहुल की बैक टू बैक दूसरी फिफ्टी : शुरूआती विकेट गिरने के बाद केएल राहुल शुरूआत थोड़ी धीमी जरूर रही, लेकिन इसके बाद राहुल ने अपनी गति को बढ़ाया और मैच को अकेले दिल्ली की तरफ मोड़ किया। केएल राहुल दिल्ली कैपिटल्स के लिए नाबाद 93 रन बनाकर नाबाद रहे। अपनी इस पारी में राहुल 53 गेंद का सामना करते हुए ने 7 चौके और 6 छक्के भी लगाये। दिल्ली कैपिटल्स के लिए केएल राहुल की ये पार टीम के लिए किसी शतक से कम नहीं है। लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने भी केएल राहुल का बेहतरीन साथ निभाया। केएल स्टब्स दिल्ली के लिए 23 गेंद में 38 रन बनाकर नाबाद रहे। स्टब्स ने अपनी इस पारी में 4 चौके और 1 छक्का भी लगाया। इस तरह लगातार चार जीत के बाद अब दिल्ली की टीम प्वॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच गयी है। इस सीजन में दिल्ली इकलौती टीम है जिसे अभी तक एक भी हार का सामना नहीं करना पड़ा है।

मंत्री योगेंद्र प्रसाद पत्नी के इलाज के लिए रिम्स पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने रिम्स की व्यवस्था की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि रिम्स के प्रति लोगों को विश्वास रखना चाहिए। मंत्री योगेंद्र प्रसाद अपनी धर्मपत्नी के इलाज के लिए रिम्स पहुंचे थे, जहां उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था को बेहतर बताया। मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि रिम्स की व्यवस्था को लेकर आये दिन आलोचना की जाती है, लेकिन तस्वीर बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था बेहतर न होती, तो शायद मैं खुद भी नहीं आता। रिम्स से बेहतर डॉक्टर पूरे राज्य में कहीं और नहीं हैं।

बोकारो थर्मल पावर प्लांट में ठेका मजदूर की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। डीवीसी के बोकारो थर्मल प्लांट के अंदर मरम्मत का कार्य कर रहे 45 वर्षीय ठेका मजदूर अशोक भुईयां की मौत गुरुवार की सुबह हो गयी। इससे आक्रोशित लोगों ने 25 लाख रुपये मुआवजे और नियोजन की मांग को लेकर शव के साथ बोकारो थर्मल प्लांट गेट जाम कर दिया।

अशोक भुईयां बोकारो थर्मल जारवा बस्ती गांव का रहनेवाला था। वह गुरुवार को सुबह लगभग आठ बजे प्लांट के अंदर कार्य करने गया था। कार्य के दौरान भारी सामान उठाने के क्रम में अचेत होकर गिर गया। आनन - फानन में उसे बोकारो थर्मल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मजदूर प्लांट के अंदर केआर कंस्ट्रक्शन के अधीन कार्य कर रहा था। अशोक भुईयां की तीन पुत्रियां और एक पुत्र है।

सीसीएल : आश्रित को ओबीएस का 4.5 लाख का चेक सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सीसीएल के महाप्रबंधक (उत्खनन) सुबोध कुमार ने सीसीएल ऑफिसर्स बेनवॉलेंट सोसाइटी के तहत पूर्व मुख्य प्रबंधक (उत्खनन) स्व. अनुरंजन श. खलखो की पत्नी रश्मि टोप्पो को 4.5 लाख का चेक गुरुवार को प्रदान किया। बताते चलें कि स्व. खलखो सीसीएल के सीआरएस, बरकाकाना में कार्यरत थे। उनका देहांत विगत 2 मार्च, 2025 को हो गया था। इस अवसर पर सीसीएल ओबीएस के उपाध्यक्ष राजीव रंजन शर्मा, महासचिव आलोक कुमार त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष कल्याण कुमार विश्वास सहित सीसीएल ओबीएस के विनय कुमार शंकर और सुरेंद्र प्रताप सिंह और अन्य उपस्थित थे।

झारखंड सरकार स्पष्ट करे वक्फ कानून को झारखंड में लागू करेंगे या नहीं: विजय नायक

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कि जिस तरह केंद्र की सरकार ने आनन फानन में वक्फ कानून को लागू किया है। इससे पूरे देश के मुस्लिम समाज संशय की स्थिति में है और झारखंड के मुस्लिम समाज भी उससे अछूता नही है। अब देश के साथ साथ झारखंड में भी आंदोलन की तैयारी में है। ऐसे मे झारखंड की झामुमो और गठबंधन कांग्रेसी नेतृत्व को यह स्पष्ट करना होगा कि वे वक्फ कानून को झारखंड में लागू करेंगे या नहीं लागू करेंगे। नायक ने कहा कि बहुत से गैर भाजपा राज्यों की सरकार ने साफ शब्दों में एलान कर चुके है कि वे अपने राज्य मे वक्फ कानून को लागू नहीं करेंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी साफ शब्दों में साफ कह दी है कि उनके राज्य में वक्फ (संशोधन) कानून लागू नहीं होगा और बनर्जी ने यह भी कहा है कि वह अल्पसंख्यकों की और उनकी संपत्ति की रक्षा करेंगी और इस कानून की लागू होने से किसी भी कीमत पर लागू नहीं करेगी।

गुणवत्ता में कमी आयी, तो बुल्डोजर भी चल सकता है: सुदीप

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया ने अपने चुनावी वादे के अनुरूप किसानों को बड़ी सौगात दी। डोडमा और सुंदारी पंचायत के सीमावर्ती क्षेत्र के गंगई टोली गांव के पास चेक डैम निर्माण की आधारशिला रखी। इस चेकडैम के बनने से दोनो पंचायतों के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी और किसान फसल उपजा सकेंगे। शिलान्यास के दौरान ही विधायक ने संवेदक को स्पष्ट चेतावनी दे दी कि निर्माण में गुणवत्ता में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि गुणवत्ता में कोई कमी आई, तो फिर इस पर बुल्डोजर भी चल सकता है। तोरपा विधान सभा क्षेत्र के बानो में घटिया पुलिया निर्माण हो रहा था। इसकी जानकारी ग्रामीणों द्वारा हमें मिली, हमने बुल्डोजर से उसे ध्वस्त करा दिया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि निर्माण कार्य गुणवत्ता का वे भी रखें। अगर कोई गड़बड़ी पायी जाती है, तो हमें बताएं, ताकि इसपर कार्रवाई हो सके। मौके पर झामुमो के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष रूबेन तोपनो, तोरपा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सुशांति कोंगाड़ी, जेएमएम के तोरपा प्रखण्ड सचिव जेम्स आईद, जयदीप तोपनो, बीससूत्री अध्यक्ष अमृत तोपनो, डोड़मा पंचायत की मुखिया अगाथा भेंगरा, दियांकेल पंचायत की मुखिया शिशिर तोपनो सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

रहस्यमय तरीके से लापता जीतू नाटकीय ढंग से लौटा

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। पिछले चार अप्रैल से लापता हुआ सीसीएल का सुरक्षा प्रहरी जीतू पासवान गुरुवार की शाम को नाटकीय ढंग से लौट आया। शाम को वह पैदल ही घर आया। घर आते ही वह बेसुध हो गया। इसके बाद सीसीएल गिरिडीह के ओपनकास्ट माइंस मैनेजर आरपी यादव के निर्देश पर ओवरमैन अमित कुमार, सुरक्षा विभाग के मो मुस्तकीम तथा परिजन जीतू को लेकर बनियाडीह स्थित लंकास्टर अस्पताल ले गये। जहां पर डॉ अनुराग ने चिकित्सीय जांच की। डॉक्टर ने बताया कि जीतू भूखा है, यही कारण उसकी तबीयत बिगड़ गयी है।

इंस्पेक्टर ने की पूछताछ : इधर, जीतू के सकुशल लौटने की जानकारी मिलते ही मुफ्फसिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो, अवर निरीक्षक संजय कुमार भी पहुंचे। इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो ने जीतू से पूछताछ की। इस दौरान जीतू ने बताया कि उसे पैसे की परेशानी हो गयी थी और उधार भी वापस करना था, ऐसे में वह माइंस के पहाड़ी पर छिप गया। उसने बताया कि इस बार उसे तनख्वाह भी नहीं मिली थी और उस पर बैंक का लोन भी था। इस कारण उसने छिपना ही उचित समझा। हालांकि जब गुरुवार को बारिश होने लगी तो वह भीग गया और उसे ठंड लगने लगी। इसके बाद वह पहाड़ी से नीचे उतर कर पैदल ही वापस घर लौट आया।

हाजरी लगाये बगैर हो गया था लापता : शुक्रवार को ड्यूटी पहुंचा जीतू पासवान हाजरी लगाये बगैर लापता हो गया था। जब शनिवार को वह घर नहीं पहुंचा तो घरवालों के साथ सीसीएल प्रबंधन परेशान हो गया। सीसीएल ने इसकी सूचना पुलिस को दी और जीएम तथा पीओ के निर्देश पर खोजबीन शुरू की गयी। दूसरी तरफ मुफ्फसिल थाना प्रभारी भी जीतू की खोजबीन में जुटे थे। इस बीच जीतू लौट आया।

साहेबगंज में अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा, 21 फरार आरोपी गिरफ्तार

साहेबगंज (आजाद सिपाही)। डीजीपी के निर्देश पर साहेबगंज पुलिस बीती रात अभियान चलाकर विभिन्न थाना क्षेत्र से 21 वारंटी को पकड़ा है। जिले के 10 थानों की टीमो ने वांछित, वारंटी को गिरफ्तार किया है। तालझारी थाना पुलिस ने राजकुमार साहनी और राजेश पंडित को पकड़ा है। मुफ्फसिल थाना पुलिस ने शेख दुखन, दिनेश महतो, शेख फुनुस, मो इस्तेखार, बीबी मालतो उर्फ मजरूल को पकड़ा है। मिर्जाचाकी थाना पुलिस ने अब्दुल समद, मक्कू मरांडी को पकड़ा है। बरहेट थाना पुलिस ने शिबू टुडू, लखन सोरेन को पकड़ा है। बोरियों थाना पुलिस ने जमीन अंसारी, अनवर अंसारी को पकड़ा है। राधानगर थाना पुलिस ने मो महिरूद्दीन शेख, शिबू मंडल, अमिश कुमार को पकड़ा है। राजमहल थाना पुलिस ने श्यामसुंदर मंडल को पकड़ा है। जिरवाबाड़ी थाना पुलिस ने राजबालव मुसहर को पकड़ा है। बरहरवा थाना पुलिस ने आरिफ शेख को पकड़ा है, और कोटलपोखर थाना पुलिस ने जनंजय साहा को पकड़ा है।

सेक्स रैकेट के शक पर कई होटलों में छापेमारी

रांची (आजाद सिपाही)। रांची के कोतवाली इलाके में सेक्स रैकेट के शक पर कई होटलों में छापेमारी की गयी। इस दौरान कोतवाली डीएसपी, कोतवाली थाना प्रभारी सहित महिला थाना प्रभारी मौजूद रही। अपर बाजार सहित कई इलाकों में कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान चलाया। होटल में रुके युवक-युवतियों से पूछताछ किया गया।

कुआं में डूबने से वृद्ध महिला की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। रनिया थाना क्षेत्र के महुआ टोली उड़ीकेल गांव निवासी 80 वर्षीय वृद्ध महिला रूपसन कोनगाड़ी की कुआं में डूबने से मौत हो गयी। उसका शव गुरुवार को महिला का शव खिजूरटोली गांव निवासी अभिराम कोनगाड़ी के खेत के कुएं से बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार रूपसन कोनगाड़ी रूप कल मंगलवार को अपने घर से निकली थी।

मां ने की हैवानियत की हदें पार, रोते हुए बच्चे को पानी के टंकी में फेंका, हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एक मां ही होती है जो अपने बच्चे से अटूट और निस्वार्थ भाव से प्यार करती है, लेकिन आज के जमाने में इस प्यार पर संदेह होने लगा है। क्योंकि आपने कई किस्से ऐसे सुने होंगे, जिसमें मां की ममता के बजाय मां की क्रूरता देखने को मिलती है। ऐसी ही एक क्रूरता गुजरात में देखने को मिला, जहां एक मां ने अपने नवजात बच्चे को मार डाला।

जानकारी के अनुसार एक महिला ने गुजरात के अहमदाबाद में अपने नवजात बेटे मार डाला। उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह उसके लगातार रोने से परेशान हो गयी थी। बुधवार 09 अप्रैल को गुजरात पुलिस ने इस वारदात के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 22 वर्षीय महिला ने अपने नवजात बेटे को कथित तौर पर भूमिगत पानी की टंकी में फेंक कर उसकी हत्या कर दी थी। इस आरोप में उसे गिरफ्तार किया गया है।

इस मामले को लेकर मेघानीनगर थाने के निरीक्षक डीबी बसिया ने बताया कि पिछले शनिवार को करिश्मा बघेल ने बताया कि उसके 3 महीने का बेटा ख्याल कहीं मिल नहीं रहा है, इसके बाद उसके पति दिलीप ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी। इसके बाद पुलिस द्वारा बच्चे की तलाशी के लिए एक टीम बनायी गयी। पुलिस की टीम को सोमवार 07 अप्रैल को अंबिकानगर इलाके में उनके घर की पानी की टंकी में से नवजात बच्चे की लाश मिली।

पुलिस की जांच के बाद इस बात का पता चला कि पानी की टंकी में बच्चे को उसकी मां ने ही फेंका था। इस मामले में 07 अप्रैल की रात को आरोपी मां को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। करिश्मा भावनात्मक और शारीरिक रूप से गर्भवती होने के बाद से ही परेशान थी। ऐसे में हमेशा से ही वह कुछ स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत करती थी। वह अपने परिवार के लोगों से अक्सर कहती थी कि वह बच्चे के लगातार रोने से परेशान थी।

आरोपी मां ने जांच टीम को पूछताछ में विरोधाभासी बयान दिये, ऐसे में पुलिस को संदेह हुआ। पूछताछ में आरोपी मां ने यह दावा किया कि वह अपने बच्चे को एक रूम में रखकर बाथरूम चली गयी थी, जब वह वापस लौटी तो उसने अपने बच्चे को गायब पाया। जब पुलिस ने बच्चे को भूमिगत पानी के टैंक में पाया तो संदेह पैदा हुआ, इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस को जांच के दौरान यह पता चला कि बच्चे को किसी ने पानी की टंकी में फेंक दिया था।

ऐसे में पुलिस ने बताया कि टैंक की संरचना के कारण यह लगभग असंभव था कि दुर्घटनावश बच्चा वहां खुद पहुंचा हो। इसके बाद पुलिस ने परिजनों से पूछताछ का सिलसिला शुरू किया। इस दौरान ही आरोपी महिला उलझ गयी, ऐसे में वह लगातार उलटे-पुल्टे बयान देने लगी। ऐसे में सख्ती से पुलिस की पूछताछ में पता चला कि आरोपी मां ने ही अपने बच्चे की हत्या की थी। उसने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह बच्चे के लगातार रोने से परेशान हो गयी थी।

शपथ पत्र



शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं.440 दिनांक 03.04.2025 मै बालेश्वर ऋशाल यादव पिता रिशाल यादव, उम्र करीब 50 वर्ष, धर्म हिन्दू, राष्ट्रीयता भारतीय, साकिन ग्राम बेला, पोस्ट मुरूकमनाई, थाना मरकच्चो, जिला कोडरमा आधार कार्ड सं 6845 3055 4766 शपथ पूर्वक ब्यान करता हूं कि-1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित पते का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि मेरा पुत्र का नाम प्रवीण यादव है जिसका आधार कार्ड सं 6779 1277 2339 है। 3. यह कि मैट्रिक एवं इन्टर का मूल प्रमाण पत्र में मेरा पुत्र का नाम यादव प्रवीण बालेश्वर अंकित है। 4. यह कि मेरा पुत्र का नाम आधार कार्ड में प्रवीण यादव के स्थान पर यादव प्रवीण बालेश्वर दर्ज करवाने हेतु यह शपथ पत्र तैयार किया हूं। 5. यह कि उपरोक्त विवरण सही वो सत्य है गलत पाये जाने पर इसकी सारी जिम्मेवारी मेरी होगी तथा कानुनन दोषी होंगे।

AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 173 date 09.04.2025, I. RAVI KUMAR, aged about 36 years, S/o- Nandu Thakur. Nationality-Indian, by occupation-Business, by faith Hindu, R/O-Rochap, P.S-Patratu, Dist- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That I am an Indian Citizen. 2. That I am residing at my aforesaid address.
3. That previously my son's nick name was ANSHU KUMAR mentioned in his Aadhaar Card vide Aadhaar, No-2404 8052 4146.
4. That my son's actual name is SAWAN KUMAR mentioned in his birth certificate issued by Government of Jharkhand, vide Reg. No-B-2019:20-03022-000003. 5. That my son will be known by his actual name SAWAN KUMAR forever and everywhere since today.
6. That need of the affidavit for my son actual name i.e. SAWAN KUMAR in place of nick name ANSHU KUMAR which shall be published in Newspaper and gazette for my further Identification.
7. That above statements are true and genuine if any found untrue I shall be responsible

शुभ संकेत

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के वैश्विक आर्थिक युद्ध के बीच बुधवार को भारतीय इकॉनमी के लिए कुछ अच्छी खबरें आयीं। पहली खबर यह कि रिजर्व बैंक ने ब्याज दरों में 0.25% की कटौती की। इसके साथ ही उसने अपना ध्यान ग्रोथ तेज करने पर लगाया है।

ग्रोथ पर ध्यान : रिजर्व बैंक ने पॉलिसी स्टैंड को न्यूट्रल की जगह अकोमोडिटिव कर दिया है। इससे आने वाले वक्त में भी ब्याज दरों में कमी किये जाने की संभावना बनी है। जानकारों का मानना है कि ब्याज दरों में इस साल और आधा फीसदी की कटौती की जा सकती है।

सामान्य मॉनसून : दूसरी अच्छी खबर प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट ने दी। उसने कहा कि इस साल भी मॉनसून सीजन में बारिश सामान्य से अधिक रहेगी। पिछले साल भी मॉनसूनी बारिश सामान्य से अच्छी हुई थी। मॉनसून के सामान्य रहने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को फायदा होगा। साथ ही, इससे रूरल डिमांड भी बढ़ेगी। इससे पहले ऐसी खबरें आयी हैं कि अर्बन डिमांड (शहरी इलाकों में खपत) में भी सुधार हो रहा है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है।

ग्रोथ तेज होगी : हालांकि, इस वित्त वर्ष में आर्थिक विकास दर के अनुमान को रिजर्व बैंक ने 6.7% से कम करके 6.5% किया है। पिछली कुछ तिमाहियों में आर्थिक विकास में सुस्ती दिखी थी। उसकी वजह यह थी कि पिछले साल लोकसभा चुनाव हुए और कुछ महीनों तक चुनावी आचार संहिता लागू होने के कारण सरकारी खर्च अपेक्षित नहीं रहा। इधर, सरकार ने खर्च बढ़ाया है, जिसका सकारात्मक असर आने वाले वक्त में दिखेगा।

उम्मीद है कि दरों में कमी आने पर लोग हाथ खोलकर खर्च करेंगे। ऐसे में अगर डिमांड में रिकवरी होती है, तो कंपनियां भी निवेश की पहल करेंगी। बजट में भी केंद्र सरकार ने न्यू टैक्स रेजीम में 12 लाख की आय पर इनकम टैक्स शून्य कर दिया है।

तेल सस्ता हुआ : भारतीय इकॉनमी के लिए एक और अच्छी खबर कच्चे तेल के दाम में आई कमी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 60 डॉलर प्रति बैरल के करीब चल रहा है, जिससे महंगाई दर को काबू करने में मदद मिलेगी। असल में, भारत अपनी जरूरत का दो तिहाई से भी अधिक कच्चा तेल आयात करता है। इसलिए इसमें कमी आने से विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी, जिससे करंसी को सहारा मिलेगा।

महंगाई में गिरावट : वहीं, रिजर्व बैंक ने भी कहा कि इस वित्त वर्ष में महंगाई दर 4% रह सकती है, जो उसके लक्ष्य के मुताबिक है। महंगाई दर कम रहने से आने वाले वक्त में रिजर्व बैंक के लिए ब्याज दरों में और कटौती करना आसान होगा।

डिमांड बढ़ने की आस: उम्मीद है कि दरों में कमी आने पर लोग हाथ खोलकर खर्च करेंगे। ऐसे में अगर डिमांड में रिकवरी होती है, तो कंपनियां भी निवेश की पहल करेंगी। बजट में भी केंद्र सरकार ने न्यू टैक्स रेजीम में 12 लाख की आय पर इनकम टैक्स शून्य कर दिया है। इससे भी डिमांड को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, नये वेतन आयोग की सिफारिशों के लागू होने से भी खपत में बढ़ोतरी की आशा है। इसलिए ऐसे समय में जब ट्रंप के आर्थिक युद्ध ने अनिश्चितता बढ़ा दी है, इन खबरों से लगता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन अच्छा बना रहेगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

पीएमएमवाइ की सुविधाएं देश के अधिकांश हिस्सों में मौजूद हैं, जिसमें तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और बिहार संचयी संवितरण के मामले में शीर्ष पांच राज्य हैं, जिनकी हिस्सेदारी 46.4% है। हालांकि, पूर्वोत्तर राज्यों की हिस्सेदारी 2.9% के निम्न स्तर पर है, जिससे उस क्षेत्र में अधिक कवरेज की आवश्यकता उजागर होती है। वित्त वर्ष 2025 में 14 मार्च, 2025 तक के संवितरण में शिशु, किशोर और तरुण श्रेणियों की हिस्सेदारी क्रमशः 18.6%, 50.3% और 30.5% रही।

पीएमएमवाइ : समावेशी उद्यमिता के एक दशक का उत्सव

मनोज मित्तल

प्रधानमंत्री द्वारा 8 अप्रैल, 2015 को लॉन्च की गयी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाइ), भारत में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण पहुंच को सुविधाजनक बनाने में एक परिवर्तनकारी पहल रही है। पीएमएमवाइ ने अपने अस्तित्व के पिछले एक दशक में सूक्ष्म ऋण को औपचारिक रूप देकर रोजगार और समग्र आर्थिक विकास को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा दिया है। 2023-24 में पीएमएमवाइ के तहत संवितरण 5.32 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो इसके बढ़ते पैमाने और प्रभाव को प्रतिबिंबित करता है। यह कार्यक्रम सरकार की वित्तीय समावेश रणनीति के अनुरूप है, जिसमें बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों को बैंकिंग सुविधा देना, असुरक्षित लोगों को सुरक्षित करना और वित्तपोषण से वंचित लोगों को वित्तपोषित करना शामिल है। पीएमएमवाइ ने पूरे भारत में उद्यमिता और नवाचार की भावना का बीजारोपण किया है।

प्रमुख विशेषताएं

पीएमएमवाइ ऋण : पीएमएमवाइ योजना के तहत प्रदान किये जाने वाले ऋणों को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है (1) शिशुः 50,000 रुपये तक (2) किशोरः 50,000 रुपये से अधिक से लेकर 5 लाख रुपये तक (3) तरुणः 5 लाख रुपये से अधिक से लेकर 10 लाख रुपये तक और (4) तरुण प्लसः 10 लाख रुपये से अधिक से लेकर 20 लाख रुपये तक।

पीएमएमवाइ ने पूरे भारत में उद्यमिता और नवाचार की भावना का बीजारोपण किया है।

पीएमएमवाइ की कुछ विशेषताएं, जिन्होंने इसे लोकप्रिय बनाया है, इस प्रकार हैं (1) सावधि ऋण के अलावा रुपे डेबिट कार्ड के माध्यम से ओवरड्राफ्ट सुविधा (2) व्यावसायिक नकदी प्रवाह के अनुरूप लचीली पुनर्भुगतान शर्तें (3) ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उच्च डिजिटल पहुंच के साथ लगभग सभी विनियमित बैंक और गैर-बैंक ऋणदाताओं की भागीदारी तथा (4) एनसीजीटीसी द्वारा प्रबंधित सीजीएफएमयू से गारंटी कवरेज।

पीएमएमवाइ डैशबोर्ड : शुरुआत से लेकर 14 मार्च, 2025 तक पीएमएमवाइ के तहत स्वीकृत और वितरित कुल राशि क्रमशः 33.54 लाख करोड़ रुपये और 32.76 लाख करोड़ रुपये रही, जबकि कुल ऋण खातों की संख्या 52.24 करोड़ है। चालू वर्ष में अब तक कुल स्वीकृत और वितरित राशि क्रमशः 4.65 लाख करोड़ रुपये और 4.54 लाख करोड़ रुपये है।

पीएमएमवाइ की सुविधाएं देश के अधिकांश हिस्सों में मौजूद हैं, जिसमें तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और बिहार संचयी संवितरण के मामले में शीर्ष पांच राज्य हैं, जिनकी हिस्सेदारी 46.4% है। हालांकि, पूर्वोत्तर राज्यों की हिस्सेदारी 2.9% के निम्न स्तर पर है, जिससे उस क्षेत्र में अधिक कवरेज की आवश्यकता उजागर होती है। वित्त वर्ष 2025 में 14 मार्च, 2025 तक के संवितरण में शिशु, किशोर और तरुण श्रेणियों की हिस्सेदारी क्रमशः 18.6%, 50.3% और 30.5% रही। परिचालन के पहले वर्ष से ऋणों की औसत धनराशि दोगुनी हो गयी है, जो वित्त वर्ष 2016 के 39,405 रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 81,018 रुपये हो गयी है और चालू वर्ष में यह 14 मार्च, 2025 तक 1.03 लाख रुपये तक पहुंच गयी है।

पीएमएमवाइ का परिवर्तनकारी प्रभाव: पीएमएमवाइ सरकार के सर्वाधिक समावेशी कार्यक्रमों में से एक रहा है और इसने लाखों सूक्ष्म उद्यमियों को पहली बार औपचारिक ऋण तक आसान पहुंच की सुविधा प्राप्त करने में मदद की है। 14 मार्च, 2025 तक, 10.71 करोड़ नये उद्यमी खातों को 10.28 लाख करोड़ रुपये के पीएमएमवाइ ऋण स्वीकृत किये गये हैं, जिनकी संचयी स्वीकृतियों में हिस्सेदारी 30.7% है।

महिला उद्यमियों के लिए संचयी स्वीकृतियां 14.68 लाख करोड़ रुपये रही, जो कुल स्वीकृतियों का 43.8% है। इसके अलावा, एससी/ एसटी/ ओबीसी श्रेणियों को कुल स्वीकृतियां 11.55 लाख करोड़ रुपये रही, जो ओबीसी की संचयी स्वीकृतियों का 34.4% है। बिना गिरवी के ऋण की पेशकश करके, पीएमएमवाइ विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है।

योजना ने, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में नयी नौकरियों के सृजन में और बेरोजगारी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

पीएमएमवाइ की वास्तविक कहानियां: वास्तविक जीवन के कई उदाहरण पीएमएमवाइ ऋणों की परिवर्तनकारी शक्ति को उजागर करते हैं। झारखंड की मालती देवी, जो पहले एक संघर्षशील कृषि मजदूर थीं, ने पशुपालन व्यवसाय शुरू करने के लिए 1 लाख रुपये का ऋण लिया, जिससे उनके परिवार की आजीविका में सुधार हुआ और उनके बच्चे शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम हुए। मेघालय में सिमा रानी मालाकार ने सिलाई मशीन खरीदने के लिए 40,000 रुपये का ऋण लिया, जिससे उन्होंने अपने घर पर सिलाई व्यवसाय शुरू किया। आज, वे स्वतंत्र हैं और अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सक्षम हैं। इसी तरह, जयपुर के सुरेश जाट ने कार्गो परिवहन व्यवसाय शुरू करने के लिए 7.95 लाख रुपये का ऋण लिया, व्यवसाय लगातार बढ़ता गया, जिससे वे अपने परिवार के लिए घर बनाने में सक्षम हुए।

मुद्रा की भूमिका : सिडबी की सहायक कंपनी के रूप में स्थापित, सूक्ष्म इकाई विकास एवं पुनर्वित्तपोषण एजेंसी लिमिटेड (माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी लिमिटेड, मुद्रा) बैंकों, एनबीएफसी और एमएफआइ जैसे विभिन्न ऋणदाताओं द्वारा दिये गये पीएमएमवाइ ऋणों को पुनर्वित्त करके पीएमएमवाइ के माध्यम से ऋण के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। 28 फरवरी, 2025 तक, मुद्रा लिमिटेड ने पीएमएमवाइ ऋणों के पुनर्वित्त के माध्यम से 95,350 करोड़ रुपये की संचयी राशि मंजूर की है और 90,842 करोड़ रुपये का संवितरण किया है।

निष्कर्ष : पीएमएमवाइ ने उन लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करके भारत के लघु व्यवसाय परिदृश्य पर एक परिवर्तनकारी प्रभाव डाला है, जो अपने और अपने आसपास के लोगों के लिए आजीविका के अवसरों का सृजन करना चाहते हैं। सूक्ष्म उद्यमों को सशक्त बनाने और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के जरिये, यह योजना स्वरोजगार, वित्तीय समावेश और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के सरकार के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है। पीएमएमवाइ वित्तीय समावेशन में एक दशक के नवाचार का प्रतीक है और आगे चल कर यह विकसित भारत के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

(लेखक : अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) हैं।)

कोल्हान की खबरें

विधायक ने मानगो पेयजल परियोजना के संचालन के लिए डीसी के साथ की बैठक, दिया निर्देश

सर्विस पाइप लाइन को मेन पाइप लाइन से जोड़ें

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। मानगो पेयजल परियोजना के सुचारू संचालन हेतु जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने जिले के डीसी, मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से विस्तृत वार्ता की। गुरुवार को वार्ता के दौरान विधायक ने डीसी से समन्वय समिति का गठन करने के लिए आग्रह किया। ताकि मानगो नगर निगम, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, परियोजना से संबंधित ठेकेदार और जिला प्रशासन के पदाधिकारियों को सम्मिलित कर जहाँ पेयजल आपूर्ति बाधित है उन क्षेत्रों की समीक्षा कर सके। डीसी ने शीघ्र समिति गठन का आश्वासन दिया। बैठक के दौरान श्री राय ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा मानगो के कई इलाकों में 2017-18 से जलापूर्ति नहीं हो रही, फिर भी पानी का बिल उपभोक्ताओं को भेजा जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया जिन क्षेत्रों की सर्विस पाइप लाइनें मेन पाइप लाइन से नहीं जुड़ी हैं, उन्हें जोड़ने का कार्य प्रारंभ किया जाए। इसके अतिरिक्त जानकारी मिली कुछ क्षेत्रों में सर्विस लाइन और मेन लाइन का आकार समान होने या सर्विस लाइन के नीचे होने के कारण पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। विधायक ने संबंधित विभागों को ऐसी तकनीकी खामियों को सुधारने का निर्देश दिए। मौके पर कार्यपालक अभियंता ने बताया विभाग का एक कनीय अभियंता अब से परियोजना संचालन की निगरानी करेंगे।साथ ही वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से जलापूर्ति नियमित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। मोटर पम्प की समस्या होने से बायपास व्यवस्था के तहत पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इससे संबंधित खर्च का आकलन दो दिनों के अंदर कर लिया जाएगा। जिसे मानगो नगर निगम वहन करेगी। अधिकारियों ने आश्वस्त किया दो दिनों के अंदर क्षेत्रों में जलापूर्ति शुरू हो जाएगी।बैठक के बाद विधायक सरयू राय ने उम्मीद जताया जिला प्रशासन, मानगो नगर निगम और पेयजल विभाग के समन्वय से पुरानी गलतियों को सुधारते हुए एक सप्ताह के अंदर मानगो जलापूर्ति व्यवस्था में व्यापक सुधार देखने को मिलेगी।

टीएसडीपीएल कर्मचारी यूनियन की आम सभा 12 को

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। टाटा स्टील प्रोसेसिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड कर्मचारी यूनियन की आम सभा आगामी 12 अप्रैल को यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय के बिष्टुपुर स्थित आवासीय कार्यालय परिसर में आयोजित की जायेगी। गुरुवार को यूनियन की ओर से दिनेश कुमार ने इसकी जानकारी दी। कहा कि आम सभा की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष राकेशेश्वर पांडेय करेंगे। मौके पर यूनियन सदस्यों को नये रजिस्ट्रेशन, कंपनी और यूनियन के नाम में प्रस्तावित परिवर्तन, संविधान संशोधन व लंबित ग्रेड से संबंधित विषयों पर जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर आगामी कार्ययोजनाओं और उनके क्रियान्वयन की रूपरेखा भी प्रस्तुत की जायेगी।

रघुनाथ राय हत्याकांड के चार आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

ईचागढ़। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ पुलिस ने बीते 6 अप्रैल को नागासेरेंग गांव के पास सड़क किनारे से बरामद आरआइटी निवासी रघुनाथ राय हत्या कांड का खुलासा कर दिया। गुरुवार को पुलिस ने हत्या में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। घटना की जानकारी देते हुए एसडीपीओ अरविंद कुमार बिनहा ने बताया एसपी के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई की गयी। टीम ने तकनीकी एवं मानवीय सूचनाओं के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में आरोपी बंतानगर निवासी जिल्लर पाल,छोटा लाखा चांडिल निवासी राजीव कुम्हार, चांडिल निवासी गणेश कुंभकार और आशीष कुंभकार शामिल है। आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल फोन भी जप्त किया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया जमीन की कमीशन राशि को लेकर विवाद के कारण उन्होंने रघुनाथ राय की हत्या की योजना बनाकर घटना को अंजाम दिया। फिलहाल सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापेमारी दल में ईचागढ़ थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडे, चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो और चांडिल थाना प्रभारी डिल्सन बिरुआ सहित पुलिस बल शामिल रहे।

भाजपा के सक्रिय सदस्यता सम्मेलन में संगठन मजबूती का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में पोटका विधानसभा अंतर्गत सुंदरनगर स्थित कल्याण मंडप में सक्रिय सदस्यता सम्मेलन का आयोजित किया गया। गुरुवार को सम्मेलन की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने की।

मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी, सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, पूर्व प्रत्याशी मीरा मुंडा, प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद समेत कई प्रमुख नेताओं ने भाग लिया। सभी अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से पार्टी पितृपुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जलित कर सम्मेलन की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा 2014, 2019 और अब 2024 लगातार तीन बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की राजनीति की दिशा बदल दी। आर्थिक मोर्चे पर भारत पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 12 करोड़ से अधिक शौचालय, 4 करोड़ से अधिक आवास, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन, और आयुष्मान भारत से मुफ्त इलाज मिला। इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में देश में रिकॉर्ड रेललाइन, हाइवे, एयरपोर्ट और एक्सप्रेसवे बनाये गये। मोबाइल और इंटरनेट क्रांति से डिजिटल इंडिया आज विश्व मंच पर चमक रहा है। कश्मीर से धारा 370 हटाना, राम मंदिर निर्माण, तीन तलाक, सीएए और वक्फ (संशोधन) विधेयक 2025 जैसे ऐतिहासिक निर्णय मोदी सरकार की निर्णायक नेतृत्व शैली का परिणाम है। प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद ने कहा आज भाजपा 20 से अधिक राज्यों में सरकार चला रही है, 18 करोड़ से अधिक सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है, और 38 से अधिक दल एनडीए के साथ जुड़कर सबका साथ, सबका विकास की संकल्पना को मजबूत कर रहे हैं।

पूर्व विधायक मेनका सरदार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज समाज का हर वर्ग-गरीब, किसान, युवा, महिला, दलित, पिछड़ा खुद को विकास की धारा में भागीदार महसूस करता है। देश की राजनीति को परिवारवाद से निकालकर विकासवाद की ओर मोड़ा गया। भाजपा सरकार में योजनाएं फाइलों में नहीं बल्कि धरातल पर लागू होकर दिखती हैं। पूर्व प्रत्याशी मीरा मुंडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति की परिभाषा बदल दी है। पहले जो राजनीति वंशवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार पर आधारित थी, उसे उन्होंने विकास, पारदर्शिता और सबका साथ-सबका विकास की भावना में परिवर्तित किया है। सभी ने कार्यकर्ताओं से भाजपा की नीतियों एवं केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा झामुमो-कांग्रेस सरकार की विफलताओं को उजागर करने का आह्वान किया। मौके पर सम्मेलन में शामिल हुए कार्यकर्ताओ ने भी संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया। मंच संचालन अनिल मोदी एवं धन्यवाद ज्ञापन आनंद कुमार ने किया। मौके पर हरेंद्र सिंह, दुखनी माई सरदार, संजीव कुमार, अमित मिश्रा, अश्विनी तिवारी, सुदीप दे, रविन्द्र सिंह सरदार, चंद्रशेखर गुप्ता, गणेश सरदार, मनोज सरदार, प्रदीप मुखर्जी, बेबी भूमिज, मुकेश सिंह, शैलेश पाठक, राजेंद्र कुंवर, तारा सिंगारी, गीता सिंगारी, पार्वती सरदार, अनमोल वर्मा, संजय सिंह, संतान ओझा, सुभाष सिंह, होपना महाली, अनिल शर्मा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

केजीएन मेडिकल में फायरिंग और लूटकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

चांडिल। सरायकेला-खरसावां जिला के कपाली ओपी पुलिस ने बीते 5 अप्रैल को टीओपी चौक, अल कबीर रोड स्थित केजीएन मेडिकल में हुई फायरिंग और लूटपाट की घटना का खुलासा कर दिया।गुरुवार को पुलिस ने घटना में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।गिरफ्तार अपराधियों में सैयद मोहम्मद इमरान उर्फ इमरान, मोहम्मद शाहनवाज, दानिश कुरैशी उर्फ छोटू शामिल है। एसडीपीओ अरविंद कुमार बिन्हा ने बताया जिले एसपी मुकेश कुमार लुणायत के निर्देश पर विशेष टीम का गठन कर कारवाई की गई। घटना में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। दानिश कुरैशी की निशानदेही पर एक देसी पिस्टल,तीन जिंदा कारतूस और इमरान के पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान तीनों आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। छापेमारी दल में ओपी प्रभारी सोनू कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक कौशल कुमार, असलम अंसारी, सुमित तिर्की, हीरालाल मुंडू एवं मोहम्मद खुर्शीद आलम शामिल रहे।

देशी कट्टा के साथ पांच चोर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

रमकंडा। गुरूवार को गढ़वा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। रमकंडा पुलिस ने मोटर चोरी की घटना का उद्भेदन करते हुए देशी कट्टा के साथ पांच चोरो को गिरफ्तार किया है। वहीं इनकी निशानदेही पर आठ मोटर बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में रमकंडा प्रखंड मुख्यालय के उपर टोला निवासी बाबूलाल मोची के 20 वर्षीय पुत्र अंग्रेस कुमार, उमेश राम के पुत्र देवनाथ कुमार, स्व सुदामा मोची के पुत्र रामबली कुमार, कृष्णा राम के 18 वर्षीय पुत्र अमरेश कुमार और गणेश राम के 25 वर्षीय पुत्र वीरेंदर कुमार, के नाम शामिल है। रमकंडा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान रंका अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने बताया कि बुधवार को रमकंडा निवासी रहमत अली की शिकायत पर रमकंडा थाने में कांड संख्या 12/25 के तहत मोटर चोरी की प्राथमिकी दर्ज की गयी। वहीं इस कांड का उद्भेदन कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बताया की इनके निशानदेही पर आठ पिस मोटर पंप, संतोष यादव के घर के पास चोरी किये गये 50 किलो लोहे का सरिया और एक बोरी चावल बरामद किया गया। वहीं अभियुक्त अमरेस कुमार के पास से एक देशी कट्टा भी बरामद किया गया। पुलिस ने इस मामले में आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्या 13/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पूछताछ में इन आरोपियों ने उपरटोला स्थित नव प्राथमिक विधालय से मध्याहन भोजन का चावल चोरी किये जाने की बात स्वीकारी है। छापेमारी टीम में रमकंडा थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह कुंटिया के अलावे पुअनि रवि कुमार पटेल, सतीश कुमार राम, सअनि सुरेंद्र कुमार और पुलिस के जवान शामिल थे।

दो गैस गोदाम शहर से ग्रामीण क्षेत्र में हुए शिफ्ट

आर्यन एचपी एजेंसी के संचालक पर होगी कार्रवाई : एसडीओ

एसडीओ ने गोदाम स्थानांतरण का दिया था पूर्व में निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। गढ़वा शहरी क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से चल रहे तीन एलपीजी गैस गोदामों में से दो गैस गोदाम ग्रामीण क्षेत्र में शिफ्ट हो गए हैं। एसडीओ संजय कुमार ने गुरुवार को गढ़वा नगर परिषद के प्रशासक सुशील कुमार और संबंधित कर्मियों को साथ लेकर उक्त तीनों गैस गोदाम परिसरों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जो तथ्य सामने आये उसके अनुसार कचहरी रोड स्थित भारद्वाज भारत गैस एजेंसी के गोदाम को पूरी तरह खाली कराकर ग्रामीण क्षेत्र में शिफ्ट करा दिया गया है। वहीं ओबरा के पत्ते पर पंजीकृत ग्रामीण गैस वितरक मां दुर्गा एचपी एजेंसी के गोदाम को ओबरा में ही शिफ्ट कर दिया गया है। पहले यह गैस गोदाम रंका मोड और टंडवा पुल के बीच घने

वाणिज्यिक क्षेत्र में अवस्थित था। दोनों एजेंसियों के संचालकों ने बताया कि एसडीओ का दूसरा नोटिस मिलने के तुरंत बाद उन्होंने स्थानांतरण की उक्त कार्रवाई कर ली थी। उल्लेखनीय है कि अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने पिछले माह गढ़वा शहरी क्षेत्र स्थित गैस एजेंसियों के औचक निरीक्षण के क्रम में प्रथम द्दष्टया अनियमितताएं मिलने पर तीन गैस एजेंसियों के संचालकों को एक सप्ताह का समय देते हुए कड़ा नोटिस दिया था। दरअसल शहरी क्षेत्र अंतर्गत तीन गैस एजेंसियों के गोदाम शहरी क्षेत्र में होने की पुष्टि हुई थी जिनको ग्रामीण वितरक का लाइसेंस प्राप्त है किंतु इनके द्वारा शहरी क्षेत्र में सेवा प्रदाता का काम करते हुये उनके अवैध गैस गोदाम शहरी क्षेत्र अंतर्गत पाये गये थे। इस पर एसडीओ ने कचहरी रोड स्थित आर्यन एचपी गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी, मेराल, भारद्वाज भारत गैस एजेंसी कल्याणपुर तथा मां दुर्गा एचपी गैस एजेंसी ओबरा के संचालकों को नोटिस जारी करते हुए एक सप्ताह के अंदर शहरी क्षेत्र से इन खतरनाक गोदामों को हटाने का निर्देश दिया गया था, साथ ही उनसे स्पष्टीकरण पूछा गया था कि क्यों नहीं उनकी अनुज्ञप्ति रद्द करने की दिशा में कार्रवाई की जाये। तीन हफ्ते बीत जाने के बाद पुनः दूसरा और अंतिम सख्त नोटिस देते हुए दो दिन का समय दिया गया था, इस पर उपरोक्त दो गैस एजेंसी ने अपने-अपने गोदाम को संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में शिफ्ट कर लिया है। शिफ्ट होने के बाद एसडीओ संजय कुमार ने उन दोनों एजेंटीयों को हिदायत भी दी है कि वे वापस इसकी पुनरावृत्ति नहीं करेंगे अर्थात भविष्य में भी शहरी क्षेत्र में अपना गोदाम नहीं बनायेंगे। एसडीओ ने बताया कि तीसरी गैस एजेंसी आर्यन एचपी ग्रामीण वितरक मेराल के नाम पर अनुज्ञप्ति मिली है। जिसने अभी तक अपने गोदाम को घने शहरी क्षेत्र से बाहर शिफ्ट नहीं किया है। चूंकि उनको दी हुई समय सीमा समाप्त हो गयी है। इसलिए उक्त एजेंसी के संचालक पर वैधानिक कार्रवाई और एजेंसी की अनुज्ञति रद्द करने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है।

रारो गांव में खलिहान में रखा 600 गेहूं का बोझा जलकर राख, लाखों का नुकसान

डंडई (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रारो गांव के पथलाही टोला निवासी दिनेश यादव और लालमोहन यादव पिता स्व खीरू यादव के खलिहान में रखे गेहूं के बोझा में गुरुवार को सुबह करीब 7 बजे अचानक आग लग गयी। जिससे खलिहान में रखे करीब 6 सौ गेहूं बोझा जल कर नष्ट हो गया। इसके बाद सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पहुंच आग पर काबू पाने के लिए मोटर पाइप, डीजल पंप से पानी का बौछार छोड़ने लगे। तब तक गेहूं का सुखा बोझा धू-धू कर जलता रहा। भुक्तभोगी किसान दिनेश यादव और लालमोहन यादव ने बताया कि गेहूं की फसल काटकर अपने घर से कुछ दूर खलिहान में रखे थे। उक्त गेहूं को थ्रेसर से गुरुवार को कटाई करना था। इसी बीच सुबह करीब 7 बजे अचानक शोर गुल होने लगा तो देखा कि मेरे ही खलिहान में रखे गेहूं के बोझा में आग लग गयी है। भुक्तभोगी किसान ने बताया कि इस आगलगी की घटना में तीन लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से उचित मुआवजा की गुहार लगायी है। पक्ष : वहीं मामले में बीडीओ सह सीओ देवलाल करमाली ने बताया की रारो गांव में आगलगी की घटना की जानकारी मिली है। आगलगी की घटना को जांच पड़ताल कर भुक्तभोगी किसान को नियमानुसार मुआवजा के लिए आगे की कार्रवाई की जायेगी।

महुआ चुनने को लेकर मारपीट, तीन घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत बनसानी पंचायत के माईधीया गांव में महुआ चुनने को लेकर दो परिदारों के के बीच मारपीट की घटना में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गये। घायलों में मंगरू यादव, उनकी पत्नी अमिला देवी और पुत्र सुबई कुमार यादव का नाम शामिल है। उक्त सभी को ईलाज के लिए स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में घायलों ने बताया कि मेरे रैयती जमीन में महुआ का पेड़ है, जिसका एक डोल मेरे गोतिया के खेत में था, जिसे लेकर उनके द्वारा हमलोगो को महुआ चुनने नहीं दे रहे थे, तो कहा कि मैं इस पेड़ के डाल को ही काट दूंगा, इस बात से आक्रोशित होकर मेरे पटीदार अवधेश यादव, बीरेंद्र यादव, आशीष यादव, अजीत यादव, बिमली देवी व कलपतिया देवी अपने हाथों में लिए लाठी, डंडे और टांगी से ताबड़तोड़ प्रहार कर हमलोगों को लहूलुहान कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मारपीट की घटना को लेकर घायलों ने स्थानीय थाने में लिखित आवेदन दिया है।

नि:शुल्क सामूहिक विवाह समारोह 21 को

गढ़वा (आजाद सिपाही)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वनांचल एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा आयोजित अघोरेश्वर भगवान राम निशुल्क सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन दिनांक 21अप्रैल को किया जा रहा है। इसी क्रम में 11 अप्रैल को 9.00 बजे सुबह से चयनित जोड़ों में वस्त्र वितरण का कार्यक्रम बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय परिसर फराठिया के गुरुपद संभवरामजी सभागार में होगा।

वक्फ संशोधन बिल के विरोध का राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन करेगा समर्थन : आफताब आलम

रंका (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन गढ़वा के जिलाध्यक्ष आफताब आलम ने कहा है कि वक्फ अमेंडमेंट बिल के खिलाफ में 12 अप्रैल 2025 को गढ़वा जिले के मुस्लिम संगठनों के द्वारा आहूत विरोध प्रदर्शन का राष्ट्रीय अंसारी एकता संगठन गढ़वा जिला समर्थन करता है। आफताब आलम ने आजाद सिपाही को बताया कि मुस्लिम संगठनों के द्वारा वक्फ अमेंडमेंट बिल का समर्थन तो करता है लेकिन किसी भी असंवैधानिक कृत्यों का विरोध करता है। संगठन तोड़ फोड़, आगजनी, पथराव, हिंसा जैसी किसी भी अन्य तरह की गैर-संवैधानिक कार्यो का समर्थन नहीं करता है।

राजनीतिक पार्टी का महापर्व होता है महाधिवेशन: मिथिलेश ठाकुर

झामुमो के महाधिवेशन की तैयारी के लिए पूर्व मंत्री ने की डेलिगेट के साथ बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। झारखंड मुक्ति मोर्चा की आगामी 14 व 15 अप्रैल को टाना भगत स्टेडियम रांची में आयोजित महा अधिवेशन की सफलता के लिए पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस महा अधिवेशन में गढ़वा से 200 सक्रिय सदस्य शामिल होंगे।

मौके पर श्री ठाकुर ने कहा कि महा अधिवेशन किसी भी पार्टी का महापर्व होता है। महाअधिवेशन में सिर्फ सक्रिय कार्यकर्ता ही भाग लेते हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग महा अधिवेशन में अनुशासित ढंग से भाग लेंगे। गढ़वा के सारे लोग एक साथ ही रहेंगे, ताकि वहां सबों की उपस्थिति दिखे। इस महा अधिवेशन में झारखंड के सभी जिलों सहित विभिन्न प्रदेशों के कार्यकर्ता भाग लेंगे। गढ़वा जिले के सभी 20 प्रखंड और नगर पंचायत कमेटी, जिला संयोजक, केंद्रीय समिति सदस्य आदि लोग शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि गढ़वा जिले में 50 हजार नये सदस्य बनाए गए हैं। साथ ही 189 पंचायत समिति और तीनों नगर कमेटी का गठन कर लिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से तनवीर आलम, शरीफ अंसारी, जवाहर पासवान, रेखा चौबे, अनिता दत्त, धनंजय सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

मोदी सरकार सेवा भावना से काम करने वाली एकमात्र सरकार है : मनोज सिंह

पीएम के सत्ता में 11 वर्ष पूर्ण होने पर बीजेपी ने सेवा पखवाड़ा दिवस का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्ष सफलता पुर्वक पुरा होने पर सेवा पखवाड़ा दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें लगमा ब्रह्म स्थान मंदिर परिसर में साफ-सफाई अभियान स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण और केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थी से संपर्क कर चर्चा किया गया। साथ ही राम मंदिर आंदोलनकारी बिरेंद्र जायसवाल को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के आवास पर गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय सदस्यों के साथ सम्मेलन का आयोजन किया गया।

मौके पर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि मोदी सरकार सेवा भावना से काम करने वाली एक मात्र सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशहित में अनेकों योजनाएं बनायी हैं जिसका लाभ सभी जाति धर्म संप्रदाय के लोग खुलकर ले रहें हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सफलता पुर्वक 11 वर्ष पुरा कर लिया है। इससे यह साबित होता है कि देश में एक अच्छी सरकार चल रही है। जिला प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

विधायक प्रतिनिधि ने डीसी से हासनदाग में पेयजल और प्रखंड के लिए दमकल उपलब्ध कराने का किया मांग

मेराल (आजाद सिपाही)। विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने गुरुवार को डीसी गढ़वा को पत्र लिखकर प्रखंड अंतर्गत हासनदाग के केवाल टोला पर पेयजल संकट को देखते हुए यहां तत्काल डीप बोरिंग या पानी सप्लाई की व्यवस्था करने, एक दिन पूर्व इसी गांव के बदन चौधरी सहित तीन परिवार के घर जल जाने से हुए नुकसान का आकलन कराकर तत्काल मुआवजा दिलाने के साथ-साथ पूर्व में भी अग्निकांड से पीड़ित परिवार का लंबित मुआवजा दिलाने तथा मेराल प्रखंड में दो दमकल गाड़ी उपलब्ध कराने की दिशा में अग्रेतर कार्रवाई करने की मांग किया है।

होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति विश्व में मानव समुदाय के लिए वरदान : डॉ मुरली

होम्योपैथी के जनक डॉक्टर हैनिमैन की 270वीं जयंती मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला परिषद मार्केट परिसर में अवस्थित अलख होमियो हॉल में होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के जनक डॉक्टर हैनिमैन की 270वीं जन्मतिथि मनायी गयी। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ मुरली प्रसाद ने कहा कि हैनीमैन के द्वारा दुनिया को दिया गया होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति विश्व में मानव समुदाय के लिए वरदान साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि इस चिकित्सा पद्धति से गंभीर से गंभीर बीमारियों का इलाज सफलतापूर्वक किया जा रहा है। इसमें साइड इफेक्ट की गुंजाइश नहीं के बराबर होती है। कम खर्च में बीमारी जड़ से नष्ट होते हैं। मौके पर अलख होम्योपैथिक मेडिकल सेंटर के प्रोपराइटर डॉक्टर कृष्ण बिहारी ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति मानव समुदाय के लिए वरदान साबित हो रहा है। इसके सतत विकास की और जरूरत है। उन्होंने राज्य और केंद्र के आयुष मंत्रालय को ध्यान आकर्षित करवाते हुए कहा कि इसे और विस्तार पूर्वक स्थापित करने की जरूरत है। मौके पर अंजु केर-केट्टा सहित शहर के कई प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

होम्योपैथी पर वैज्ञानिक सेमिनार का आयोजन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। देवकी महावीर होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं रिसर्च अस्पताल फराठिया गढ़वा द्वारा विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया गया और साथ में होम्योपैथी पर वैज्ञानिक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें होम्योपैथी के जनक डा हैनीमैन के 270वें जन्मदिन पर उनके होम्योपैथी के प्रति अमूल्य योगदान को याद किया गया। होम्योपैथी पर वैज्ञानिक सेमिनार का आयोजन मुंबई से आये हुये डॉ आलोक, डॉ श्री कृष्णा डाफले के सहयोग से आयोजित किया गया। सेमिनार का विषय 'एक्सप्लोरिंग द डेप्थ ऑफ माइंड - बॉडी एंड सोल कनेक्शन' था। इस सेमिनार का उद्देश्य होम्योपैथी में नवीनतम प्रगति और अनुसंधान को भी समझना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह , विशेष अतिथि कुलपति प्रो (डॉ) एमके सिंह, रजिस्ट्रार महोदय प्रो(डॉ) अजय भूषण प्रसाद, एग्जामिनेशन कंट्रोलर ललन सिंह, आल प्रिंसिपल ऑफ कांस्टीट्यूएंट कॉलेज ऑफ बाबू दिनेश सिंह यूनिवर्सिटी, अर्डेंट होम्यो फोरम की तरफ से आये हुए डॉ भावेश गंगानी, डॉ निशांत कुमार मोदी, कॉलेज के सम्मानित शिक्षकगण, पीजीटी एमडी (होम्यो), इंटर्न्स एवं छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे।

भोला चंद्रवंशी निगरानी समिति के दूसरी बार सदस्य बने

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी उर्फ चंद्रदीप चंद्रवंशी को गढ़वा विकास समन्वय और निगरानी समिति का दूसरी बार पुनः सदस्य मनोनीत किया है। इस कार्य के लिए श्री चंद्रवंशी ने पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ग्रामीण विकास मंत्री भारत सरकार के शिवराज सिंह चौहान एवं पार्टी के नेतृत्व का के प्रति आभार प्रकट किया है। इधर भोला चंद्रवंशी के मनोनयन के पश्चात भारतीय जनता पार्टी गढ़वा जिला के सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, भाजपा नेता ब्रजेश उपाध्याय, जिला अध्यक्ष ठाकुर

प्रसाद महतो, नंदकुमार पांडेय, विनय चौबे सहित कई नेताओं ने श्री चंद्रवंशी को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

धर्मरक्षा वाहिनी ने एसडीओ को मांग पत्र सौंपा

गढ़वा (आजाद सिपाही)। धर्मरक्षा वाहिनी के पदाधिकारी और सदस्यों ने अनुमंडल पदाधिकारी के आवास जाकर उन्हें मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में गौ हत्या बंद कर गौ मांस बेचने वालों पर कठोर कार्रवाई करने, मुर्गा, मिट, मछली, अंडा आदि मांसाहारी दुकानों को भीड़ वाले इलाके से दूर बाजार (मार्केट) बनाकर उन्हें वहां स्थानांतरित करने, उंचरी श्मशान घाट की भूमि पर मूस्लिमों की जमाबंदी को रद्द कर चाहारदिवारी का निर्माण करने, गढ़वा बाजार समिति के सामने स्थित सरकारी (तेतरिया टांड़) भूमि पर सार्वजनिक (स्टेडियम, बस स्टैंड) आदि निर्माण करने और श्री कृष्ण गौशाला समिति की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की मांगे शामिल हैं। मांग पत्र सौंपने वालों में उपेंद्र सिंह, रमेश कुमार दीपक, सत्यनारायण सिंह, कौशल कांत कुमार, शुभम् चौबे,चंदन स्वामी, करन चंद्रवंशी, शंकर माली, चंदन गुप्ता, भोला गुप्ता आदि अन्य शामिल थे।

सरस्वती विद्या मंदिर में महावीर की जयंती मनी

आजाद सिपाही संवाददाता

श्री बंशीधर नगर। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर श्री बंशीधर नगर में जैन धर्म के 24 में तीर्थंकर महावीर का जयंती मनाया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सगमा एसबीआई के जनार्दन प्रसाद और प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने भारत माता, ओम, मां शारदे और भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे। उन्होंने हमें अहिंसा, सत्य और अपरिग्रह का मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उनका संदेश है कि हमें सभी जीवों के प्रति दया और प्रेम रखना चाहिए। उनके उपदेश हमें सिखाते

हैं कि सादा जीवन जीकर सच्चे सुख की प्राप्ति हो सकती है। इस अवसर पर भैया अर्णव पांडे ने भी भगवान महावीर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भाषण दिया। आचार्य नीति कुमारी ने अपने बौद्धिक में बताया कि यह दिन भगवान महावीर को श्रद्धांजलि देने और उनकी शिक्षाओं को याद करने का है। उनका जन्म 599 ईसा पूर्व बिहार के कुंडग्राम में हुआ था। उन्होंने 30 साल की उम्र में संन्यास ले लिया और 12 साल की कठोर तपस्या के बाद उन्हें केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई।

अंगूठे का डुप्लीकेट निशान तैयार कर ठगी करने वाला सीएसपी संचालक गिरफ्तार

एमसिल और फेविकोल की मदद से तैयार करता था डुप्लीकेट अंगूठा का निशान

आजाद सिपाही संवाददाता

धुरकी। गढ़वा जिले के धुरकी थाना क्षेत्र में पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी, निरंजन कुमार, डंडई थाना क्षेत्र के सोनेहारा गांव का निवासी है और जगनारायण साव का पुत्र है। वह अपने गांव में रेपि-पे, फिनो पेमेंट और स्पाइस मनी जैसे सीएसपी (कस्टमर सर्विस प्वाइंट) केंद्रों का संचालन करता था। निरंजन कुमार पर आरोप है कि वह फर्जी अंगूठे के निशान बनाकर ग्रामीणों के बैंक

खातों से अवैध रूप से पैसे निकाल रहा था। पुलिस ने सरस्वती देवी के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान सामने आया कि 27 मार्च को टाटीदीरी गांव की महिला फुल कुमारी जब पैसे निकालने के लिए सीएसपी केंद्र पहुंची, तो आरोपी ने एम-सील, फेवीकॉल और बोरोप्लस क्रीम की मदद से उसका नकली अंगूठा तैयार कर लिया। इसके जरिए उसके खाते से 7,500 रुपये निकाल लिए गए। इसी तरह, सफीना खातून के खाते से 9,500 रुपये और रेशमी देवी के खाते से 4,500 रुपये की अवैध निकासी की गई। 28 मार्च को इन सभी पीड़ित महिलाओं ने धुरकी थाना में शिकायत दर्ज करायी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से एक लैपटॉप, फिंगरप्रिंट स्कैनर मशीन, बोरोप्लस क्रीम, फेवीकॉल और अन्य संदिग्ध सामग्री बरामद की। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी पहले भी कई लोगों के अंगूठे के निशान लेकर इस तरह की धोखाधड़ी कर चुका है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के नेतृत्व में सब-इंस्पेक्टर विक्कु कुमार, सुनील राम, सहायक अवर निरीक्षक शैलेंद्र कुमार, सुभाष कुमार और कंप्यूटर ऑपरेटर फुलेंद्र कुमार बैठा समेत सशस्त्र बल के जवानों ने अहम भूमिका निभायी। धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि गुरुवार को एक ही दिन में तीन अपराधियों को जेल भेजा गया, जिनमें साइबर ठग निरंजन कुमार भी शामिल है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि वे सतर्क रहें और साइबर ठगी की किसी भी घटना की सूचना तुरंत टोल फ्री नंबर 1930 पर दें।

पाल महासंघ की प्रखंड स्तरीय समिति का पुनर्गठन 13 को

गढ़वा (आजाद सिपाही)। पाल महा संघ, गढ़वा के द्वारा जिला अंतर्गत सभी प्रखंड के समितियों के पुनर्गठन का निर्णय लिया गया है। उक्त क्रम में गढ़वा सदर प्रखंड के प्रखंड स्तरीय समिति का पुनर्गठन 13 अप्रैल रविवार को गढ़वा पाल महा संघ के कार्यालय में होना सुनिश्चित हुआ है। इस बारे में अपना विचार रखते हुए पाल महा संघ के अध्यक्ष सुधीर कुमार पाल ने गढ़वा प्रखंड अंतर्गत सभी गांव के पाल बंधुओं को 13 अप्रैल रविवार को 10:00 बजे उंचरी स्थित पाल महा संघ के कार्यालय में उपस्थित होने का आग्रह किया, ताकि एक बेहतर टीम का चयन किया जा सके।

पूर्व मंत्री ने की आगलगी के पीड़ित परिवारों से मुलाकात

मेराल (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर गुरुवार को प्रखंड के हासनदाग गांव में आगलगी के पीड़ित तीनों परिवारों से मिले। उन्हें आर्थिक सहयोग दिया तथा हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। बता दें कि बुधवार को बदन चौधरी के घर में अचानक आग लग जाने उनके घर से सटे कृष्णा चौधरी तथा सोमारू चौधरी का भी घर एवं सारा सामान जलकर खाक हो गया था। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व मंत्री हासनदाग गांव पहुंच कर पीड़ितों के घर का मुआयना किया। उन्होंने परिवार के साथ उत्पन्न विकट परिस्थिति में हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया तथा तत्काल अपने पास से 15 हजार रुपए नगद सहयोग के रूप में दिया। इसके बाद श्री ठाकुर गांव के ही मोटरसाइकिल दुर्घटना के शिकार मृतक शिव मूरत चौधरी के घर जाकर परिजनों से भी मुलाकात कर ढांढस बंधाया तथा आर्थिक सहयोग दिया।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 11 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in
08

जिस घर से उठनी थी बेटी की डोली, वहां उठी बेटे की अर्थी

आजाद सिपाही संवाददाता

विकेश नायक की फाइल फोटो।

खूंटी। जिस घर से बेटी की डोली उठने वाली थी, उसके दस दिन पहले ही बेटे की अर्थी उठ गयी। मुरहू-तोरपा मुख्य पथ पर बुधवार देर शाम हुए सड़क हादसे ने एक खुशहाल परिवार की सारी खुशियां छीन लीं। हादसे में घायल मुरहू थाना के हरिजन टोली निवासी विकेश नायक (20) ने अस्पताल पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। विकेश हरिजन टोला के कुलदीप नायक का बेटा था। विकेश नायक की उसकी बहन निक्की की शादी 20 अप्रैल को होनेवाली थी। बुधवार की शाम लगभग सात बजे विकेश अपने दोस्तों सिद्धार्थ नायक और आकाश खेरवार के साथ पल्सर बाइक पर सवार होकर मुरहू लौट रहा था। रास्ते में कोड़ाकेल गांव के पास एक अज्ञात टेंपो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। टक्कर लगते ही तीनों युवक सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से खूंटी सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां विकेश की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया, लेकिन रिम्स पहुंचने से पहले ही जोड़ा पुल के पास विकेश की मौत हो गयी।

हत्या का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

ईचागढ़। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के नागासेरेंग के पास सड़क के किनारे छह अप्रैल को पुलिस ने एक अज्ञात शव बरामद किया गया था। मामले का उद्भेदन करते हुए चार हत्या के आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मालूम हो कि उक्त शव की शिनाख्त आरआइटी थाना क्षेत्र के आदित्यपुर रोड नंबर 19 निवासी जमीन कारोबारी रघुनाथ राय के रुप में हुई थी। जिसकी अज्ञात अपराधियों ने पत्थर से कुचलकर हत्या कर दिया था। पुलिस ने रघुनाथ राय हत्या में शामिल चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार

अभियुक्त में बंतानगर आदित्यपुर निवासी जिल्लर पाल, नीमडीह थाना के अंडा हुटुप वर्तमान चांडिल थाना के छोटा लाखा, मुदीडीह निवासी राजीव कुम्हार, चांडिल के छोटालाखा निवासी गणेश कुंभकार और चांडिल के छोटालाखा निवासी आशीष कुंभकार शामिल है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चांडिल के कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार बिंहा ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि रघुनाथ राय और जिल्लर पाल जमीन खरीद-बिक्री का कारोबार करते थे। दोनों के बीच जमीन खरीद बिक्री में कमीशन बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। वहीं जिल्लर पाल ने रघुनाथ राय की हत्या करने का साजिश रचा और छह अप्रैल को नागासेरेंग के पास सुनशान जगह पर रघुनाथ राय का हत्या कर दिया गया। वहीं हत्यारा ने रघुनाथ राय के बोलेरो को दारूदा, नीमडीह के पास सड़क के किनारे खड़ा कर दिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक और तीन मोबाइल बरामद किया है। उन्होंने कहा कि जिला के पुलिस के द्वारा मामले को लेकर एक टीम तैयार किया गया और मामले का उद्भेदन करते हुए गिरफ्तार कर चारों आरोपी को गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी दल में ईचागढ थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडेय,चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो, चांडिल थाना प्रभारी दिलशन बिरूआ, ईचागढ़ एसआई विश्वजीत तिवारी आदि शामिल थे।

अखबार में खबर छपने के बाद सीओ ने की कार्रवाई

अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

ईचागढ़। ईचागढ़ थाना क्षेत्र के पातकुम गांव के समीप गुरुवार अहले सुबह 5.30 बजे को उपायुक्त के निर्देशानुसार अंचल अधिकारी दीपक प्रसाद ने एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर ईचागढ़ थाना को सुपुर्द कर दिया। वही अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद ने बताया कि गुरुवार सुबह को औचक छापेमारी अभियान चलाया गया, जिसमें पातकुम गांव के समीप एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत से ईचागढ़ क्षेत्र से अवैध कारोबारी नहीं करने दिया जायेगा और जो भी इसमें सम्मलित है उसको चिन्हित करके कार्रवाई किया जायेगा।

पेस्टालॉजी सोसाइटी के चार बच्चों का वाइनबर्ग एलन मसूरी में हुआ चयन

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों के वंचित बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कार्यरत पेस्टालोजी चिल्ड्रेन एजुकेशन सोसाइटी, खूंटी के चार प्रतिभाशाली बच्चों का वाइनबर्ग एलन स्कूल, मसूरी में चयन हुआ है। चयनित बच्चों में सुगंधा कुमारी, संध्या लिंडा, अमन सिंह और कंगना कुमारी शामिल हैं। इनमें से तीन बच्चे खूंटी जिले के सुदूरवर्ती गांवों सुंदारी, सोनपुरगढ़ और हितुटोला के हैं, जबकि एक बच्चीं हजारीबाग जिले की है।

इन बच्चों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व भी पेस्टालोजी से चार बच्चें वाइनबर्ग एलन में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। वर्तमान में संस्था में 75 बच्चे हैं, जो राज्य के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। यह संस्था पद्म भूषण कड़िया मुंडा के नेतृत्व में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में एक सकारात्मक परिवर्तन के प्रयास में जुंटी है।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में मनायी गयी भगवान महावीर की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। कोयलांचल क्षेत्र के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय में भगवान महावीर जयंती मनायी गयी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गणेश महतो ने दीप प्रज्ज्वलित कर एंव महावीर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर जयंती कार्यक्रम की शुरूआत की। वही विद्यालय के आचार्य योगेंद्र ठाकुर के द्वारा महावीर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को उनके विचारों को ग्रहण करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओ के द्वारा भगवान बुद्ध की जीवनी, कविता, प्रेरक प्रसंग एवं चित्र प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर प्राचार्या गणेश कुमार महतो, विद्यालय के आचार्य राजेंद्र महतो,

ओंकार तिवारी, तीजू महतो,कुंदन सिंह, प्रमोद कुमार,प्रभात पासवान, मनोज कुमार महतो, शिव प्रसाद राम, रामप्रसाद महतो, नीलम कुमारी, भगवती गुप्ता, अंजू झा सहित स्कूल के सभी शिक्षक एवं बच्चे मौजूद थे।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत बच्चों को खिलायी गयी कृमि नाशक दवा

आजाद सिपाही संवाददाता

मैकलुस्कीगंज। स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत मैकलुस्कीगंज के सभी सरकारी और गैर-सरकारी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में स्कूली बच्चों को कृमि नियंत्रण अभियान के तहत बच्चों को एल्बेंडाजोल टैबलेट खिलने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आंतों में मौजूद कृमियों से मुक्त करना और उनके स्वास्थ्य में सुधार लाना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सेतु दीदी सोनी लकड़ा ने बच्चों को अपने हाथों से एल्बेंडाजोल की गोली खिलायी। उन्होंने बच्चों को कृमि संक्रमण से होने वाले नुकसान, जैसे एनीमिया

(खून की कमी), कुपोषण, पेट दर्द और कमजोरी के बारे में जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया कि स्वच्छता अपनाकर इन बीमारियों से कैसे बचा जा सकता है। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से हाथ धोने, खुले में शौच न करने, स्वच्छ वस्त्र पहनने और साफ पानी पीने जैसी बातें समझाईं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पेट में कृमि होने के लक्षण, उसके कारण और बचाव के उपायों के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित बच्चों ने ध्यानपूर्वक जानकारी सुनी और स्वच्छता का पालन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में सेतु दीदी ने 'स्वच्छ भारत' का नारा भी लगवाया। मैकलुस्कीगंज के लिटिल स्टार अकादमी में शिक्षिका अमृता कुमारी, लाल किशोर यादव, सुनीता कुमारी, माधुरी गिरि, शांति देवी, शिखा कुमारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में महावीर जयंती मनायी गयी

भगवान महावीर के आदर्शों पर चलने का आह्वान

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर डकरा में गुरुवार को हर्षोल्लास एवं धूमधाम से महावीर जयंती मनायी गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल मिस्त्री विश्वकर्मा ने भगवान महावीर के चित्र के समक्ष माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे। उन्होने सभी से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। विश्वकर्मा ने छात्र-छात्राओं को भगवान महावीर जी द्वारा बताये गये सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह और ब्रह्मचर्य के मार्ग पर चलने की हिदायत दी। छात्र-छात्राओं ने भी भगवान महावीर के जीवन संबंधी अनेक प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किये। छात्र-छात्राओं ने बताया कि उन्होंने स्वामी महावीर ने 30 वर्ष की आयु में ही गृह त्याग कर 12 वर्षों की तपस्या के पश्चात ज्ञान की प्राप्ति की।

लाठी-डंडे से पीट कर बुजुर्ग की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

ईचागढ़। सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के कुंदरीलोंग गांव में एक अजीबो गरीब मामला सामने आया है। अपने बेटा के ससुराल वालों ने ही पिता रूप चांद प्रामाणिक 50 वर्ष को लाठी डंडे से पीट-पीट कर अधमरा कर छोड़ दिया। परिजनों ने तत्काल रांची के रिम्स में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान बुधवार को उनकी मौत हो गयी। मृतक का पोस्टमार्टम रिम्स में गुरुवार सुबह को किया गया एवं ईचागढ़ थाना में बुधवार देर रात को मामला दर्ज करायी गयी है। घटना मंगलवार की रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार रांची जिला के सोनाहातू थाना क्षेत्र के कुदाडीह गांव में रूप चांद प्रामाणिक का बेटा कार्तिक प्रामाणिक का ससुराल है। दोनों पक्षों में कुछ

दिन से अनबन चल रहा था। परिजनों के अनुसार मंगलवार कि रात को कार्तिक प्रमाणिक का ससुर पूर्ण चंद्र प्रामाणिक, दो साले नंदु और छोटका प्रामाणिक और चार अज्ञात व्यक्ति कुंदरीलोंग में रूपचांद के घर आये और रूप चांद प्रामाणिक एवं परिजनों पर लाठी डंडे से पीटाई कर दिया, जिससे रूप चांद प्रामाणिक, पत्नी प्रमिला देवी, बेटा कार्तिक प्रामाणिक, हेमंत ,चैतन प्रामाणिक एवं भतीजा संतोष प्रामाणिक बुरी तरह से जख्मी हो गया। हेमंत प्रामाणिक और कार्तिक प्रामाणिक रांची रिम्स में इलाजरत है एवं भतीजा संतोष प्रामाणिक टीकर के एक नीजी अस्पताल में भर्ती हैं। घटना की सूचना मिलते ही ईचागढ़ थाना के एसआइ सुनील कुमार यादव कुंद्रिलोंग गांव पहुंचे और घायलों को सीएचसी ईचागढ़ में भर्ती कराया। रुपचांद प्रमाणिक का अधिक चोट होने के कारण सीएचसी ईचागढ़ से एमजीएम अस्पताल जमशेदपुर रेफर कर दिया। फिर एमजीएम से रिम्स रांची भेज दिया। जहां रूप चांद प्रामाणिक की इलाज के दौरान मौत हो गयी। थाना प्रभारी बिक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि तीन ज्ञात और चार अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। जल्द ही अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

जैन समाज ने भगवान महावीर की जयंती मनायी

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू नगर स्थित जैन मंदिर में जैन समाज के द्वारा वैश्विक नमोकार महामंत्र का जाप करते हुए भगवान महावीर की जयंती मनायी गयी। जैन समाज की ओर से पूरे भक्ति और श्रद्धा के साथ नमो महामंत्र पढ़ा गया साथ ही क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गयी।

पुआल में लगी आग

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू थाना क्षेत्र के गोसाईंडीह गांव के फेकला मुंडा के खलिहान में बीते मंगलवार की देर रात आग लग गयी, घर से दूर खाली खेतों में बने खलिहान की और सभी दौड़ पड़े। जैसे ही खलिहान पहुंचे तो देखे की पुआल में आग लग गयी है। सूचना तत्काल फायर ब्रिगेड को बुलाया गया और स्थानीय पुलिस की देखरेख में आग बुझाने में दमकल कर्मी मशक्कत करने लगे और आग पर काबू पाया।

भोले शिवा मणि महेश के उद्घोष के साथ लौकेल में मंडा महापर्व शुरू

खूंटी (आजाद सिपाही)। भोले शिवा मणि महेश के उद्घोष के साथ कर्रा प्रखंड के लौकेल गांव में गुरुवार से शिवोपासना का महापर्व मंडा शुरू हो गया। नौ दिनों तक मंडा में शामिल 45 भोक्ता दिन भर निर्जला उपवास करने के बाद सिर्फ एक बार फलाहार करेंगे और दिन भर बाबा की भक्ति में लीन रहेंगे। मान्यता है कि जो भी भोगता सच्चे मन से भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं। गुरुवार को गांव-गांव जाकर भोगताओं ने काष्ठ निर्मित भोलनाथ जिसे पाठ कहा जाता है, को शिरोधार्य कर बेंत लेकर नत्य करते और भोलेनाथ का जयघोष करते हुए घर-घर पहुंचे, जहां विधि-विधान से घरवालों ने पूजा-अर्चना की। पंडित पवन दास गोस्वामी द्वारा सभी हिंदुओं के घर में जाकर विधि-विधान के साथ सभी अनुष्ठान संपन्न कराये। पूजा अर्चना कराया। ग्रामीण बताते हैं कि सभी भोगताओं का प्रधान पटभोगता होता है। उसकें दिशा निर्देश पर ही सभी अननुष्ठान किये जाते हैं। पूजा के बाद पटभोगता सिर पर काष्ठ प्रतिमा को उठाकर उस पर पानी डालता। जो पानी गिरता है उससे बच्चे नहाते हैं और महिलाएं आंचल में जल लेकर शरीर पर छिड़कती है। मान्यता है कि ऐसा करने से शरीर का रोग खत्म हो जाते है। मौके पर पहिल वंशा फलिन्द्र उरांव, पाट भोक्ता बिरसा उरांव, भंडा वाहक संदीप नायक के अलावा अन्य भोक्ता उपस्थित थे।

दादी रतन मोहिनी ने शिक्षा और कार्यों से लोगों के जीवन को आकार दिया : बीके प्रीति

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। दुनिया के सबसे बड़े. आध्यात्मिक संगठन ब्रह्माकुमारीज की 101 साल तक मानवता की सेवा में जुटी रहने वालीं दादी रतनमोहिनीजी गुरुवार को पंचतत्व में विलीन हो गयीं। इस मौके पर झारखंड गुमला शाखा के नेतृत्व में संचालित सुभाष नगर, बेंती और बिलारी के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला में बड़ी संख्या में भाई-बहनों ने अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। ब्रह्माकुमारी गीता पाठशाला की निमित्त बीके प्रीति बहन ने बताया कि दादी रतन मोहिनी ने अपनी शिक्षा और कार्यों के माध्यम से अनगिनत लोगों की सोच और जीवन को आकार दिया। अपने पूरे जीवन में सेवा, सद्भाव, शांति और दान का संदेश फैलाया। उनकी विनम्रता, धैर्य, विचारों की स्पष्टता और दयालुता हमेशा सबसे अलग रही। उन्होंने देश ही नहीं दुनिया के कई देशों में भ्रमण कर भारतीय संस्कृति और सभ्यता का बीज बोया है। दादी रतन मोहिनी जी की आध्यात्मिक उपस्थिति बहुत बड़ी थी। उन्हें प्रकाश, ज्ञान और करुणा की किरण के रूप में याद किया जायेगा। उनकी जीवन यात्रा, गहरी आस्था, सादगी और सेवा के प्रति अडिग प्रतिबद्धता में निहित है, उनकी शिक्षाएं लोगों को आध्यात्मिकता के मार्ग पर चलने और जन कल्याण के लिए काम करने के लिए प्रेरित करती रहेंगी। मौके पर अनेकों बीके भाई-बहन उपस्थित थे।

अड़की में चाकू से मार कर युवक की हत्या

खूंटी (आजाद सिपाही)। अड़की थाना क्षेत्र के कुरिया डेमटोली गांव में बुधवार की देर रात नोनदो लुगुन नमक 35 वर्षीय युवक की चाकू से मारकर हत्या कर दी गयी। नोनदा लुगुन मूल रूप से पश्चिम सिंहभूम जिले के गुदरी थाना क्षेत्र के डरयुद गांव का रहने वाला था और वर्तमान में वह अड़की थाना के कुरिया गांव में रहता था। इस संबंध में खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने बताया कि बुधवार की रात नोनदा लुगुन जैसे ही घर पहुंचा, घर के बाहर पहले से घात लगाये अपराधियों ने उसके पेट, पीठ और सीने पर छूरे से कई वार कर दिये। इसके कारण घटनास्थल पर ही नोनदो की मौत हो गयी। पुलिस को गुरुवार को जब घटना की जानकारी मिली, तो उसने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अभी तक हत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है।

सरहुल महोत्सव में जमकर थिरके विधायक और पूर्व विधायक

प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है सरहुल: सुदीप

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। अखिल भारतीय सरना समाज समिति के तत्वावधान में गुरुवार को तोरपा प्रखंड परिसर में आयोजित प्रखंड स्तरीय सरहुल मिलन समारोह में तोरपा कें विधायक सुदीप गुड़िया और पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने ग्रामीणों के साथ जमकर सरहुल नृत्य किया। सरहुल महोत्सव में डोल और नगाड़े की थाप पर विधायक और पूर्व विधायक खुद को रोक नहीं सके और खुद डोल बजाते हुए महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर लांगो पाहन, रतिया पाहन आदि ने पूजा-अर्चना की। पूजा-पाठ के बाद प्रखंड के विभिन्न गांव के पाहनों को पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से आयी मंडलियों ने पारंपरिक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। समारोह में विचार व्यक्त करते हुए विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि सरहुल प्रकृति के संरक्षण का संदेश देता है। आज के दिन में हमें प्रकृति के संरक्षण का संकल्प लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि

हमारा जीवन प्रकृति से जुड़ा है। अतः प्रकृति के संरक्षण से ही हमारा जीवन सुखद बनेगा।

एक दूसरे के साथ खुशियां बांटने का माध्यम है त्योहार: कोचे मुंडा

पूर्व विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि सरहुल प्रकृति से प्रेम करना सिखाता है। उन्होंने कहा कि त्योहार एक दूसरे के साथ खुशियां बांटने का माध्यम है। समारोह के बाद लोगों ने नृत्य प्रस्तुत कर सबको झूमाया। विधायक सुदीप गुड़िया और पूर्व विधायक कोचे मुंडा भी ढ़ोल बजाकर लोगों के साथ खूब थिरके। इसके बाद शोभायात्रा निकाली गयी, जो प्रखंड मैदान से शुरू होकर मेन रोड, हिल चौक होते हुए भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के पास पहुंची। वहां बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। शोभायात्रा में शामिल लोग पारंपरिक गीतों पर नचाते-गाते चल रहे थे। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष संतोषी तोपनो, उपाध्यक्ष मोंगला भेंगरा, सचिव चंबरा भेंगरा, उप सचिव गोला गुड़िया, कोषाध्यक्ष दीपक तिग्गा, मसीह भेंगरा, चोंगे पाहन, विजय कंडुलना, जिप सदस्य सुशांति कोनगाडी, प्रमुख रोहित सुरीन, उपप्रमुख संतोष कर, शिशिर तोपनो, जय मंगल गुड़िया, निखिल कंडुलना, जूनिका गुड़िया, लक्ष्मी बाखला, बिमला डोडराय, प्रताप गुड़िया, हिंगुआ गुड़िया, मांगू मुंडा, रेड़ा मुंडा, जिप अध्यक्ष मसीह गुड़िया, भीम सिंह मुंडा, गंदौरी गुड़िया, ब्रजेन्द्र हेमरोम, पूनम भेंगरा, सुशीला कंडुलना आदि उपस्थित थे।

सड़क चौड़ीकरण में अनियमितता के खिलाफ ग्रामीण हुए एकजुट

आजाद सिपाही संवाददाता

मुरी। मुरी से लेकर गोला तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। इस सड़क चौड़ीकरण कार्य के अनियमितता से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। आज गुरुवार को ग्राम सभा का बैठक किया गया। बैठक हाकेदाग पंचायत के टेटेबंदा ग्राम में हुआ। बैठक में जेएलकेएम के केन्द्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना देवी चौधरी, आदिवासी जन परिषद के नेता प्रेम शाही मुंडा, हाकेदाग मुखिया हरिपद मांझी, पिस्का मुखिया सोमरा मांझी, पंचायत समिति सदस्य अनिल टाइगर, उप प्रमुख आरती देवी समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। देवेंद्रनाथ महतो बैठक उपरांत ग्रामीण के साथ सड़क चौड़ीकरण का निरीक्षण करते हुए प्रोजेक्ट कार्यालय पहुंचे। मौजूद प्रोजेक्ट इंचार्ज और कर्मचारीयों से वार्ता हुई। जहां पर कई तरह के विसंगतियां और अनियमितता पाई गयी। मौके पर देवेंद्र नाथ महतो ने बताया कि कंपनी कर्मचारी ग्रामीणों के बीच कबूल किया किया कि सरकारी नियमानुसार कार्य डिटेल्स बोर्ड नहीं लगाया गया है और पिछले छह माह से लगभग 333 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट कार्य प्रगति पर है। देसावली सरना स्थल लोदामू का अतिक्रमण, नियमानुसार स्थानीय दो समाचार पत्र में गजट प्रकाशन भी नहीं किया गया है। स्थानीय रैयत को आधिकारिक नोटिश नहीं दिया गया है। सर्वसहमति के बाद अधिकारियों की उपस्थित में विधिवत सभी नियम पूरी नहीं होने तक चौड़ीकरण कार्य स्थगित रखने का निर्णय लिया गया।

गोवा से भूटान जा रही लाखों की शराब पलामू में जब्त, यूपी का तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाहील संवाददाता

पलामू। शराब तस्करी के खिलाफ पलामू पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पलामू में एक अंतरराष्ट्रीय शराब तस्करी रैकेट का पर्दाफाश हुआ है। पुलिस ने गोवा से भूटान जा रही लाखों की शराब की खेप पकड़ी है। यह खेप एक ट्रक के जरिये पलामू के रास्ते भूटान जा रही थी। पुलिस ने शराब की खेप के साथ उत्तर प्रदेश के एक तस्कर को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन को सूचना मिली थी कि शराब की बड़ी खेप तस्करी के लिए जाने वाली है। इस सूचना के आलोक में पुलिस ने पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में जाल बिछाया था। इस जाल में एक ट्रक को रखा गया और जब उसकी तलाशी ली गयी तो 1200 पेटी अवैध शराब पकड़ी गयी, पेटियों में 14400 शराब की बोतलें मिलीं। जिस ट्रक से शराब की तस्करी की जा रही थी वह उत्तर प्रदेश का है। पुलिस पूरे मामले में आगे की जांच कर रही है।

पलामू में पहली बार अंतरराष्ट्रीय शराब तस्करी का रैकेट पकड़ा गया है। इससे पहले पलामू में अंतरराज्यीय शराब और स्प्रिट तस्करी करने वाला गिरोह पकड़ा जा चुका है। पलामू के चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि शराब की यह खेप गोवा से भूटान जा रही थी। हिरासत में लिया गया व्यक्ति उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। शराब की यह खेप पलामू से होकर गुजर रही थी।

हजारीबाग में आकाशीय बिजली गिरने से चार लोगों की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची/हजारीबाग। जिले में हो बारिश के दौरान वज्रपात में चार लोगों की मौत हो गयी। इनमें एक की मौत चुराचू प्रखंड में हुई। वहीं पदमा प्रखंड के पदमा में तीन लोगों की मौत हो गयी। पदमा में हुए हादसे को लेकर मृतकों के परिजन सुधीर कुमार ने बताया कि परिवार ने चार पहिया वाहन खरीदा था। परिवार के लोग भद्रकाली मंदिर जाकर पूजा-अर्चना करने गये थे। शुक्रवार को उन्हें पूजा-अर्चना करने रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर जाना था। इसके लिए परिवार बलि के लिए बकरा खरीदने गया था। इसी दौरान तीनों लोग वज्रपात की चपेट में आ गये. जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी।

घटना के बाद परिजनों ने तीनों को पहले हजारीबाग के एक निजी अस्पताल में लाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डाक्टर शक्ति तिवारी ने उनकी मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

इस दौरान अस्पताल पहुंचे हजारीबाग सांसद के मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी ने बताया कि उन्होंने हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल से भी बात की है। उन्होंने यह भी कहा है कि पीड़ित परिवार को पहले उचित मुआवजा मिले, इसके लिए उन्होंने प्रशासन से बात की है। मृतकों में नंदलाल साव पुत्र अजय साव, शिवपूजन साव पुत्र स्व. पदारथ साव चचेरे भाई हैं। राजकुमार साव पुत्र बखोरी साव दूर के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। सभी की उम्र 30 से 32 वर्ष के बीच है।

आदिवासी समुदाय की परंपरा, संस्कृति विरासत को संरक्षित करने का निर्णय

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग की पहल पर नई दिल्ली में आयोजित 'हमारी परंपरा हमारी विरासत' कार्यक्रम में भाग लेने वाले रांची जिला के अनगड़ा प्रखंड के बेदिया जनजाति के 21 सदस्य टीम प्रस्तावित आदर्श आदिवासी पंचायत नवागढ़ के बरवटोली गांव में मुखिया भुवनेश्वर बेदिया की अध्यक्षता में ग्राम सभा की। जिसका संचालन पहलू बेदिया ने किया। बेदिया जनजाति के 21 सदस्य टीम ने दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के अपने अनुभव साझा कर आदिवासी समुदाय की परंपरा, संस्कृति, विरासत को संरक्षित करने एवं दस्तावेजी कर संजोय रखने पर जोर दिया। ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति, विरासत को जान सके। पंचायती राज विभाग के निदेशक डॉ निशा उरांव का बेदिया जनजाति कि ओर से आभार जताया गया। बैठक में भुवनेश्वर बेदिया (मुखिया नवागढ़), संतोष बेदिया, बालेश्वर बेदिया, पहलू बेदिया, सहदेव बेदिया, नरेन्द्रनाथ बेदिया, कमल बेदिया, छत्रपति बेदिया, सोमरा बेदिया, जयदेव बेदिया, गणेश बेदिया, बालेश्वर बेदिया, शनिचरवा बेदिया, बाबूराम बेदिया, कामेश्वर बेदिया, एतवा बेदिया, सुमन बेदिया, शनिचरवा बेदिया, चरण बेदिया, सहजनाथ बेदिया, नरेश बेदिया , ग्राम प्रधान बलिया बेदिया आदि मौजूद रहे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा सप्ताह में की हनुमान मंदिर की सफाई

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। भाजपा के 46वें स्थापना दिवस पर आयोजित सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत गुरुवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने अनगड़ा मंडल अंतर्गत बेड़वारी बूथ संख्या 94 में हनुमान मंदिर की साफ सफाई की। इस दौरान अन्य सार्वजनिक स्थानों में भी स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह सेवा सप्ताह कार्यक्रम छह अप्रैल से शुरू हुआ है, जो 13 अप्रैल तक चलेगा। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेश साहू, मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, मंडल अध्यक्ष सुनील महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो, राजेंद्र महतो, बूथ अध्यक्ष तपेश्वर महतो, राहुल हजाम, महेंद्र महतो, विजय साहू और धनेश्वर साहू आदि शामिल थे।

पारंपरिक हरवे-हथियार लेकर निकला शिकारियों का दल

बेड़ो में तीन दिवसीय विशु शिकार की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। जनजातियों की ऐतिहासिक विशु शिकार को लेकर गुरुवार को 12 पड़हा राजा गांव हरिहरपुर जामटोली गांव के अखड़ा में महतो, पाहन, पुजार एवं गांव के सामाजिक व्यवस्था के अगुआगणों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गयी। इसके बाद 12 पड़हा के तत्वावधान में शिकारियों का दल तीन दिवसीय शिकार पर अपने झंडा एवं पारंपरिक गाजे बाजे ढोल, ढाक, नगाड़ों और हरवे हथियार के साथ निकला। जिसमें 8, 10, 12 एवं 21 पड़हा गांव के ग्रामीण शामिल हुए। शिकारियों का दल घघारी, सरसा, गड़डिपा, लतरातू होते हुए गुरुवार की शाम को डोला टांड़ में रात में एकत्रित होकर पड़हा द्वारा लगाई गई पंचायत में भाग लेंगे। साथ ही अपने झंडा, ढाक एवं नगाड़ा के साथ हाजिरी लगाकर अपने-अपने गांव की समस्याओं को रखेंगे। जहां पड़हा से संबंधित कई विचार विमर्श किये जायेंगे। इस संदर्भ में ग्रामीणों ने कहा कि जनजाति समाज की सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। हमें अपने पुरखों की सामाजिक व पड़हा परंपरा को अपनी पीढ़ी के लिए जीवित रखना होगा। इधर, गुरुवार की रात में हुई बैठक में गांव की समस्याओं पर गहन विचार मंथन किया गया। साथ ही पड़हा गांव के ग्रामीणों के सहयोग से पड़हा से संबंधित मामलों का निष्पादन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर 12 पड़हा राजा विशाल उरांव, महतो लाखो उरांव, पाहन सोमरा उरांव, पुजार मंगू उरांव, पड़हा सचिव सह मीडिया प्रभारी चरवा उरांव, छोटे सुका उरांव, सोमा उरांव, रमेश, छोटे उरांव, इगनेश उरांव, सागर उरांव, तेंबा उरांव, दिलीप उरांव, गोयंदा उरांव, मंगल महली, संजय उरांव, सोमरा मंत्री उरांव, डुलू और संजय उरांव आदि मौजूद थे।

हजारीबाग के डीडीसी को किया गया सम्मानित

नामकुम (आजाद सिपाही)। श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति की ओर से गुरुवार को हजारीबाग के डीडीसी राकेश रोशन को रामनवमी महोत्सव में अतिथि के रूप में समय देने और सहभागिता स्वीकार करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने किया। समिति की ओर से राकेश रोशन को चुनरी ओढ़ाकर और तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने समिति को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद देते हुए शुभकामनाएं दी और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी की बात कही। मौके पर अनिल वर्मा, प्रभुदयाल बड़ाईक, रिंकू राय, संजीव उर्फ छोटू सिंह, बिक्कु सिंह, बंटी सिंह, अनिल सिंह, अरुण तिवारी एवं कृष्णा कुमार शामिल थे।

जमीन पर कब्जा और जान से मारने की धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

लापुंग। जमीन पर अवैध कब्जा करने, जबरन बाउंड्री दिवाल गिराने और जान मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए लापुंग थाना में मामला दर्ज कराया गया है। मालगो निवासी रामदयाल साहू अपने ही भाई के बेटा प्रवीण कुमार उर्फ घनश्याम साहू, बिनोद साहू, और मनोज साहू के खिलाफ जबरजस्ती दिवाल तोड़ने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। जगरनाथ पेट्रोल पंप एवं ग्रामीण गैस वितरण गोदाम उक्त लोग चलते है। उनका 1.72 एकड़ में पेट्रोल पंप के अलावा गैस गोदाम भी है। जहां जबरजस्ती ज्यादा हिस्से में कब्जा करने का आरोप हैं। इसकी लिखित शिकायत लापुंग थाना में दर्ज कराई गयी है। आरोप लगाया कि धारदार हथियार लेकर आरोपित आये और जान मारने की धमकी दी। जिसके बाद जान माल की सुरक्षा की गुहार लापुंग थाना प्रभारी से लगाया। उक्त तीनों भाई के विरुद्ध जांच कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। रामदयाल साहू वर्तमान में रांची में रहते हैं और व्यवसाय करते हैं। उधर, थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने जांचकर उचित कार्रवाई करने की बात कही है। दूसरी ओर, आरोपी मनोज साहू के भाई ने कहा कि दीवार को रामदयाल साहू खुद गिराकर बेवजह थाना में मामला दर्ज कराया है।

पुलिस ने 840 ग्राम गांजा के साथ महिला तस्कर को दबोचा

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के गेतलसूद में अवैध गांजा तस्करी के आरोप में पुलिस ने राजो देवी नामक 58 वर्षीय महिला को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने उसके पास से करीब 840 ग्राम गांजा भी बरामद किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी राजो देवी गेतलसूद क्षेत्र में अवैध गांजा विक्रय का कारोबार करती है। इसकी सूचना वरीय पुलिस अधिकारियों को दी गई। इसके बाद मामले के उद्भेदन के लिए डीआईजी, एसएसपी एवं ग्रामीण एसपी के निर्देशानुसार सिल्ली डीएसपी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए गेतलसूद बस्ती में आरोपी महिला के घर पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान घर में गुलाबी रंग के प्लास्टिक बॉक्स में रखे करीब 840 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला राजो देवी को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, छापामारी दल में थाना प्रभारी हीरालाल शाह, पुअनि उत्तम पासवान, मसअनि सुशीला मुर्मू सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

वक्फ बिल धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफ : अब्दुल ईमाम

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। वक्फ संशोधन बिल को वापस लेने की मांग को लेकर ऑल मुस्लिम यूथ एसोसिएशन के आह्वान पर 13 अप्रैल को राजभवन रांची के समक्ष महाधरना का आयोजन किया गया है। अनगड़ा के सामाजिक कार्यकर्ता अब्दुल ईमाम अंसारी ने रांची जिले के सभी ग्रामीण अंजुमन कमेटी एवं अन्य सामाजिक संगठनों से इस महाधरना कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की है। कहा कि वक्फ संशोधन बिल इस्लामी मूल्यों, धर्म शरीयत, धार्मिक-सांस्कृतिक स्वतंत्रता, सांप्रदायिक सद्भाव और भारतीय संविधान के ढांचे पर गंभीर हमला है। इस बिल के जरिए मुसलमानों के हक अधिकार को छीनने की कोशिश की गई।

श्रीश्री 1008 शिव शक्ति हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर आज होगा भूमि पूजन

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कुच्चू में होने वाले नौ दिवसीय श्रीश्री 1008 शिव शक्ति हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का भूमि पूजन शुक्रवार को होगा। यह नौ दिवसीय महायज्ञ का शुभारंभ एक से नौ मई तक चलेगा। यज्ञ अनुष्ठान पंडित रामदेव पांडे, जबकि कथा श्रवण अतुल कृष्ण भारद्वाज द्वारा करायी जायेगी। उक्त जानकारी कुच्चू पूजा समिति के नागेंद्र कुमार साहू और संजय साहू ने दी।

नगराबेड़ा गांव में आज शिव पूजा सह छऊ नृत्य

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। विराट (मंडा) शिव पूजा समिति नगराबेड़ा की ओर से शुक्रवार को मंडा पूजा के अवसर पर रात्रि जागरण के लिए विराट छऊ नृत्य का आयोजन किया गया है। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप शामिल होंगें। कार्यक्रम में पूर्वी सिंहभूम के उस्ताद सनत महतो एवं उस्ताद बाघंवर सिंह मुण्डा नटराज पुरूलियाकी ओर से छऊ नृत्य की प्रस्तुति की जायेगी। इसकी जानकारी मेला समिति के अध्यक्ष चमरू बेदिया एवं सचिव दुतिलाल बेदिया ने दी।

आरटीसी पब्लिक स्कूल के शिक्षकों ने चलाया प्रवेश जागरूकता अभियान

नये सत्र में नर्सरी से 12वीं तक विद्यालय में नि:शुल्क दाखिला

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। आरटीसी पब्लिक स्कूल के शिक्षकों की ओर से विद्यालय में प्रवेश को लेकर विभिन्न इलाकों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान शिक्षकों ने गेतलसूद, जोन्हा एवं टाटीसिलवे मार्ग पर पड़ने वाले करीब 40 गांवों का भ्रमण किया और लोगों से संवाद कर प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी। लोगों के बीच पंपलेट भी बांटा। बताया गया कि विद्यालय में नए सत्र के लिए नर्सरी से 12वीं तक नि:शुल्क दाखिला लिया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना है। प्राचार्य नरेंद्र नाथ महतो ने बताया कि इसका उद्देश्य शिक्षा को प्रत्येक घर तक पहुंचाना है। हम चाहते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त कर सकें और उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हों। वहीं, विद्यालय प्रबंधन समिति ने इस अभियान की सराहना की है।

डीएवी स्कूल में रामकृष्ण मिशन ने नेत्र जांच कर चश्मा बांटा

शरीर स्वस्थ रहेगा तो पढ़ाई भी अच्छे से होगी : स्वामी सुखमयानंद

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में गुरुवार को मोराबादी रामकृष्ण मिशन की ओर से स्वामी सुखमयानंद के नेतृत्व में नेत्र जांच शिविर और बच्चों को नैतिक शिक्षा पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। नेत्र जांच में कक्षा आठवीं के 100 बच्चों का टेक्नीशियन गोविंद कुमार द्वारा नेत्र जांच किया गया। जिसमें चार बच्चों का दृष्टि दोष पाया गया जिन्हें रामकृष्ण मिशन की ओर से ही नि:शुल्क चश्मा बनाकर दिया जाएगा। सभी बच्चों को विटामिन ए की गोली भी दी गई। पिछले जांच में जिन 13 बच्चों का दृष्टि दोष पाया गया था उन्हें चश्मा दिया गया। वहीं, स्वामी सुखमयानंद ने बच्चों को आंखो की स्वस्थ रखने के लिए गाजर और हरी शब्जी खाने की सलाह दी। साथ ही नैतिक शिक्षा के तहत कार्यशाला में बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल कूद और शारीरिक व्यायाम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि अगर शरीर स्वस्थ रहेगा तो पढ़ाई भी अच्छे से होगी। कहा कि मन को एकाग्र पढ़ाई में केंद्रित करनी चाहिए। इस दौरान रामकृष्ण मिशन के आशुतोष रक्षित ने बच्चों के बीच स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़े सवालों पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को तीन भागों में बाटकर बारी-बारी से सवाल पूछे गए। जिसमें ग्रुप सी ने पहला स्थान प्राप्त किया। जबकि ग्रुप बी ने दूसरा और ग्रुप ए ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को स्वामी सुखमयानंद ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी की किताब देकर पुरस्कृत किया। साथ ही कार्यशाला में उपस्थित सभी बच्चों को 'नया भारत गढ़ों' किताब दिया गया और स्वामी जी ने बच्चों को इस किताब का प्रतिदिन अध्ययन करने एवं देश का श्रेष्ठ नागरिक बनने को कहा। वहीं स्कूल के निदेशक कैलाश कुमार ने कहा कि नेत्र जांच शिविर बच्चों के लिए बहुत लाभकारी होगा। रामकृष्ण मिशन द्वारा बच्चों को नि:शुल्क चश्मा दिया जाना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आज के बच्चों को नैतिक शिक्षा की बहुत आवश्यकता है। सोशल मीडिया के युग में बच्चे अपनी नैतिकता खोते जा रहे हैं और अच्छे-बुरे को पहचान नहीं पा रहे हैं। इस प्रकार की कार्यशाला से बच्चों में नैतिक गुणों का विकाश होगा और बच्चे अपने कर्तव्यों को समझेंगे और एक अच्छे नागरिक बनेंगे। स्कूल में पढ़ाई के साथ साथ सामाजिक दायित्व भी पूरी निष्ठा के साथ करता आया है और आगे भी करता रहेगा। इस मौके पर रामकृष्ण मिशन के स्वामी शुखमयानंद, आशुतोष रक्षित आई टेक्नीशियन गोबिंद कुमार और लखींद्रनाथ महतो शिक्षक प्रियंका सिंह,जयंतो चौधरी, अमित कुमार, रवि सिंह, रियांशु पाण्डे, रंजन चंद्रा आदि मौजूद रहे।

जमुनिया चेकपोस्ट पर अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त

महुदा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुनिया चेकपोस्ट के पास गुरुवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध कोयला लदे ट्रक को जब्त किया है। यह ट्रक दुग्दा से बोकारो की ओर जा रहा था, जिसे जमुनिया नाका पहुंचते ही रोका गया। लेकिन इस कार्रवाई की गंभीरता पर उस वक्त सवाल उठने लगे, जब उक्त ट्रक को घंटों तक तेलमोचो चेकपोस्ट के पास खड़ा रखने के बाद अचानक उसके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार यह ट्रक महुदा, जमुनिया और दुग्धा क्षेत्र के अवैध कोयला डिपो से भरकर टाटा और पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जैसे स्थानों तक भेजा जाता है। बताया जा रहा कि इस अवैध कारोबार में एक कथित तस्कर 'सोरेन' सहित कई लोग संलिप्त हैं, जो लंबे समय से कोयले की कालाबाजारी कर रहे हैं। इस कार्रवाई के बाद पुलिस की तत्परता की चारों ओर प्रशंसा हो रही थी, लेकिन ट्रक को अचानक बिना किसी वैधानिक कार्यवाही के छोड़ देने की घटना ने पूरे मामले को संदिग्ध बना दिया है। इससे पहले भी स्थानीय पुलिस द्वारा एक पिकअप वैन को पकड़कर 'पोड़ा कोयला' और 'छाई' के नाम पर छोड़ दिया गया था।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 11 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in

तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन

फोरी केंद्र ने 90 प्रतिशत, तेलगांव ने 89 प्रतिशत और उमड़ा ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किये

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। जिले के तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन में अपेक्षित स्कोर प्राप्त किया है।

फोरी, तेलगांव और उमड़ा के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों ने निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। फोरी केंद्र ने 90 प्रतिशत, तेलगांव ने 89 प्रतिशत और उमड़ा ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। ये तीनों केंद्र अब प्रमाणित स्वास्थ्य संस्थाओं की श्रेणी में शामिल हो गये हैं। इस प्रक्रिया के तहत स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन रोगी केंद्रित सुविधाएं, स्वच्छता, दस्तावेज प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, आपातकालीन तैयारी तथा कर्मचारी प्रशिक्षण जैसे प्रमुख बिंदुओं पर किया गया। मूल्यांकन कार्य दो अलग-अलग राज्यों से आये बाहरी विशेषज्ञों द्वारा किया गया। एनक्यूएएस प्रमाणन भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित एक प्रक्रिया है, जिसमें स्वास्थ्य संस्थानों का मूल्यांकन बाहरी मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाता है। यह मूल्यांकन रोगी केंद्रित सेवाओं, स्वच्छता, दस्तावेजों की गुणवत्ता, संक्रमण नियंत्रण, कर्मचारी दक्षता और आपातकालीन सेवाओं की तैयारी जैसे मापदंडों पर आधारित होता है।

इस प्रक्रिया के अंतर्गत विभिन्न राज्यों से आये बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं ने इन केंद्रों का निरीक्षण किया और प्रत्येक बिंदु पर अंक प्रदान किये। 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले स्वास्थ्य केंद्रों को प्रमाणन प्रदान किया जाता है।

यह सफलता जिला स्वास्थ्य विभाग की नियमित निगरानी, स्वास्थ्य कर्मियों की सतत मेहनत और सेवाओं में निरंतर सुधार के प्रयासों का परिणाम है।

जिला स्वास्थ्य विभाग आने वाले समय में अन्य आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भी इस प्रमाणन की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि जिले में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा और भी विस्तृत हो सके।

तेज हवा और बारिश से किसानों की फसल बर्बाद

घाघरा (आजाद सिपाही)। घाघरा में मौसम ने करवट ली तेज हवा और बारिश से किसान के कई फसल बर्बाद हो गए। बदलते मौसम से लोगों को गर्मी से तो राहत मिली। लेकिन किसानों के लिए आफत बनकर आयी। किसानों के महुआ, सब्जी, आम सहित कई फैसले तेज हवा और बारिश के कारण खराब हो गयी। साथ ही भारी नुकसान होने की आशंका जतायी जा जा रही है। इससे पूर्व भी किसानों के ओलावृष्टि और मूसलधार बारिश के कारण कई फसल बर्बाद हो गए थे। जिसे लेकर लोगों ने अंचल प्रशासन में मुआवजे की मांग की थी। किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा था।

घोलेंग पारिश के तीन हजार सदस्य पहुंचे भिखमपुर

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। गुरुवार को जशपुर (छत्तीशगढ़) के घोलेंग पारिश के 3000 कलीसिया खीस्तीय भिखमपुर पारिश में आशा के तीर्थ यात्रा लेकर पहुचें। वहीं सुबह के 10 बजे सबसे पहले रोजरी किया और उसके बाद क्रूस रास्ता करने के बाद मिस्सा बालिदान करते हुए तीर्थ यात्रा का समापन हुआ। वहीं भिखमपुर पारिश के पल्ली पुरोहित जॉन टोप्पो ने कहा कि हम सब ने ईश्वर के प्रति प्रार्थना कर अपना विश्वास जगाया जिसमे बहुत लोगो को अंतरिक चंगाई प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि यह एक आध्यात्मिक और धार्मिक अनुभव होता है, खीस्तीय विश्वासियों के लिए तीर्थ यात्रा एक महत्वपूर्ण है। जब वे अपने विश्वास को मजबूत बनाने और आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने के लिए एक साथ आते हैं। यह यात्रा उन्हें अपने विश्वास के मूल्यों और शिक्षाओं को याद दिलाने में मदद कर सकती है, और उन्हें एक दूसरे के साथ जुड़ने और समुदाय की भावना को मजबूत करने का अवसर प्रदान करती है। वहीं मौके पर फा ग्रेगोरी कुल्लू फा प्रदीप तिर्की, फा प्रेम प्रकाश इंदवार फा दिलीप किस्पोट्टा, फा ईशाक फा अलेक्स एक्का, फा दीपक, फा बिपिन तिग्गा, फा प्रदीप एक्का, सि किरण सि संगीता, सि प्रतिमा, प्रमोद, भालेन मिंज इंदु आदि उपस्थित थे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में महावीर जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर गुमला में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिंहा, आचार्य संजय कुमार, अन्नपूर्णा कुमारी, गणेश साहू तथा चंदन शर्मा के द्वारा भगवान महावीर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात, विद्यालय के भैया बहनों ने भगवान महावीर के जीवन और शिक्षाओं पर आधारित अपने विचार प्रस्तुत कीं। उन्होंने अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह के सिद्धांतों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित सभी लोग भावविभोर हो गये। प्राचार्य संजीव कुमार सिंहा ने भगवान महावीर के त्याग, तपस्या और उनके द्वारा दिये गये शांति और सद्भाव के संदेशों पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि भगवान महावीर की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं जितनी पहले थीं। कार्यक्रम के अंत में सभी भैया-बहनों और आचार्यों ने मिलकर भगवान महावीर के सम्मान में प्रार्थना की। यह समारोह न केवल धार्मिक महत्व का रहा, बल्कि छात्रों को भगवान महावीर के जीवन दर्शन और मूल्यों से परिचित कराने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी साबित हुआ। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी ने भगवान महावीर के शांति और करुणा के संदेश को आत्मसात किया।

स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता को लेकर निकाली साइकिल रैली

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। फादर मनोहर खोया के नेतृत्व में स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता के तहत संत इग्नासियूस के स्काउट गाइड कैडेट के द्वारा साइकिल रैली निकाली गयी। भारत स्काउट गाइड गुमला के द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता को लेकर गुरुवार की अपराह्न 3 बजे साइकिल रैली निकाली गयी। यह साइकिल रैली संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय गुमला से शुरू होकर हनुमान जी की जन्मस्थली आंजन धाम तक गयी। स्काउट गाइड ने कुल 40 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय करते हुए लोगों में स्वच्छता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया। इस रैली का नेतृत्व गुमला जिले के भारत स्काउट गाइड के सचिव राजेश कुमार राय ने किया उनके साथ विद्यालय के स्काउट मास्टर सिमोन कुजूर एवं अनमोल टोपनो शामिल थे। रैली में संत इग्नासियुस उच्च विद्यालय गुमला के कुल 40 स्काउट छात्रों ने भाग लिया।

ईद मिलन समारोह का आयोजन

गुमला (आजाद सिपाही)। सर्व धर्म सद्भावना मंच में ईद मिलन समारोह का आयोजन पालकोट रोड पूर्णिया मंदिर धर्मशाला में किया। जिसमें मुख्य अतिथि एसडीपीओ सुरेश यादव ईद मिलन समारोह के अवसर पर सारे मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की मुबारकबाद देकर खुशी का इजहार किया तथा कहा कि गिरजा कर पर्व है, जिसमें लोगों को प्यार मोहब्बत बांटने का काम करता है, लोगों में त्याग की भावना बढ़ता है। मौके पर नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष जमील अख्तर, फादर क्रिस्टोफर लकड़ा, सर्व धर्म सद्भावना मंच के कोषाध्यक्ष मोहम्मद खालिद शाह, अध्यक्ष एनएम पी श्रीवास्तव, सरदार रणजीत सिंह, रविंद्र सिंह, चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह, अकील रहमान, सेत कुमार एक्का, प्रेम कुमार, प्रोफेसर बीएन पांडे, मुरली मनोहर प्रसाद, अजय कुमार, इरफान अली, शहजाद देवदत्त भारती, अनवर, समीम खान, जबीउल्ला कव्वाल, रहमत कव्वाल जमाल कव्वाल आदि उपस्थित थे।

आठ लाभुकों के बीच सुकर का वितरण

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला प्रखंड में पशुपालन विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विभाग योजना अंतर्गत सुकर विकास योजना (4+1) के तहत बुधवार की अपराह्न 3 बजे प्रखंड परिसर में 8 पशुपालकों को जिला पशुपालन पदाधिकारी, प्रखंड प्रमुख गुमला एवं प्रभारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी द्वारा लाभुकों के बीच सुकर का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख ने सरकार द्वारा चलायी जा रही इस योजना से संख्या बढ़ाकर स्वरोजगार और आर्थिक स्थिति ठीक करने और प्रबंधन पर ध्यान देने को कहा। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अरूण प्रताप सिंह ने पशुपालकों को गर्मी के मौसम में कैसे रख रखाव करना है इसकी जानकारी के साथ-साथ विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया।

भजन संध्या और चइता गायन का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। चैत्र मास में प्रभु श्रीराम के अवतरण को लेकर बुधवार संध्या सात बजे से लेकर देर रात तक डीएसपी रोड सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के समीप अजय प्रसाद के आवास में भजन संध्या एवं चईता गायन का आयोजन किया गया। जहां श्री महावीर कीर्तन मंडली लक्ष्मण नगर तथा घाटो बगीचा कीर्तन मंडली के संयुक्त तत्वावधान में भव्य रूप से कार्यक्रम किया गया, लोग भाव विभोर हुए। सर्व प्रथम प्रभु श्रीराम के चित्र पर पुष्प, जल एवं प्रसाद अर्पित कर तथा दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत व्यास रामजी तिवारी के द्वारा श्रीगणेश वंदना से किया गया। उसके पश्चात लोहा सिंह, सचिदानंद सिंह, ओम गुप्ता और हरेंद्र गिरी के द्वारा कई पारम्परिक भजन तथा चईता गाना प्रस्तुत कर लोगों को भाव विभोर कर दिया।

गेट टु गेदर क्रिकेट मैच का हुआ शुभारंभ

उद्घाटन मैच में एलिट 11 की टीम रही विजयी

आजाद सिपाह संवाददाता

गुमला। शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम गुमला में आइपीएल की तर्ज पर आयोजित गेट टू गेदर सीजन 5 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला परिषद की उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दीप नारायण उरांव, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा, मुनेश्वर साहू, जितेंद्र कुमार सिंह और शशि प्रिय बंटी ने किया। वही उद्घाटन मैच जेएमडी बनाम एलीट 11 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एलीट 11 की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 99 रन बनाये। जिसमें आयुष राज ने सर्वाधिक 27 बॉल में 65 रन और मनोज साहू ने 13 बॉल पर 17 रन की पारी खेली। वहीं लक्ष्मी ने दो विकेट झटके। जवाबी पारी खेलने उतरी जेएमडी की पूरी टीम निर्धारित ओवर में 5 विकेट पर 85 रन बना सकी। जेएमडी की ओर से एकलव्य ने 20 और मितराज ने 21 रन की पारी खेली। एलिट 11 की ओर से सुनील और अजय ने दो-दो विकेट झटके। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए एलिट 11 के आयुष राज को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से मनीष हिंदुस्तान, बबलू वर्मा, विकास कुमार, दुर्जय पासवान, रोहित उरांव, कुंदन कुमार, आयोजन समिति के ओमशंकर सिंह, मनोज चौधरी, लाल शेखरनाथ शाहदेव, सिद्धेश्वर सिंह, सौरभ कुमार अंकित, शशि रंजन, पुनीत सोनी, विनीत नाग, शुभम सिंह, आनंद भारती सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बारिश के कारण हिंदुस्तान हीरोज और महाराजा का मैच स्थगित

बारिश के कारण हिंदुस्तान हीरोज बनाम महाराजा का मैच स्थगित कर दिया गया। मौसम सामान्य रहने पर का मैच पूर्व निर्धारित समय के अनुसार शुरू होगा।

प्रखंड समन्वयक ने लाभुकों को आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया

गुमला (आजाद सिपाही)। अल्बर्ट एक्का जारी प्रखंड अंतरगत मेराल पंचायत में 10 अप्रैल 2025 को प्रखण्ड समन्वयक कमलेश बारला, पंचायत सचिव विनोद उरांव ने क्षेत्र भ्रमण कर सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना -पीएम जनमन के तहत आदिम जनजाति के आवास लाभुक संतु कोरवा, मुन्ना कोरवा, भूलन कोरवा, सुशीला कोरवा, राजमणि देवी, नंदू कोरवा, पूरन कोरवा, बालमुनि देवी, दीपक कोरवा, बसंती देवी, राधा देवी, देवसाय कोरवा, चिंतामणि देवी, बुधराम कोरवा, पुनीता देवी कों जल्द आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने हेतु प्रेरित किया।

स्पोर्ट्स

26 अप्रैल से खेले जायेंगे पांच मुकाबले। पर्थ हॉकी स्टेडियम में 26 अप्रैल से 4 मई तक होंगे सभी मैच। भारतीय टीम 1, 3 और 4 मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ उतरेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए तैयार

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से शुरू होने जा रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पूरी तरह तैयार है। इस दौरे के दौरान भारत पांच मैच खेलेगा, जिनमें दो मुकाबले ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ होंगे, जबकि तीन मैच वर्ल्ड नंबर-5 ऑस्ट्रेलिया सीनियर टीम से होंगे।

दौरे की शुरूआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ बैक-टू-बैक मैचों से होगी। इसके बाद भारतीय टीम 1, 3 और 4 मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ उतरेगी। ये सभी मुकाबले पर्थ हॉकी स्टेडियम में खेले जायेंगे।

एफआईएच वर्ल्ड रैंकिंग में भारतीय महिला टीम फिलहाल 9वें स्थान पर है और हाल ही में भुवनेश्वर में वर्ल्ड नंबर-1 नीदरलैंड्स के खिलाफ 2-2 ड्रॉ और शूटआउट में जीत के बाद टीम का आत्मविश्वास बुलंद है। यह प्रदर्शन एफआईएच प्रो लीग के होम लेग का शानदार अंत रहा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बीते मुकाबलों में भारत का मनोबल बढ़ा

पिछली बार जब भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमें आमने-सामने आई थीं, तब भारत ने प्रो लीग 2023-24 में 1-0 से जीत दर्ज की थी। वहीं, टोक्यो ओलंपिक्स 2021 में भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराकर इतिहास रच दिया था। हालांकि, 2022 के कॉमनवेल्थ गेम्स के सेमीफाइनल में मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा था, लेकिन शूटआउट में ऑस्ट्रेलिया विजेता रहा था।

इतिहास की बात करें तो 2013 के बाद से अब तक दोनों टीमों के बीच 16 मुकाबले हुए हैं, जिनमें से 10 बार ऑस्ट्रेलिया को जीत मिली है, जबकि भारत ने 3 मैच जीते हैं और 3 मुकाबले ड्रॉ रहे हैं।

भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने इस दौरे को टीम की तैयारियों के लिए अहम बताया। उन्होंने कहा कि यह दौरा यूरोप में होने वाले एफआइएच प्रो लीग के अगले चरण की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण है। ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलना हमारे खिलाड़ियों की परीक्षा लेगा और यह जानने का मौका देगा कि हम कहां खड़े हैं। कहा कि हाल के वर्षों में हमने दिखाया है कि हम ऑस्ट्रेलिया जैसी बड़ी टीमों के खिलाफ बराबरी की टक्कर दे सकते हैं। टीम इस समय बेंगलुरु में चल रहे कैंप में कड़ी मेहनत कर रही है और रणनीति को धार देने पर फोकस है।

ऋतुराज चोट के कारण आइपीएल के पूरे सत्र से बाहर, धोनी करेंगे कप्तानी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। टीम अब तक खेले पांच मैचों में से केवल एक मैच में जीत दर्ज कर सकी है, जबकि चार मैचों में उसे हार का सामना करना पड़ा है। इस बीच कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ चोट के कारण इस सत्र से बाहर हो गये हैं। उनकी जगह एक बार फिर दिग्गज विकेटकीपर और बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी को टीम की कप्तानी सौंपी गयी है। वह अब गायकवाड़ की जगह आगामी मैचों में टीम का नेतृत्व करते नजर आयेंगे।

कुर्राग में वज्रपात से वृद्ध की मौत

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरडीह पंचायत क्षेत्र के कुर्राग गांव में वज्रपात से 62 वर्षीय वृद्ध रतिया उरांव की मौत हो गयी। रतिया दो वर्ष पूर्व भूमि संरक्षण विभाग से सेवानिवृत्त हुआ था। वह गांव में ही रहता था। गुरुवार की दोपहर आंधी पानी के साथ हुए वज्रपात हुई। वज्रपात के चपेट में आने से रतिया जख्मी हो गया। जिसे इलाज के गुमला सदर अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर से मृत घोषित कर दिया।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 11 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in

व्हट्सएप पर अश्लील चैट और ग्राहकों का वीडियो बनाकर सेक्सटॉर्शन के जरिये ठगी

साइबर पुलिस ने किया गिरोह का खुलासा, तीन महिलाओं के साथ मास्टरमाइंड गिरफ्तार

दूसरी पत्नी के साथ मिलकर कॉल सेंटर की आड़ में कर रहा था सेक्सटॉर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

पत्रकारों को जानकारी देते साइबर डीएसपी संजीव कुमार एवं अन्य अधिकारी।

धनबाद। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के राजेंद्र मार्केट स्थित एक मकान में साईबर पुलिस ने छापामारी कर व्हट्सएप पर अश्लील चैट और ग्राहकों का वीडियो बनाकर सेक्सटॉर्शन के माध्यम से ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन महिलाओ और एक पुरुष को गिरफ्तार किया गया। उनके पास से 14 मोबाईल फोन, 18 सीम जिसमे एक प्रतिबिंब प्लाटेड सिम भी बरामद किया गया है। आरोपित की पहचान मनीष कुमार उर्फ मोंटी भईया के रूप में हुई है। इसकी जानकारी साईबर डीएसपी संजीव कुमार ने दी। वे गुरुवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि एसएसपी के निर्देशानुसार गुप्त सूचना के आधार पर बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के राजेंद्र मार्केट स्थित एक मकान में छापामारी की गई। जहां से सरगना के मास्टर माइंड मनीष सहित तीन महिलाओं को साईबर ठगी करते रंगे हाथों पकड़ा गया। पूछताछ में सामने आया कि सरगना द्वारा कॉल सेंटर चलाया जा रहा था। जिसमें अश्लील चैट और अश्लील वीडियो बनाकर ग्राहकों से ठगी करते थे। पूछताछ में यह भी सामने आया है कि इस काम में कई लड़कियों को जोड़ा गया था। गिरफ्तार मनीष अपनी दूसरी पत्नी को इस फ्रॉड के काम में शामिल कर रखा था, जो सिम उपलब्ध कराना, पैसे बांटने का हिसाब किताब और ठगी के काम में लड़कियों को जोड़ने का काम करती थी। हालांकि आरोपी की पत्नी फिलहाल साईबर पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इस काम में लगी लड़कियों को दिन भर के काम में 50 फीसदी की राशि दी जाती थी। जबकि 50 प्रतिशत राशि मोंटी भईया रखता था। गिरफ्तार मोंटी धनबाद के पुराना बाजार दरी मोहल्ला का रहनेवाला है। डीएसपी ने बताया कि पोर्टल पर दर्ज प्लाटेड नंबर से पंजाब के रहनेवाले एक व्यक्ति से 40 हजार की ठगी की गई थी। पकड़ी गई तीनों लड़कियां धनबाद के केंदुआ, गोधर और बैंक मोड़ इलाके की रहने वाली है, जो मनीष के कहने पर ग्राहकों को फंसाने का काम करती थी। फिलहाल सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं मनीष गुप्ता की पहली पत्नी से इस संबंध में पूछताछ के दौरान कुछ भी हाथ नहीं लगा। पुलिस ने उसे निर्दोष बता रही है, जबकि दूसरी पत्नी इस मामलें में पूरी तरह से शामिल है। वहीं राजेंद्र मार्केट में मकान मालिक की भूमिका भी संदिग्ध बताई जा रही है और उसकी भी तलाश पुलिस ने शुरू कर दी है।

आठ घंटे हड़ताल के बाद काम पर लौटे डॉक्टर, ठप रही इमरजेंसी सेवा

- सर्पदंश की शिकार बच्ची की मौत के बाद उग्र परिजनों-लोगों ने की थी चिकित्सा कर्मियों के साथ मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। कोयलांचल के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच) में बुधवार की देर रात एक मरीज की मौत के बाद आक्रोशित परिजनों-लोगों ने एक सीनियर डॉक्टर की पिटाई कर दी। इससे नाराज होकर सभी डॉक्टरों ने रात दो बजे से ही हड़ताल कर दिया। इस कारण करीब आठ-नौ घंटे तक अस्पताल में आपातकालीन सेवा ठप हो गई। इस दौरान गंभीर मरीजों को भी अस्पताल में दाखिला नहीं मिला। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे तक डॉक्टरों की जारी रही, जिस कारण बड़ी संख्या में मरीजों को बैरंग लौटना पड़ा। अस्पताल की ओपीडी सेवा भी कुछ घंटे तक बाधित हुई। बाद में मेडिकल कॉलेज के सुपरिंटेंडेंट डीके गिंदौरियां के समझाने-बुझाने पर डॉक्टर काम पर लौटे। जिसके बाद अस्पताल में सभी विभागों में सामान्य स्थिति बहाल हो सकी।

जानकारी के मुताबिक बुधवार को धनसार थाना क्षेत्र अंतर्गत मनईटांड़ निवासी सर्पदंश की शिकार एक बच्ची को अस्पताल के शिशु रोग विभाग में दाखिल कराया गया था। हालांकि इलाज के दौरान रात में ही बच्ची की मौत हो गई। इस पर उसके परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। कई लोग मौके पर जुट आए और डिपार्टमेंट के एक सीनियर रेजिडेंट से बहस करते हुए उनकी पिटाई कर दी। इसकी सूचना पाकर सरायढेला थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया गया। इधर, जब अस्पताल के डॉक्टरों को सीनियर रेजिडेंट के साथ मारपीट की जानकारी मिली तो उन्होंने रात दो बजे से अपनी सेवाएं बंद कर दीं। हड़ताल करने वाले डॉक्टर मारपीट करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि आए दिन डॉक्टरों के साथ मारपीट और बदसलूकी की घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में जब तक उन्हें पर्याप्त सुरक्षा नहीं दी जाती, तब तक वे काम पर नहीं लौटेंगे। हालांकि अब सब कुछ सामान्य हो गया है।

श्री दिगंबर जैन मंदिर में धूमधाम से मनी महावीर जयंती, निकली भव्य शोभा यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। मटकुड़िया के कतरास मोड़ स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में गुरुवार को भगवान महावीर का 2624 वां जन्म जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। साशन नायक बाल ब्रह्मचारी 1008 भगवान महावीर की शोभा यात्रा में महावीर स्वामी रथ पर बैठाकर श्री दिगंबर जैन बड़ा मंदिर से धूमधाम से गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गयी। भगवान महावीर का प्रमुख संदेश जियो और जीने दो के नारे गुंजायमान हुए। जैन धर्मावलंबियों ने सभी प्राणी को जीने का संदेश दिया। रथ यात्रा में धनबाद दिगंबर जैन समाज के सभी लोग एकत्रित हुए। भगवान को रथ में बैठाकर सुकुमाल जैन खवासी के रूप में एवं सारथी संजय-मनोज जैन, धनबाद और खजांची रमेश जैन, प्रथम इंद्राणी उत्सव जैन और द्वितीय आरोही जैन, तृतीय इंद्राणी-परिसंका जैन एवं चतुर्थ इंद्राणी मेंघा जैन बनी। इस प्रकार सभी इंद्र में सोनू-संजय जैन एवं आलोक-सौरभ राजकुमार जैन, मनोज जैन, मनीष जैन, अरविंद, महेंद्र, संतोष, सत्येंद्र, मनन, दियान, अभिषेक, सुभम, अनिल झरिया, रजत, विकास, प्रीति जैन, बबिता जैन, स्मृति जैन, तृप्ति जैन, वंदना, सुषमा, ललिता जैन, अर्चना जैन, रिद्धि, हिना, ज्योति जैन, स्नेहा, मीना और सोनिया आदि जैन समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रथा यात्रा कतरास रोड से शुरू होकर सभी जैन परिवारों के आवास के बाहर आरती करते हुए एवं फल-शरबत का वितरण करते हुए बैंक मोड़ तक पहुंची। वहां से पुनः वापस आकर श्री मंदिर जी में भगवान जी का अभिषेक किया गया।

आरसीएमयू का विभिन्न मांगों को लेकर खुदिया कोलियरी गेट पर धरना-प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

निरसा। खुदिया कोलियरी गेट पर गुरुवार को राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन (आरसीएमयू) की ओर से सात सूत्री मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसका नेतृत्व आरसीएमयू ईसीएल रीजनल समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने किया। धरना में आरसीएमयू के संयुक्त महामंत्री बैभव सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं, बड़ी संख्या में यूनियन कार्यकर्ता एवं मजदूर आंदोलन में शामिल हुए। धरना स्थल पर वरीय यूनियन नेता डॉ संतोष राय, अर्जुन भूइयां, कोलियरी अध्यक्ष संतोष कुमार, सचिव अजय कुमार, रामानुज सिंह, बिजेंद्र शर्मा, सत्येंद्र कुमार, राजन कुमार, चुरामन राय, संजीत सिंह, सुमित बाउरी, बिहारी कुमार, विनोद बाउरी, धनंजय बाउरी, सुनील चौहान, परमवीर चौहान, धुरवा बीपी, साजीद अंसारी आदि उपस्थित थे। धरना के बाद एक प्रतिनिधिमंडल को परियोजना पदाधिकारी ने वार्ता के लिए आमंत्रित किया। वार्ता सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई, जिसमें परियोजना पदाधिकारी द्वारा मजदूरों की मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया गया। आरसीएमयू ने चेतावनी दी कि जल्द ही मांगों पर अमल नहीं किया गया और एक सप्ताह के अंदर मिनट्स नहीं मिला तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

गायत्री महायज्ञ को लेकर निकाली गयी 1001 कलश शोभा यात्रा

राजगंज (आजाद सिपाही)। गायत्री परिवार की ओर से तीन दिवसीय 51 कुंडिय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ को लेकर गुरुवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। जो हरिहर धाम मंदिर लाल बाजार यज्ञ परिसर से शुरू होकर राजगंज मोड से थाना कुल्ही होते हुए दलूडीह पुल के पास से हटिया होते मेराकुली पहुंची। वहां से वापस यज्ञ स्थल हरिहर धाम मंदिर पहुंची। इस शोभायात्रा में 1001 कलशों के साथ युवतियां-महिलाएं शामिल रही। गायत्री माता के जयकारे से पुरा क्षेत्र गूंज रहा था। इस महायज्ञ में प्रतिदिन योग, देव पूजन, योग संगीत एवं प्रवचन आदि शामिल है। कार्यक्रम को सफल बनाने में यज्ञ समिति के सदस्य जुटे हैं।

कथारा पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

कथारा/बेरमो (आजाद सिपाही)। कथारा ओपी पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। उसकी पहचान गोमिया थाना के कथारा ओपी क्षेत्र के आसनापनी गांव निवासी फुरकान अंसारी के रूप में हुई है। ओपी थाना प्रभारी राजेश प्रजापति ने बताया की कथारा ओपी में 24 मई 2024 को भादवि की धारा 379, 414, 413 और 34 के तहत प्रथिमिकी अभियुक्त सह वारंटी के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू वारंट निर्गत था। जो फरार चल रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

बाबा श्री विश्वनाथ मंदिर को चोरों ने बनाया निशाना, दानपेटी लेकर भागे

धनबाद (आजाद सिपाही)। शहर के सदर थाना क्षेत्र स्थित हिल कॉलोनी में बुधवार की रात चोरों ने बाबा श्री विश्वनाथ मंदिर को अपना निशाना बनाया। चोरों ने वहां से हजारों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। जानकारी के मुताबिक चोर मंदिर की दानपेटी लेकर चंपत हो गए। इसकी जानकारी मंदिर के पुजारी को गुरुवार की सुबह हुई। जिसके बाद पुजारी मौके पर पहुंचे। उन्हें मंदिर से लगभग 20 मीटर की दूरी पर दानपेटी फेंकी मिली। वहीं पास में ही ताला भी बरामद हुआ, जिसे काटा गया था। पत्रकारों से बातें करते हुए पुजारी संतोष कुमार ने बताया कि दानपेटी पिछले दो वर्षों से नहीं खुली थी। जिसमें लगभग 10 से 15 हजार रुपए थे। मंदिर के पुजारी ने यह भी कहा कि देर शाम से ही असामाजिक तत्वों का जमावड़ा मंदिर के पास लगा रहता है। बताते चलें कि रेलवे सुरक्षा विशेष बल का बैरक भी मंदिर के समीप ही है।

मनईटांड़ बस्ती में 13 से चड़क पूजा की शुरुआत, 15 को मेला

धनबाद (आजाद सिपाही)। मनईटांड़ बस्ती भोक्ता मंदिर समिति की ओर से तीन दिवसीय चड़क पूजा का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में गुरुवार को मंदिर परिसर में संवाददाता सम्मेलन की गयी, जिसकी अध्यक्षता समिति के सचिव बलराम महतो ने किया। नेतृत्व पूजा समिति के कोषाध्यक्ष नागेश्वर महतो ने किया। उन्होंने बताया कि पूजा की शुरूआत 13 अप्रैल को संजोत सह फलाहार किया जाएगा। जबकि 14 अप्रैल को उपवास एवं रात में भक्ति जागरण का आयोजित होगा। वहीं, 15 अप्रैल को मंदिर परिसर में मेला लगेगा। अंतिम दिन 16 अप्रैल को पारण किया जाएगा। बताया गया कि चड़क पूजा का आयोजन करीब 100 वर्षों से हो रही है। जिसमें करीब 350 शिव भक्त अपने शरीर पर कील चुभोकर भोक्ता खूंटा में घूमकर आस्था का परिचय देते हैं और हजारों लोगों मेला का आनंद लेते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर समिति के अध्यक्ष सह मदन महतो, उपाध्यक्ष अरुण चंद्र महतो, वार्ड नंबर 30 के पार्षद प्रतिनिधि मुकेश महतो, सह सचिव जयलाल महतो, पप्पू महतो, रवि सोनी, बड़े महतो, दिनेश महतो, धनंजय महतो, रंजीत रवानी, विकेश भगत, राहुल कुशवाहा, राजेंद्र महतो आदि तैयारियों में जुटे है।

अवैध कोयला तस्करी रोकने सड़क पर उतरे ग्रामीण, वाहनों में की तोड़फोड़, किया हंगामा

धनबाद (आजाद सिपाही)। कोयला तस्करी रोकने के लिए गुरुवार को ग्रामीण सड़क पर उथर आये। बरवाअड्डा थाना अंतर्गत कसियाटांड में कृष्ण सिंह नामक व्यक्ति द्वारा कोयला डिपो संचालन किया जा रहा था। जिसपर ग्रामीणों ने हमला बोल दिया। कोयला लोड कर निकल रही ट्रक में तोड़फोड़ की। फिर उग्र ग्रामीणों ने डिपो में वजन के लिए लगा कांटा सहित अन्य सामानों में तोड़ा किया। इसकी सूचना पाकर बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए उनकी फजीहत कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के ही कृष्ण सिंह कई एकड़ गैराबाद जमीन को हड़प लिया। इसमें लगे हजारों पेड़ काट दिया और उस जमीन को घेर लिया है। अब एक नंबर कोयला के नाम पर अवैध कोयला कारोबार कर रहा है। साइकिल, मोटरसाइकिल, ट्रेक्टर, पिकअप से कोयला डिपो में गिराया जाता है फिर ट्रक से बाहर भेजा जाता है। इसकी शिकायत हमलोगों ने पुलिस, अंचल कार्यालय और वन विभाग को भी किया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। कहा कि ग्रामीण रास्ता में कोयला लोड वाहन चलने से दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। वहीं, थाना प्रभारी ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा कोयला लोड ट्रक को रोका गया है जिसे जब्त कर थाना ले जाया जा रहा है। ग्रामीणों ने सरकारी जमीन हड़पने और पेड़ काटने का भी आरोप लगाया है सभी की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

सालासर बालाजी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू

कतरास (आजाद सिपाही)। शहर के पंचगढ़ी बाजार नदी किनारे स्थित सालासर बालाजी मंदिर का तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान गुरुवार से शुरु हुआ। पंडित रासबिहारी शर्मा, बांके बिहारी शर्मा, राजबिहारी शर्मा ने संयुक्त रूप से यजमान चौधरी परिवार की ओर से नेतृत्व कर रहे सुशील कुमार चौधरी पत्नी सरोज देवी ने पूजा अर्चना कराया। इससे पहले आचार्यों ने कलश स्थापना करायी। इसके बाद सालासर बालाजी, श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण, हनुमान जी, मां लक्ष्मी एवं श्रीगणेश की प्रतिमा का जलाधिवास, पुष्पाधिवास, घृताधिवास किया गया। वहीं मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा का पाठ, गणेश मंत्र का जाप शुरू हुआ। जिसमें निरंजन पांडेय, पवन उपाध्याय, ऋषिकेश मिश्रा, दिलीप पांडेय, पवन पाठक, सत्यनारायण पाठक, उत्तम उपाध्याय, श्रवण पाठक, प्रकाश उपाध्याय आदि शामिल थे।

धनबाद के सांसद से मिलकर सौंपा मांगपत्र

मजदूरों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहूंगा : ढुल्लू महतो

झरिया/जोरापोखर (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के महामंत्री अवधेश कुमार एवं सेल जीतपुर कोलियरी शाखा सचिव रंजीत कुमार यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो से मुलाकत की। इस दौरान सेल प्रबंधन के जीतपुर खदान को बंद करने के निर्णय को वापस लेने एवं खदान को शीघ्र चालू कराने सहित चार सूत्री मांग पत्र सौंपा। कहा गया कि वर्षों से उत्पादन एवं उत्पादकता में उत्कृष्ट कार्य एवं बेहतर प्रदर्शन कर रहे सेल जीतपुर कोलियरी को आनन-फानन में बंद करने का निर्णय अप्रसांगिक और असंवैधानिक है। यह वित्तीय गड़बड़ी को छिपाने की सुनियोजित साजिश है, जबकि खदान के अंदर लगे मोटर पंप, कोयला फेस एवं सुरक्षा के सभी उपकरण ठीक है। प्रबंधन के इस तुगलकी फरमान और जनविरोधी कृत से सैकड़ों ठेका श्रमिकों के समक्ष विकट समस्या उत्पन्न हो जायेगी। उन्होंने सेल जीतपुर खदान को बंद करने का निर्णय वापस लेन, पेंशन और अन्य मद की राशि अप्रैल महीने तक का निष्पादन कराने, खदान को चालू रखने के लिए माइनिंग विशेषज्ञ कुमार उपेन्द्र को वापस बुलाने, सिंफर एवं डीजीएमएस के कुशल नेतृत्व में खदान का गहन भौतिक निरीक्षण सुनिश्चित कर सुरक्षित संचालन करने और जांच पूरी होने तक खदान को यथास्थिति में रखने की मांग की है। इस पर सांसद ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। कहा कि मजदूरों की समस्याएं के समाधान के लिए तत्पर रहूंगा।

कतरास में शांतिपूर्ण रामनवमी संपन्न कराने वालों को किया गया सम्मानित

कतरास (आजाद सिपाही)। शांतिपूर्ण रामनवमी संपन्न होने पर गुरुवार को रानी सती दादी मंदिर में अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों एवं बेहतर खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कतरास थानेदार असित कुमार सिंह ने सम्मानित किया। कतरास थानेदार ने कतरास अखाड़ा समिति और शांति समिति के सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया। वहीं, कतरास बाजार चेंबर ऑफ कॉमर्स ने कतरास थानेदार असित कुमार सिंह, मनोज कुमार, सत्येंद्र चौबे, धनंजय कुमार को मेमोंटो देकर सम्मानित किया। इनके अलावा अखाड़ा समिति के कृष्ण कुमार शर्मा, महेंद्र भगत, लक्ष्मण सिंह, मुकेश सिंह, तारा सिंह, नंदकिशोर ग्रुप, राजेंद्र प्रसाद, सूरज भुइयां, चुनचुन गुप्ता, शंकर जायसवाल, रवि यादव, भोलानाथ महतो, विक्की सिंह आदि शामिल है। इस मौके पर मो शहाबुद्दीन, मासूम खान, प्रदीप पांडेय, श्याम कांत गुप्ता, अशोक लाल, प्रिंस शर्मा, कमलेश सिंह, उदय वर्मा, पिंटू दे, रंजीत पांडे, विष्णु चौरसिया आदि मौजूद थे।

49 ग्राम सोने के आभूषण और दो लाख रुपये से अधिक की नकदी ले जा रही कार दुर्घटनाग्रस्त

सोरो (आजाद सिपाही)। बालासोर जिले के गोपालपुर थाना अंतर्गत जूनिया बाजार के पास एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है, जिसमें 49 ग्राम सोने-चांदी के आभूषण और 2.40 लाख रुपये की नकदी है। एक कार में तीन लोग सवार होकर जा रहे थे, दो लोग बाइक पर उनका पीछा कर रहे थे। चालक ने देखा कि उनका पीछा किया जा रहा है, तो उसने गाड़ी को तेजी से भगा दिया। दुर्भाग्य से, तेज गति के कारण कार दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गाड़ी को जब्त कर उसमें सवार दो अन्य लोगों को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया यह संदेह है कि कार में सवार तीन लोगों ने किसी से लूटपाट की है।

73वीं अखिल भारतीय पुलिस हॉकी चैंपियनशिप के तीसरे दिन सात मैच खेले गये

अतिथियों ने खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। कलिंगा स्टेडियम में चल रही 73वीं अखिल भारतीय पुलिस हॉकी चैंपियनशिप के तीसरे दिन सात मैच खेले गये। बुधवार को पहला मैच चंडीगढ़ और उत्तराखंड पुलिस के बीच खेला गया। इस मैच में उत्तराखंड ने चंडीगढ़ पुलिस को 9-0 के अंतर से हराया। दूसरा मैच आइटीबीपी और राजस्थान पुलिस के बीच खेला गया। इस मैच में आइटीबीपी की टीम राजस्थान पुलिस टीम से 8-3 गोल के अंतर से हार गयी। इसी प्रकार तीसरा मैच मणिपुर और झारखंड पुलिस के बीच खेला गया। इस मैच में मणिपुर की टीम झारखंड पुलिस टीम से 3-1 गोल के अंतर से हार गयी। चौथा मैच पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ पुलिस के बीच खेला गया। इस मैच में पश्चिम बंगाल ने छत्तीसगढ़ पुलिस टीम को 6-3 गोल के अंतर से हरा दिया। पांचवां मैच एसएसबी और गुजरात महिला पुलिस टीम के बीच खेला गया। इस मैच में एसएसबी महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुजरात महिला पुलिस को 17-0 के अंतर से हराया। पांचवां मैच एसएसबी और गुजरात महिला पुलिस टीम के बीच खेला गया था। इस मैच में एसएसबी महिला टीम ने शानदार खेल दिखाया और गुजरात महिला पुलिस को 17 गोल से 0 से हराया। इसी प्रकार छठा मैच घरेलू ओडिशा और उत्तर प्रदेश पुलिस टीमों के बीच खेला गया। इस मैच में उत्तर प्रदेश ने घरेलू ओड़िशा पुलिस टीम को 2-1 गोल से हरा दिया। दिन का सातवां और अंतिम मैच जम्मू-कश्मीर पुलिस और गुजरात पुलिस के बीच खेला गया। इस मैच में जम्मू-कश्मीर पुलिस टीम ने गुजरात पुलिस टीम को 18-0 के अंतर से हराया। उच्च शिक्षा विभाग के प्रशासनिक सचिव अरविंद अग्रवाल, वित्त विभाग के प्रधान सचिव शाश्वत मिश्र, बिजेलेंस निदेशक यशवंत जेठवा, अतिरिक्त आरक्षी महानिदेशक (कानून और व्यवस्था) संजय कुमार, पुलिस आयुक्त (भुवनेश्वर-कटक) देवदत्त सिंह, अतिरिक्त आरक्षी महानिदेशक (मुख्यालय) और आयोजन समिति के उपाध्यक्ष दयाल गंगवार, अतिरिक्त आरक्षी महानिदेशक (सशस्त्र) और आयोजन समिति के उपाध्यक्ष राजेश कुमार, आइजी (प्रशिक्षण) आयोजन समिति के सचिव अनूप कुमार साहू प्रमुख ने विभिन्न मैचों में मुख्य अतिथि थे और उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

नकली नोटों के रैकेट का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। ओड़िशा के बलांगीर जिले में आज नकली नोटों के एक गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। एसटीएफ के डीआइजी पिनाक मिश्रा ने गुरुवार को बताया कि एसटीएफ ने 49,000 रुपये के नकली नोट जब्त किये हैं। इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान टिटलागढ़ पुलिस स्टेशन के अंतर्गत रघुनाथपाड़ा निवासी मोहम्मद साबिर (45) और टिटलागढ़ क्षेत्र के सिकिर निवासी नेत्र राउत (44) के रूप में हुई है। पुलिस ने छापेमारी कर उपरोक्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 49 हजार रुपये के जाली भारतीय मुद्रा नोट (एफआइसीएन) और अन्य आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद की गयी।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (विधुत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
ई-निविदा संख्या : GEM/2025/B/6122680, dated 08.04.2025.
1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि : धनबाद मंडल के बरकाकाना, पतरातू, राय, खलारी और बरवाडीह स्टेशनों पर लोकोमोटिव में आर डी एस ओ विनिर्देश सं. ("850/425 (ग्रेड 'C') के IS 1987 – 2002 के टेबल क्लॉज़ 11.3) के अनुसार 02 वर्षों के लिए बालू की आपूर्ति और भरने हेतु। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹83,82,356.40, 3. अग्रधन राशि : ₹1,67,700.00, 4. ई-निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय : ई-निविदा का बंद होना : 29.04.2025 को 18:00 बजे। ई-निविदा का खुलना : 29.04.2025 को 18:30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण : वेबसाईट : http://gem.gov.in विशेष : ई-निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विधुत/परि.)/
पूमरे/धनबाद
पीआर/0070/डीएचएन/विद्युत/टी/25-26/36



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**